e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 123
रविवार
07.05.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
आप सही है ये कोई ध्यान नहीं रखते लेकिन आप कब गलत थे ये सभी याद रखते हैं।




**रांची का तापमान**
अधिकतम $30^{0}$
न्युनतम $18^{0}$

## क्विक न्यूज

### लातेहार मंडल कारा में विचाराधीन कैदी को आया मिर्गी का दौरा, मौत

**लातेहार :** मंडल कारा में बंद विचाराधीन कैदी सेन्धु मुंडा की शनिवार को सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसे मिर्गी का दौरा पड़ा था। सेन्धु मुंडा चंदवा के हेसला गांव का रहने वाला था। वह 4 दिन पूर्व चंदवा प्रखंड में डायन बिसाही के शक में दंपति हत्याकांड का आरोपित था। इसी मामले में 4 दिन पहले वह जेल में आया था। बताया जाता है कि शनिवार की सुबह उसे मिर्गी का दौरा आया और वह बेहोश हो गया। जेल के अस्पताल में इलाज के बाद उसे सदर अस्पताल में रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। लातेहार सदर अस्पताल में पदस्थापित डॉक्टर श्रवण महतो ने बताया कि कैदी को मिर्गी का दौरा पड़ा था, जिससे उसकी मौत हुई है।

### सरायकेला में महिला होमगार्ड की गोली मारकर हत्या

**सरायकेला :** सरायकेला-खरसावां जिले के कुचाई थाना क्षेत्र अंतर्गत कल्याण अस्पताल के सामने बदमाशों ने दुकान चलाने वाली एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार कुचाई की नम्रता सामड़ (35) झारखंड होमगार्ड की कॉन्स्टेबल थी। बीते शुक्रवार की रात करीब आठ से नौ के बीच वह दुकान को बंद कर करने के लिए सामान समेट रही थी। इसी दौरान किसी बदमाश ने नम्रता के सिर पर पीछे से गोली मार दी। पुलिस ने घटनास्थल से हत्या में प्रयुक्त देसी कट्टा भी बरामद किया है। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन उसे लेकर कुचाई स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही वह दम तोड़ चुकी थी। बाद में कुचाई थाना प्रभारी विष्णु चरण भोक्ता ने कुचाई सीएचसी पहुंच कर मामले की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि नम्रता को उसके दुकान में किसी अज्ञात व्यक्ति ने देशी कट्टा से गोली मारी है, जिससे उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।



### जमीन घोटाला मामले में रांची के पूर्व डीसी व समाज कल्याण निदेशक छवि रंजन पर गिरी गाज

# छवि रंजन सस्पेंड

### 12 मई तक ईडी की रिमांड पर लिए गए आईएएस छवि रंजन

### ईडी ने 10 दिनों की मांगी थी रिमांड

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** जमीन घोटाला मामले में पूर्व उपायुक्त छवि रंजन को निलंबित कर दिया गया। इस संबंध में शनिवार को राज्य सरकार कार्मिक विभाग की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई। जारी आदेश में कहा गया है कि विधि के द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद पूर्व उपायुक्त छवि रंजन को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।वर्तमान में छवि रंजन समाज कल्याण विभाग में निदेशक के पद पर थे, उनके पास सामाजिक सुरक्षा के निदेशक और निःशक्तता आयुक्त का भी अतिरिक्त प्रभार था. इधर शनिवार को सुबह पूर्व उपायुक्त छवि रंजन को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इससे पहले शुक्रवार को ईडी के द्वारा सीएस सुखदेव सिंह को छवि रंजन की गिरफ्तारी की अधिकारिक तौर पर जानकारी दी गई थी। प्रवर्तन निदेशालय के आग्रह पर ईडी की विशेष अदालत ने आईएएस अधिकारी छवि रंजन से पूछताछ के लिए 6 दिनों की रिमांड मंजूर कर ली है. अब ईडी 12 मई तक जमीन घोटाले में छवि रंजन से पूछताछ करेगी. गौरतलब है कि 4 मई को जमीन घोटाले में संलिप्तता पाए जाने के बाद रांची के पूर्व डीसी आईएएस अधिकारी छवि रंजन को गिरफ्तार कर लिया गया था. शनिवार को दोबारा पेशी के बाद

आईएएस छवि रंजन को गिरफ्तार करने के बाद ईडी ने उन्हें 5 मई को ईडी के विशेष अदालत में पेश किया था ,जहां से अदालत ने उन्हें न्यायिक हिरासत में रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया था. 5 मई को ही ईडी ने अदालत से छवि रंजन को रिमांड पर लेने के लिए आवेदन दिया था. अवकाश रहने की वजह से रिमांड की मंजूरी शनिवार की सुबह मिली. ईडी की तरफ से 10 दिनों की रिमांड मांगी गई थी लेकिन अदालत ने 6 दिनों का रिमांड ही मंजूर किया. अब छवि रंजन से 12 मई तक पूछताछ करेगी.



#### कार्मिक विभाग ने जारी की अधिसूचना

कार्मिक विभाग की अधिसूचना में कहा गया है कि रांची में मौजूद ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय की टीम ने धन शोधन निरोधक अधिनियम 2002 की धारा 19 के तहत आईएएस छवि रंजन को गिरफ्तार किया है. इस आलोक में अखिल भारतीय सेवाएं अनुशासन एवं अपील नियमावली 1969 के नियम 3 (3) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है. अधिसूचना में इस बात का भी जिक्र है कि नीलम दिन की अवधि में हिरासत से मुक्त होने के बाद सभी रंजन को कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के मुख्यालय में योगदान देना होगा. इस दौरान अखिल भारतीय सेवाएं अनुशासन एवं अपील नियमावली 1969 के नियम 4 (i) के तहत जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा.

कोर्ट ने ये फैसला सुनाया है. एक दिन पहले ईडी ने कोर्ट से छवि रंजन को 10 दिन की रिमांड पर देने का आग्रह किया था. कोर्ट ने सिर्फ 6 दिन की रिमांड मंजूर की है. जांच एजेंसी ने रिमांड पर लेने के लिए जो तथ्य रखें हैं, उसमें कई वाले खुलासे हुए हैं. इसके मुताबिक, गिरफ्तार 7 आरोपियों ने पूछताछ में कबूला है कि बड़गाई मौजा की जमीन को प्रतिबंधित सूची से निकालने के लिए 1 करोड़ की रिश्वत दी गई थी. आरोपियों ने ये पैसे प्रेम प्रकाश के माध्यम से आईएएस अधिकारी को दिए थे. वहीं ईडी ने बरियातू रोड स्थित सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन के रिकॉर्ड की भी गुजरात के डीएफएस गांधीनगर में फॉरेंसिक जांच कराई है. इसमें पता चला है कि अंचल ऑफिस बड़गाई और रजिस्ट्रार एश्योरेंस रिकॉर्ड ऑफिस कोलकाता में भी इन आरोपियों ने भारी फर्जीवाड़ा किया है. रिकॉर्ड में केमिकल से मिटाकर उसमें नई एंट्री की गई. इतना ही नहीं, ईडी ने जब विष्णु अग्रवाल का मोबाइल जब्त करके उसकी फॉरेंसिक जांच कराई तो उसमें पता चला कि विष्णु ने छवि रंजन को गोवा टूर पर भेजा था. गोवा के ताज फोर्ट अगोडा में उनके रहने-खाने की व्यवस्था करवाई थी. इसके लिए विष्णु ने अपने कर्मचारी के माध्यम से दिल्ली के एक ट्रेवल एजेंट को नकद भुगतान किया था और छवि रंजन के मौखिक आदेश पर ही चेशायर होम रोड की विवादित एक एकड़ जमीन का म्यूटेशन विष्णु और उनकी पत्नी अनुश्री के नाम पर बड़गाई सीओ मनोज कुमार ने किया था.

## झारखंड में नीट परीक्षा में 10 लाख परिक्षार्थी होंगे शामिल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) की परीक्षा रविवार को होगी। इसके लिए रांची में 10 केंद्र बनाए हैं। इस परीक्षा के कॉर्डिनेटर डीपीएस रांची के प्राचार्य डॉ राम सिंह हैं। राम सिंह ने बताया कि इस परीक्षा को लेकर तमाम तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। परीक्षा केंद्र पर क? जांच की व्यवस्था की गयी है। हर बच्चे की जांच की जाएगी। बच्चों को क्या करना है और क्या नहीं है, इसकी जानकारी स्टूडेंट्स को दे दी गयी है। इस नीट टेस्ट के जरिए झारखंड के आठ मेडिकल कॉलेजों में एडमिशन मिलता है। इन सभी मेडिकल कॉलेजों में स्टेट कोटा सीट तय है। इस स्टेट कोटा सीट में केवल झारखंड राज्य के बच्चों का ही एडमिशन होता है। झारखंड के मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस, डेंटल और होमियोपैथी की पढ़ाई होती है। स्टेट काउंसलिंग के जरिए इन कोर्सेस में एडमिशन लिया जाता है। झारखंड के मेडिकल कॉलेजों के स्टेट कोटा में एडमिशन के लिए नीट के रिजल्ट के बाद स्टेट की ओर से काउंसलिग होती है। इस काउंसलिंग को झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (जेसीईसीईबी ) कंडक्ट करती है। स्टेट के स्टूडेंट्स से जेसीईसीईबी एप्लीकेशन लेती है। इस एप्लीकेशन के आधार पर स्टेट मेरिट लिस्ट निकाला जाता है। फिर स्टूडेंट्स को रैंक के आधार पर कॉलेज और कोर्स अलॉट किए जाते हैं। जिसके बाद स्टूडेंट्स संबंधित कॉलेज में जाकर एडमिशन लेता है।

**कितनी स्टेट सीट निर्धारित**

एमबीबीएस
रिम्स रांची 148
एमजीएम जमशेदपुर 83
शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज, धनबाद 41
फूलो-झानों मेडिकल कॉलेज, दुमका 83
मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज, बारीडीह, जमशेदपुर 25
लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज, विश्रामपुर, पलामू 100
मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू 83
शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज, हजारीबाग 83

बीडीएस
कॉलेज का नाम स्टेट कोटा सीट
डेंटल इंस्टीट्यूट रिम्स, रांची 52
हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंस एंड हॉस्पिटल 85
वनांचल डेंटल कॉलेज, गढ़वा 85
अवध डेंटल कॉलेज, जमशेदपुर 85

होमियापैथी
कॉलेज का नाम स्टेट कोटा सीट
राजकीय होमियोपैथिक मेडिकल कॉलेज, परसपानी, गोड्डा 54
आरोग्य होमिपैथिक मेडिकल कॉलेज, झलुआ, गढ़वा 51

## हिंसा प्रभावित मणिपुर से हजारों लोग पहुंचे असम

**एजेंसी**

**सिलचर :** मणिपुर के जिरीबाम जिले और आसपास के इलाकों से 1100 से अधिक लोगों ने अंतरराज्यीय सीमा पार कर असम के कछार जिले में प्रवेश किया. अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी. अधिकांश प्रवासी कुकी समुदाय से हैं और उन्हें आशंका है कि मणिपुर में उनके घरों को उन समूहों द्वारा नष्ट कर दिया गया होगा, जिन्होंने बृहस्पतिवार की रात उन पर हमला किया था, जिसके कारण वे सुरक्षा पाने के लिए वहां से भागकर कछार आ गए थे.जिरीबाम के निवासी 43-वर्षीय एल मुआंगपु ने कहा, %बृहस्पतिवार की रात लगभग 10 बजे हमने अपने इलाके में चीख-पुकार सुनी. हमें यह महसूस करने में कुछ मिनट लग गए कि हम पर हमला किया गया है. वे पथराव कर रहे थे, हमें धमकी दे रहे थे और कह रहे थे कि यह उनका अंतिम युद्ध है.



अपने परिवार के सदस्यों के साथ अपने घर से भागकर यहां पहुंची एक अन्य निवासी 24-वर्षीया वैहसी खोंगसाई ने कहा कि बृहस्पतिवार सुबह उनके क्षेत्र में एक शांति बैठक हुई और मेइती तथा कुकी दोनों समुदायों ने एक-दूसरे की रक्षा करने का आश्वासन दिया. उन्होंने कहा, %एक प्रस्ताव लाया गया और हम खुश थे कि दोनों समुदाय एक-दूसरे की रक्षा करने के लिए सहमत हुए थे. हालांकि, रात में हमें एहसास हुआ कि यह एक झूठा समझौता था. उन्होंने पहले गिरजाघर पर हमला किया और हमारे घरों को जलाने का प्रयास किया। इलाके के पुरुषों ने हमारी रक्षा के लिए अपनी जान जोखिम में डाल दी.खोंगसाई ने कहा कि सेना ने बृहस्पतिवार रात स्थिति को नियंत्रित किया, लेकिन उन्हें लगा कि कुछ समय के लिए अपने-अपने घरों को छोड़ देना ही बेहतर रहेगा. उन्होंने कहा, जब तक सेना है, हम सुरक्षित हैं. लेकिन वे हर बार हमारी रक्षा नहीं कर सकते. आधी रात को हमने असम सीमा की ओर चलने का फैसला किया और हमने बच्चों और बुजुर्गों के साथ जिरी नदी पार की.

## सड़क हादसे में एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत

**एजेंसी**

**मुंबई :** महाराष्ट्र के सांगली जिले में एक तेज रफ्तार ट्रक की कार से टक्कर में एक ही परिवार के चार सदस्यों और एक चालक की मौत हो गई। पुलिस के अधिकारी ने शनिवार को बताया कि दुर्घटना विजापुर-गुहागर मार्ग पर जठ कस्बे के पास यह घटना हुई। अधिकारी ने कहा कि यह परिवार विजापुर से जठ जा रहा था। जब कार अमृतवाड़ी फाटा पहुंची, तो मिट्टी से लदा एक तेज रफ्तार ट्रक उनके वाहन से टकरा गया।उन्होंने बताया कि पीड़ति जठ कस्बे के रहने वाले थे और तीर्थ यात्रा पर थे। गुजरात के देवभूमि द्वारका जिले के भंवड़ कस्बे के पास शनिवार को एक तिपहिया वाहन के पुल से गिर जाने से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ अन्य घायल हो गए।




## कर्नाटक में पीएम मोदी का तूफानी प्रचार, भाजपा को जीत की उम्मीद

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कड़े प्रचार अभियान ने भले ही कर्नाटक में भाजपा का मनोबल बढ़ाया हो और कांग्रेस को बैकफुट पर ला दिया हो, लेकिन यह देखना बाकी है कि कौन सी पार्टी जीत हासिल करती है। क्योंकि 1985 के बाद से किसी भी पार्टी ने राज्य में लगातार जनादेश नहीं जीता है। हालांकि, प्रधानमंत्री के भगवा पार्टी के लिए प्रचार करने के लिए राज्य के हर नुक्कड़ पर मतदाताओं तक पहुंचने के साथ, भाजपा एक इतिहास लिखने की उम्मीद कर रही है। चुनाव की घोषणा से काफी पहले जंग की तैयारी कर रहे प्रधानमंत्री मोदी ने इस साल आठ बार राज्य का दौरा किया। 24 अप्रैल के बाद, जब नामांकन वापस लेने की प्रक्रिया पूरी हो गई थी, तब पार्टी ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 20 से 25 सार्वजनिक रैलियों, सम्मेलनों और रोड शो की योजना बनाई थी।मोदी के प्रचार अभियान ने भ्रष्टाचार के एक मामले में भाजपा विधायक मदल विरुपक्षप्पा की गिरफ्तारी और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के पार्टी छोड़ने के बाद विद्रोह की लहर को भी शांत कर दिया है। कांग्रेस के घोषणापत्र में सत्ता में आने पर बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने के वादे के बीच प्रधानमंत्री ने दक्षिणपंथी संगठन की तुलना भगवान हनुमान से की, जिन्हें सभी हिंदू पूजते हैं। साथ ही उन्होंने इसे भगवान हनुमान का अपमान बताया। अपने तीन दिवसीय चुनावी दौरे के अंतिम चरण में, प्रधानमंत्री बिना समय बर्बाद किए, बेंगलुरु में सुबह रोड शो में भाग ले रहे हैं और राज्य के अन्य कोनों में



सार्वजनिक रैलियों में भाग ले रहे हैं। 8 मई को सार्वजनिक चुनाव प्रचार समाप्त होने से पहले उनका शनिवार को बादामी और हावेरी में और रविवार को शिवमोग्गा और नंजनगुड में रैलियों को संबोधित करने का कार्यक्रम है। मैसूरु जिले के ऐतिहासिक श्रीकांतेश्वर मंदिर नंजनगुड में विशेष पूजा के साथ प्रधानमंत्री का चुनावी प्रचार समाप्त होने वाला है। वह मैसूर हवाई अड्डे से नई दिल्ली के लिए उड़ान भरेंगे। राजनीतिक विशेषज्ञों ने कहा, कर्नाटक के मतदाता प्रधानमंत्री के आश्वासन से अभिभूत हैं कि वह पूरी नई दिल्ली को राज्य की सेवा में प्रतिनियुक्त करेंगे और इसे देश में नंबर एक बनाएंगे, देश की अर्थव्यवस्था को आगे ले जाने में कर्नाटक राज्य की महत्वपूर्ण भूमिका पर उनका जोर है। भाजपा के राज्य मीडिया प्रभारी करुणाकर कसले ने मीडिया से बात करते हुए कहा, प्रधानमंत्री सिर्फ चुनाव जीतने की कोशिश नहीं कर रहे हैं। वह यहां राष्ट्र के नजरिए के साथ हैं। उन्होंने कोविड टीकाकरण में कोई अंतर नहीं किया, युद्धग्रस्त यूक्रेन और सूडान में फंसे छात्रों को निकालने में पीड़ितों के धर्म को ध्यान में रखे बिना कदम उठाए गए। उनका एकमात्र उद्देश्य हमारी संस्कृति और विरासत को सम्मान दिलाना है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री न केवल चुनाव प्रचार के लिए राज्य का दौरा कर रहे हैं। इससे पहले, उन्होंने विकासात्मक गतिविधियों के लिए राज्य का दौरा किया था।

# स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह का नवनिर्मित प्रतिमा 18 मई को होगी स्थापित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उंटारी रोड प्रखंड के पांडेयपुरा ग्राम में स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह का नवनिर्मित प्रतिमा का अनावरण किया जाना है। जिसमे झारखंड सरकार के मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता मिथिलेश ठाकुर को स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह का नवनिर्मित प्रतिमा का अनावरण में निमंत्रण पत्र दिया गया। जिसकी जानकारी अध्यक्ष धनंजय तिवारी ने मीडिया को दिया। बाबू वीर कुंवर सिंह का प्रतिमा स्थापित 18 मई दिन गुरुवार को रखा गया है। एवं रात्री में कार्यक्रम का भी प्रबंध किया गया है। यह जानकारी अध्यक्ष धनंजय तिवारी ने दिया। कमिटी में अध्यक्ष धनंजय तिवारी, उपाध्यक्ष रिंकू सिंह, कोषाध्यक्ष मोहम्मद शमीम, सचिव प्रभु सिंह, महामंत्री एवं मीडिया प्रभारी लवकुश सिंह, प्रमुख प्रवक्ता नवनीत पांडेय, व्यवस्थापक सत्येन्द्र गुप्ता और शनी जायसवाल सहित कई लोग शामिल हैं। कमिटी में अध्यक्ष धनंजय तिवारी, उपाध्यक्ष रिंकू सिंह, कोषाध्यक्ष मोहम्मद शमीम, सचिव प्रभु सिंह, महामंत्री एवं मीडिया प्रभारी लवकुश सिंह, प्रमुख प्रवक्ता नवनीत पांडेय, व्यवस्थापक सत्येन्द्र गुप्ता और शनी जायसवाल सहित कई लोग शामिल हैं।

# पंडवा के सरकारी विद्यालयों में परीक्षा शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू) :** झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, रांची द्वारा आयोजित राज्य के सरकारी विद्यालयों में योगात्मक मूल्यांकन (एस ए-टू) शनिवार से प्रारंभ हुआ। पंडवा के 55 विद्यालयों में एस ए-टू की परीक्षा आयोजित की गई। पंडवा में चार संकुल अवस्थित है जिनमें तीन संकुल लामीपतरा, छेछौरी व गाड़ी खास में कुल 43 विद्यालयों में 4545 बच्चे शामिल हुए। बीईईओ बलराम पाठक ने बताया कि परीक्षा सभी विद्यालयों में शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त हो रही है। कहा कि वर्ग एक व दो की परीक्षा मौखिक जबकि वर्ग तीन से सात तक की परीक्षा लिखित ली जा रही है। कहा कि परीक्षा 13 मई तक चलेगा। कहा कि परीक्षा का मॉनिटरिंग संकुल स्तरीय किया जा रहा है। इस मौके पर शिक्षक अनिल कुमार सिन्हा, नंद कुमार महतो, अशोक कुमार पाठक, अजय पाठक, उपेंद्र राम, संजय कुमार पांडेय, राजू रंजन, अंजलि सेंगर, सुसील शर्मा सहित दर्जनों शिक्षक उपस्थित थे।

## महाराणा प्रताप जयंती मनाने को क्षत्रिय महासभा की बैठक



**पंडवा, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महाराणा प्रताप जयंती को लेकर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट की बैठक पाटन मोड़ अवस्थित विवाह मंडप में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला महामंत्री महाराणा प्रताप सिंह एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष मनीष सिंह ने किया। बैठक में आगामी छह जून को वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की जयंती गुरु तेग बहादुर मेमोरियल हॉल बेलवा टीकर मेदनीनगर में मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने जयंती के प्रचार प्रसार सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की और कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारियां सुपुर्द की। इस मौके पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के कार्यकारिणी प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप भारत के वीर योद्धा थे। उनके ओजस्वी विचार आज भी युवाओं के दिलों में देश प्रेम की मशाल जलाएं हुए हैं। उन्होंने कहा की वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती को एक पर्व की तरह मनाए। बैठक में सूर्यांश प्रताप सिंह गणेश सिंह सुशील सिंह सोमेश सिंह शैलेश सिंह अभिषेक सिंह धर्मेंद्र सिंह संजय सिंह अशोक कुमार सिंह आलोक सिंह सुजीत सिंह उपेंद्र सिंह अजय कुमार सिंह राम रेस सिंह सुनील कुमार सिंह साकेत सिंह अनिमेष सिंह सहित काफी संख्या में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जामिया इस्लामिया जब्बारिया मस्जिद के मोवजिम की हृदय गति रुकने से हो गई मौत

**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर पंचायत क्षेत्र के चट्टी पर साई मोहल्ला निवासी व जामिया इस्लामिया जब्बारिया मस्जिद के मोवजिम एनुल शाह (65 वर्ष) की मौत हृदय गति रुकने से हो गई. घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि वे अपनी बड़ी पुत्री को लेने पलामू जिला के पथरवा जा रहे थे। इसी क्रम में रेहला से आगे बी मोड़ के समीप वे फल खरीदने के बाद दुकानदार को पैसा देकर गाड़ी में बैठने के क्रम में अचानक उनके सीने में दर्द हुई और वे जमीन पर गिर पड़े। परिजनों ने आनन-फानन में इलाज के लिये रेहला अस्पताल लाया जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि मगरिब नमाज के बाद गोसाईबाग स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया जाएगा। जानकारी के अनुसार एनुल शाह के पुत्री की शादी आगामी 11 मई को होना हैं। इसीलिए वे अपनी बड़ी पुत्री को लेने के लिए पथरवा जा रहे थे। मृत्यु की खबर शहर में आग की तरह फैल गई। बड़ी संख्या में लोग उनके घर पहुचकर परिजनों को ढाढ़स बढ़ाया।

## हृदयाघात से महिला की मौत, लोगों ने जताया शोक

**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के प्रसिद्ध श्री दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित श्यामसुंदर वैद्य की छोटी पुत्रवधु करीब 37 वर्षीय फुलकुमारी देवी की हृदय गति रुकने से शुक्रवार की देर शाम मौत हो गई। वह रासबिहारी वैद्य उर्फ कारू की पत्नी थी। मृतका का अंतिम संस्कार शनिवार को किया गया। बताया जाता है कि वह शाम को घर में अचानक गिर पड़ी। जिसके बाद आनन फानन में उसे स्थानीय निजी क्लीनिक में ले जाया गया। जहां गंभीर हालात बताते हुए बेहतर चिकित्सा के लिए रेफर कर दिया गया। परिजन इलाज के लिए औरंगाबाद ले जा रहे थे तभी रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मृतका के दो पुत्रों सहित परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। इस घटना पर शहर के क?ई लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। शोक प्रकट करने वालों में भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष दिनेश प्रसाद, अशोक सिंह, संतोष प्रसाद, राजू सिंह, अरूण प्रसाद स्वर्णकार, ओमप्रकाश शौंडिक, राबर्ट गुप्ता, चंदन जायसवाल, राजेश निराला, अनुप कुमार, धीरज कुमार, दिलीप स्वर्णकार, बिट्टू कुमार सहित कई लोग शामिल हैं।

# राजकीय मध्य विद्यालय हुसैनाबाद में फाइनल परीक्षा के बाद क्विज प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** राजकीय मध्य विद्यालय हुसैनाबाद में फाइनल परीक्षा के बाद क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इसके मुख्य अतिथि महिला एवं बाल संरक्षण थाना प्रभारी सुश्री सुरबाला भृंगराज थीं। विद्यालय परिवार की ओर से बुके देकर सम्मानित किया गया एवम लड़कियों ने भी विद्यालय के वाटिका का फूल देकर सम्मानित किया। प्रश्नकर्ता शिक्षक राजेश कुमार गुप्ता, स्कोर बोर्ड पर शिक्षिका सुषमा पांडेय थी। तीन चक्रों के इस प्रतियोगिता में दो राउंड ड्रा रहा और अंतिम राउंड में लड़कियों ने मामूली अंकों से बढ़त लेते हुए विजयी घोषित किए गए। लड़कियों में सानिया खातून, खुशी कुमारी, अपराजिता कुमारी, एकता कुमारी, जूली कुमारी, स्वीटी कुमारी एवं लड़कों में रुद्राक्ष प्रजापति, आदित्य प्रजापति, अभिषेक कुमार, अर्पित कुमार, सुमंत कुमार, आकाश कुमार मुखर दिखें। अंत में बच्चों को संबोधित करते हुए महिला एवं बाल संरक्षण हुसैनाबाद थाना प्रभारी सुश्री सुरबाला भृंगराज ने कहा कि आज का समय प्रतियोगी परीक्षा की है, आप जितना पढ़ेंगे उतना ही ज्ञान अर्जित करेंगे। आपसबों की तैयारी उच्च स्तरीय है, यह सिलसिला जारी रहनी चाहिए, भविष्य में यह जानकारी मील का पत्थर साबित होगा। लड़कों एवं लड़कियों ने भी इनसे अपने भविष्य संवारने के लिए प्रश्न पूछे मसलन यूपीएससी, जेपीएससी, दारोगा बनने की तैयारी, बैंकिंग की तैयारी संबंधित प्रश्न पूछे।काफी शांत चित्त भाव से सभी प्रश्नों का जवाब दीं और विद्यालय परिवार को धन्यवाद दिया। धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद ने किया। इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले शिक्षकों में जुबैर अंसारी, राजेश कुमार सिन्हा, पुष्पा कुमारी, आशा कुमारी, रश्मि प्रकाश थी।

# श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों ने सत्संग का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर शुक्रवार की शाम स्टेशन रोड स्थित सत्संग उपासना केन्द्र में सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ बन्दे पुरुषोत्तम ध्वनि व शंख ध्वनि के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद संध्या, कीर्तन, प्रार्थना, सत्यानु शरण पाठ, नारी नीति पाठ किया गया। सत्संग में धृतिसुन्दर लाल व अनिता सिन्हा द्वारा भगवान बुद्ध की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला गया तथा उनके द्वारा दिये गये सभी उपदेशो का पालन करने का आग्रह किया गया.बैशाख माह की पूर्णिमा तिथि जगत जननी श्री श्री बडमा का तिरोधाम तिथि भी है, इसलिए सत्संग में उपस्थित सभी अनुयायियों ने श्री श्री बडमा को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये याद किया। इस अवसर पर ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा ने कहा कि भगवान बुद्ध का सम्पूर्ण जीवन मानव कल्याण के लिये समर्पित था। उन्होंने भगवान बुद्ध के बुद्धम शरणम गच्छयामि,धर्म शरणम गच्छयामि व संघ शरणम गच्छयामि के उपदेश पर विस्तार से चर्चा किया। उन्होंने भगवान विष्णु के दस अवतारों में नवम अवतार बुद्ध भगवान के अवतार को कहा। सत्संग में अखिलेश प्रसाद, राजकुमार, शक्तिदास सिन्हा, प्रीति सिन्हा, संजय दा, राकेश कुमार, उत्कर्ष सिन्हा, लक्ष्य सिन्हा, सुशीला देवी सहित बड़ी संख्या में अनुयायी उपस्थित थे।

## ग्रीन राशन कार्ड धारियों को नवंबर का बंद पैकेट मिला राशन लाभुकों में खुशी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** शनिवार को पंचायत के मुखिया प्रमोद कुमार ने जनवितरण प्रणाली के दुकान से 197 ग्रीन राशन के कार्डधारियों के बीच राशन वितरण किया गया। इस दौरान मौके पर मुखिया प्रमोद कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा केवल नवम्बर माह का राशन उपलब्ध कराया गया है। जो पांच किलोग्राम का पैकेट बना हुआ है। जिससे कालाबाजारी और कम राशन मिलने का झंझट ही खत्म हो गया। अब राशन वितरण करने में कोई गड़बड़ी नही होगी साथ ही लाभुको को शत प्रतिशत राशन मिलेगी। इस मौके पर राशन कार्डधारी उदय मेहता, उदय विश्वकर्मा, निरंजन प्रजापति, रामाश्रय मेहता, आशीष गुप्ता, महावीर राम, प्रेवश राम ने कहा कि सरकार प्रति व्यक्ति प्रति पैकेट बन्द कर के लड़कों को देने का निर्णय लिया है जो बहुत ही सराहनीय कदम है। सरकार यह चावल देकर बहुत गरीबो के हित मे अच्छा कार्य की है।

# बीडीओ ने बघमनवा पंचायत में लंबित आवास योजना का किया निरीक्षण, दिया कई दिशा-निर्देश

## सरकारी स्कूल में भी गए बीडीओ, बच्चो को दिया कई टिप्स



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने शनिवार को प्रखंड के बघमनवा पंचायत का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने लंबित पड़े प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजनाओं की जांच की। वैसे लाभुक जो प्रथम व द्वितीय क़िस्त लेकर प्रधानमंत्री आवास को पूरा नही किये है उन्हें कड़ी फटकार लगते हुये जल्द से जल्द आवास का निर्माण पूरा करने का निर्देश दिया। बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर आवास निर्माण को पूरा करे नही तो राशि की रिकवरी हेतु प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इसके आलावा लाभुक पर सर्टिफिकेट केश भी किया जाएगा। इस बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने बघमनवां राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में भी गए। जहां बिना ड्रेस में मौजूद छात्र-छात्राओं को देख शिक्षकों पर भड़क गए व शिक्षकों को लताड़ लगाई। उन्होंने बच्चों को भी विद्यालय ड्रेस में आने को कहा। बीडीओ श्री हेंब्रम ने बच्चों को कई टिप्स भी दिया। मौके पर प्रधानाध्यापक जितेंद्र राम,शिक्षक संतोष केशरी,अरविंद प्रजापति सहित कई प्रखंड और पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।

## शारदा महेश शर्मिष्ठा देव डिग्री महाविद्यालय के भवन का शिलान्यास, टीडीएम इंटर महाविद्यालय के भवन का उदघाटन तथा प्रतिमा का अनावरण आज




**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर पंचायत क्षेत्र के अधौरा ग्राम स्थित शारदा महेश शर्मिष्ठा देव डिग्री महाविद्यालय के भवन का शिलान्यास, ठाकुर दयाल देव माणिक राज इंटर महाविद्यालय के भवन का उदघाटन तथा प्रतिमा का अनावरण रविवार को किया जायेगा. उक्त आशय की जानकारी देते हुये महाविद्यालय के शासी निकाय के सचिव शारदा महेश प्रताप देव ने बताया कि उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय पलामू के कुलपति डॉ राम लखन सिंह, विशिष्ट अतिथि प्रधान जिला एवम सत्र न्यायाधीश राजेश शरण सिंह, पलामू सांसद विष्णु दयाल राम,विधायक भानुप्रताप शाही व नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय पलामू के कुल सचिव राकेश कुमार सिंह होंगे.उन्होंने बताया कि रविवार को प्रातः 5:38 बजे भूमि पूजन, 9:30 बजे शिलान्यास,10 बजे महाविद्यालय भवन का उदघाटन व प्रतिमा का अनावरण होगा तथा शाम 7 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा।

## परशुराम मंदिर के लिये हर घर से एक ईंट अभियान की होगी शुरुआत



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के द्वारा पलामू की धरती पर झारखण्ड की पहली भगवान परशुराम मंदिर की आधारशिला बीते दिन 3 मई दिन बुधवार रखी गई, इस भूमि पूजन में कार्यक्रम में दो हजार से अधिक परशुराम भक्तों का हुआ था महाजूटान। आप सभी को बताते चलें कि परशुराम मंदिर उड़ीसा के कारीगरों से बनवाई जाएगी जिसकी लागत असी लाख से एक करोड़ की बताई जा रही है। राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के पदाधिकारीयों का कहना है कि पलामू प्रमंडल के परशुराम भक्तों का परशुराम मंदिर को लेकर काफ़ी उत्साह देखने को मिल रहा है, परशुराम भक्तों का आस्था को ध्यान रखते हुए भार्गव सेना मंदिर निर्माण का कार्य करेगी। आगे मीडिया को संबोधित करते हुए परशुराम सेना के पदाधिकारियों ने बताया कि यह मंदिर सनातन संस्कृति के पूजक लोगों के लिए होगी, जो भी भगवान परशुराम मे, सनातन में आस्था रखते हैं उनकी यह मंदिर होगी। इस मंदिर कार्य को विस्तार रूप दिया जाएगा, ताकि पूरे सनातन पूजक लोगों की आस्था इस मंदिर से जुड़ सके साथ ही समाज के सभी लोगों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के द्वारा पूरे झारखण्ड में %हर घर से एक ईंट% लेने की बात कही जो कि गावं गांव भ्रमण कर भार्गव सेना के सदस्य एवं पदाधिकारी इक्ट्ठा करेगे जो मंदिर निर्माण कार्य में उपयोग किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत झारखण्ड के सभी गांवों में कर भ्रमण अभियान को पूरा किया जाएगा। प्रदेश संरक्षक कमलेश शुक्ला ने कहा कि चिरंजीवी भगवान परशुराम जी के का यह मंदिर किसी विशेष जाति धर्म की नहीं ब्लकि यह सनातन पूजक लोगों की मंदिर होगी, हम राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के सदस्य समाज के हर वर्ग तक भगवान परशुराम जी के विचारो को पहुंचाएंगे एवं सभी की भागीदारी सुनिश्चित करायेंगे।

# आरपीएस पब्लिक स्कूल जपला सनढा में मदर्स डे का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** आरपीएस पब्लिक स्कूल जपला सांडा में मदर्स डे का आयोजन किया गया जिसमें नर्सरी से लेकर कक्षा दो तक के छात्र-छात्राओं ने अपनी अपनी माताओं को नृत्य गीत एवं भाषण आदि के द्वारा सम्मान दिया मदर्स डे को और भी अधिक मनोरंजक बनाने के उद्देश्य से उनके लिए रैंप वॉक हैंड टू हैंड बलून एक्टिविटी तथा पेपर डांस जैसे कार्यक्रम किए गए जिसमें सभी माताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया सुपरमॉम कक्षा नर्सरी से हर्ष सिंह की माता श्रीमती खुशबू देवी ने प्राप्त किया। इस अवसर पर मातृत्व को सलामि देते हुए उनके बलिदानों एवं सतत प्रयास को सम्मानित करने के लिए इस कार्यक्रम को आयोजन किया गया उपस्थित माताओं ने विद्यालय के शिक्षक के प्रयास की सराहना की एवं सभी छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित किया। विद्यालय के प्राचार्य सह मुख्य अतिथि मनुज शर्मा ने सभी माताओं को उनकी अटूट श्रद्धा एवं सेवाओं के लिए अनेकों अनेक साधुवाद ज्ञापित किया और कहा कि पृथ्वी पर ईश्वर के रूप में अवतरित माताओं को सर्वोच्च सम्मान एवं प्रेरणा का स्वरूप बताया शिक्षिका श्रीमती रंजना सुश्री मधुस्मिता सुश्री अमृता श्रीमती रानी सुश्री दीपिका तथा शिक्षकों में अरुण रूपेश रंजन ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी मां की भूमिका निभाई।

# डीएवी स्कूल के प्रबंधक के अव्यवस्था के कारण अभिभावक है परेशान : रूचिर तिवारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव शाह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी नौजवान संघ के उपाध्यक्ष आलोक कुमार तिवारी श्रद्धानंद तिवारी ने अभिभावकों को परेशानियों को देखते हुए डीएवी पब्लिक स्कूल के व्यवस्था का मुआयना किया। जिसमें जिला सचिव श्री तिवारी ने पाया कि मार्च में नए सिरे से एडमिशन फेस अलग से लिया जा रहा है वन से लेकर 10th क्लास तक के विद्यार्थियों को किताब तक उपलब्ध नहीं कराया जा रहा वहां पर पूछने के बाद अभिभावकों ने बताया कि एक बच्चे का किताब लेने के लिए तीन से चार बार आना पड़ता है क्योंकि एक बार में स्कूल बच्चों का किताब उपलब्ध नहीं करा रहा है वही ऑनलाइन एटीएम से पैसा लेने के कारण अभिभावकों को लंबे लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है जिसमें घंटों देरी लग रहा है अभिभावक परेशान है लेकिन उनको सुनने वाला कोई नहीं है कैश पैसा काउंटर पर तो लिया ही नहीं जा रहा ऐसी परिस्थिति में यह भी परेशानी उत्पन्न हो गई है कि जो गरीब एवं मध्यम क्लास के व्यक्ति हैं जिनका रोजमर्रा का काम है वह ऑनलाइन पेमेंट कैसे करेंगे। इस पर डीएवी स्कूल के प्राचार्य और शिक्षकों का कोई जवाब नहीं है। अभिभावकों की परेशानी से स्कूल के प्रबंधक और प्रचार को कोई मतलब नहीं है वह अभिभावकों से सिर्फ मोटी रकम लेने का काम कर रहे हैं। ऐसी परिस्थिति में पलामू उपायुक्त से हम मांग करते हैं कि सभी प्राइवेट स्कूलों के काउंटर पर फीस जमा करने वाला जगह क्लास रूम के साथ-साथ स्कूल वाहन का भी निरीक्षण किया जाए और अभिभावकों के परेशानियों को दूर किया जाए।

**संक्षिप्त खबरें**

### 80 उत्कृष्ट विद्यालयों की शुरूआत के लिये सीएम को दिया बधाई

**रांची।** सामाजिक - राजनीतिक कार्यकर्ता राजेश कुमार ने आओ कभी चौराहे पर अभियान के तहत इस शनिवार अल्बर्ट एक्का चौक पर पोस्टर के माध्यम से राज्य में शुरू किये गये 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के लिये मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार जताया। राजेश ने कहा की राज्य कि शिक्षा व्यवस्था की बेहत्तरी की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है और राज्य के मुखिया इसके लिये बधाई और प्रशंसा के प्रात्र हैं। राज्य में इस तरह के विद्यालयों की संख्या बढ़नी चाहिये। किन्तु अगर इन विद्यालयों का संचालन और व्यवस्थापन उचित तरीके से नहीं किया गया तो इसका परिणाम ढाक के तीन पात जैसा होगा। राज्य कि बदहाल शिक्षा व्यवस्था में एक और पन्ना जुड़ जायेगा। दूसरी और शिक्षा के नाम पर प्राईवेट स्कूलों ने विभिन्न प्रकार से लूट मचा रखी है। खराब सरकारी शिक्षा के कारण लोग प्राईवेट स्कूलों में बच्चों को भेजने और अपनी गाढ़ी कमाई लूटाने के लिये बाध्य हैं।

### सांसद ने कोल इंडिया के नवनियुक्त चेयरमैन पीएम प्रसाद से मिले

**रांची** गिरिडीह के सांसद चौधरी ने शनिवार को कोल इंडिया के नवनियुक्त चेयरमैन पीएम प्रसाद से मुलाकात की और उन्हें बधाई दी। सांसद ने कोल इंडिया के चेयरमैन से कोयला क्षेत्र के विकास पर चर्चा की। साथ ही झारखंड के कोयला क्षेत्र को लेकर विशेष रूप से ध्यान देने और समस्याओं के समाधान को लेकर गंभीर रहने की अपेक्षा जताई। सांसद ने यह आशा जताया के कोल इंडिया चेयरमैन के रूप में पीएम प्रसाद झारखंड के कोयला क्षेत्र के विस्थापन, विस्तार, रैयतों व संबंधित समस्याओं के निराकरण की दिशा में सकारात्मक रूप से सजग रहकर काम करेंगे। उन्होंने सांसद को आश्वस्त किया कि झारखंड की बेहतरी को लेकर उनका समुचित और गंभीर प्रयास बना रहेगा।

## मोरहाबादी के दुकानदारों को बसाने का हाई कोर्ट ने दिया आदेश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस राजेश शंकर की कोर्ट में शनिवार को मोरहाबादी मैदान के दुकानदारों को हटाए जाने के मामले को लेकर रौशन कुमार एवं अन्य की रिट याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने मोरहाबादी के फुटपाथ दुकानदारों के पक्ष में फैसला सुनाया है। कोर्ट ने उन्हें छह महीनों के अंदर वेंडर मार्केट बनाकर उसमें जगह देने का निर्देश दिया है।अदालत के दिए गए फैसले के अपने पक्ष में होने पर मोरहाबादी के दुकानदारों ने इसे लेकर खुशी जताई।दुकानदारों ने रंग गुलाल लगाकर, एक दूसरे को मिठाई खिलाकर एवं पटाखे जलाकर एक दूसरे को बधाई दी। इस दौरान दुकानदारों ने अपने नेता कुमार रौशन का आभार व्यक्त किया। साथ ही रविवार सात मई को दोपहर एक बजे तक मोरहाबादी में दुकानें बंद रखने एवं हाई कोर्ट के फैसले को लेकर विजय जुलूस निकाले जाने का एलान किया।विजय जुलूस मोरहाबादी मैदान से लेकर अल्बर्ट एक्का चौक तक निकाली जाएगी। इस मौके पर कुमार रौशन ने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं। हम हाई कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हैं। रोज कमाने-खाने वालों के लिए यह एक चमत्कार की तरह है। गरीबों को इंसाफ मिला है।पिछले वर्ष 27 जनवरी, 2022 को मोरहाबादी में गैंगस्टर कालू लामा की गोली मारकर हत्या की घटना के बाद जिला प्रशासन ने यहां धारा 144 लगा कर सभी अस्थायी ठेला, खोमचा, गुमटी को हटाने का निर्देश जारी किया गया था। इसके बाद फुटपाथ दुकानदारों ने इस आदेश के खिलाफ आंदोलन शुरू कर दिया। वे मान्या पैलेस के पास अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गये। बाद में हाई कोर्ट में रिट याचिका दायर किया।

## हृदय रोगियों के लिए रिम्स में नि:शुल्क कैंप 13 और 14 मई को

एजेंसी




**रांची :** खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित राज्यभर के कार्डधारी जो हृदय रोग से ग्रसित हैं, उनके लिए अच्छी खबर है।

झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विभाग और प्रशांति मेडिकल सर्विसेज एंड रीसर्च फाउंडेशन की ओर से दो दिवसीय नि:शुल्क हृदय जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। नि:शुल्क हृदय चिकित्सा योजना के तहत कैंप 13 और 14 मई को रिम्स में लगेगा।

हृदय रोग से ग्रसित बच्चे, वयस्क और बुजुर्ग इस कैंप का लाभ ले सकते हैं। शनिवार को निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं डॉ बीरेंद्र प्रसाद सिंह ने सभी सिविल सर्जन को पत्र जारी कर हृदय रोग से ग्रसित मरीजों की सूची विहित प्रपत्र में भेजने का निर्देश दिया है।

सभी जिला मुख्यालय से चिकित्सा पदाधिकारी की देखरेख में मरीजों को स्क्रीनिंग के लिए रिम्स लाया जाएगा। वापस जिला मुख्यालय तक पहुंचाया जाएगा।

मरीजों के लिए यात्रा के क्रम में अल्पाहार की भी व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग की ओर से की जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित राज्यभर के कार्डधारी हृदय रोग के मरीज अपने नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर स्क्रिनिंग के लिए अपना नाम दर्ज करा सकते हैं।

रिम्स में गहन स्क्रीनिंग के बाद गंभीर मरीजों का इलाज और सर्जरी प्रशांति मेडिकल सर्विसेज एंड रीसर्च फाउंडेशन की ओर से राजकोट और अहमदाबाद में संचालित सत्य साई हृदय अस्पताल में किया जाएगा।

## झारखंड ने की शानदार जीत से शुरूआत, उत्तराखंड को 4-0 से हराया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** हॉकी इंडिया राष्ट्रीय सब जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप में झारखंड की महिला टीम ने शानदार जीत के साथ शुरूआत की। बिरसा मुंडा इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम, राउरकेला (ओडिशा) में 4 मई से खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में झारखंड ने अपने पहले मैच में शनिवार को उत्तराखंड की टीम को 4-0 से परास्त किया। टूर्नामेंट का समापन 14 मई को होगा। मैच शुरू होने से पूर्व राउरकेला में उपस्थित हॉकी झारखंड के अध्यक्ष सह हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने झारखंड टीम के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने मैच की समाप्ति के बाद टीम को बधाई दी।

## प्रेम प्रकाश का बंधुआ मजदूर थे आईएएस छवि रंजन : बाबूलाल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को ट्वीट करके आईएएस अधिकारी छवि रंजन की भूमिका पर कहा कि उन्हें यह सुनकर हैरानी होती है कि प्रेम प्रकाश जैसे दलाल के लिए छवि रंजन बंधुआ मजदूर की तरह काम करने वाले अफसर रहे। जो लोग छवि रंजन के मौखिक आदेश पर गलत करने से डरते या आनाकानी करते थे, उन्हें प्रताड़ित और तंग किया जाता था।मरांडी के कहा कि प्रेम जैसे दलाल के लिए छवि रंजन ने अधीनस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों से गलत काम कराने के लिए सत्ता संरक्षण के बल पर धौंस दिखाकर आतंक मचा रखा था। उन्होंने कहा कि लोग बताते हैं कि इस प्रकार की कार्यशैली वाले छवि रंजन अकेले नहीं हैं। झारखंड को लूट कर खोखला बनाने वाले ऐसे कुछ और बेईमान सीनियर अफसर हैं, जो अधीनस्थों को डरा-धमका कर गलत करवाते हैं। लूट के माल का हिस्सा खुद लेते हैं और ऊपर तक भी पहुंचाते हैं। जब पकड़ में आने का नम्बर आता है तो खुद पल्ला झाड़कर नीचे वालों को फंसाने का प्रयास करते हैं।

## बालू घाटों की नीलामी की समीक्षा मुख्य सचिव 11 मई को करेंगे



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य में बालू घाटों की नीलामी की समीक्षा मुख्य सचिव सुखदेव सिंह 11 मई को करेंगे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी 24 जिलों के उपायुक्तों के साथ बैठक करेंगे। बैठक में बालू घाटों के अलावा डीएमएफटी फंड की भी समीक्षा होगी। डीएमएफटी फंड में 50 प्रतिशत राशि भी खर्च नहीं हो सकी है। वहीं, अनावश्यक बैंक खातों को बंद करने व अधिग्रहित भूमि के म्यूटेशन की भी समीक्षा की जायेगी। इसके अलावा विकास योजनाओं की भी समीक्षा होगी। उल्लेखनीय है कि राज्य में 608 बालू घाट हैं, जिसमें केवल 23 बालू घाटों की ही नीलामी हो सकी है। हाल ही में राज्य सरकार ने बालू के अवैध परिवहन के खिलाफ सघन अभियान चलाया था। वहीं, जिलों को भी तत्काल नीलामी का निर्देश दिया गया है। अब तक 12 जिलों की ओर से डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट पूरी कर बालू घाटों की वित्तीय निविदा जारी कर दी गयी है।

## पंडित रघुनाथ मुरमू की मूर्ति का इरफान ने किया अनावरण

**उनके द्वारा किया गया यह कार्य कभी भी भुलाया नहीं जा सकता**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** सहरडाल आदिवासी चौक मोंगलापाड़ा में स्वर्गीय पंडित रघुनाथ मुरमू का मूर्ति का अनावरण जामताड़ा विधायक डॉ इरफान अंसारी के कर कमलों द्वारा हजारों लोगों की उपस्थिति के बीच हुआ। मौके पर जामताड़ा विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी ने स्वर्गीय पंडित मुर्मू की मूर्ति पर माल्यार्पण किया । कहां की आज ओलचिकी के भाषा के जन्मदाता पंडित रघुनाथ मुरमू की मूर्ति स्थापित कर मूर्ति का अनावरण कर काफी गौरवान्वित महसूस हो रही है। संताली भाषा को बनाए रखने और बढ़ावा देने के लिए एक अलग लिपि की जरूरत को देखते हुए उन्होंने ओलचिकी लिपि का विकास किया।

उनके द्वारा किया गया यह कार्य कभी भी भुलाया नहीं जा सकता क्योंकि मेरा मानना है कि अगर आप अपनी भाषा संस्कृति लिपी और धर्म भूल जाएंगे तो आप का अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा।

## मेघा श्रीवास्तव एशियाई शिक्षा पुरस्कार 2023 से सम्मानित

**नयी दिल्ली में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डॉ केजी बालाकृष्णन और रिटायर्ड मेजर जनरल संजय सोई कने उन्हें यह सम्मान दिया**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** धुर्वा निवासी मेघा श्रीवास्तव को वर्ष के गतिशील लेखक के रूप में एशियाई शिक्षा पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया गया है।

नयी दिल्ली में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डॉ केजी बालाकृष्णन और रिटायर्ड मेजर जनरल संजय सोई कने उन्हें यह सम्मान दिया। मेघा श्रीवास्तव यह अवार्ड गतिशील लेखक के रूप में दिया गया। अवार्ड लेने के बाद मेघा ने बताया कि मेरे लेखन को असंख्य पत्रिकाओं और पुस्तक संग्रहों में देखा जा सकता है। मैं विभिन्न एंथोलॉजी में लेखक और सह-लेखक हूं और कई प्रकाशनों का हिस्सा हूं।

मेरे कुछ लेख रिकॉर्ड की अंतर्राष्ट्रीय पुस्तकों और रिकॉर्ड की ओएमजी पुस्तकों में दर्ज हैं। साथ मेरी पुस्तक इंटरनेशनल बुक रिकॉर्ड में शामिल हो चुका है।

मेघा ने कहा कि मैं अपने लेखन से उन लोगों के लिए जागरूकता लाना चाहता हूं जो सोचते हैं कि महिलाएं कुछ नहीं कर सकतीं।

ज्ञात हो कि मेघा श्रीवास्तव को स्त्री वन इंडिया एंगेजिंग लिटरेचर अवार्ड 2022, वर्ष के सर्वश्रेष्ठ लेखक के रूप में अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा पुरस्कार 2022, एमटीवी इंडिया की ओर से एक युवा लेखक के रूप में इंडियन आइकॉन अवार्ड्स 2023, अंतर्राष्ट्रीय गोल्डन लीडरशिप अवार्ड 2023, अंतरराष्ट्रीय साहित्य सम्मान 2023 आदि कई सम्मान मिल चुके हैं।

इनका बचपन पतरातू थर्मल में बीता है। वर्तमान में रांची धुर्वा में रह रही है।

## ईडी ने सीआई पर एफआईआर के लिए सरकार से की अनुशंसा




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** प्रवर्तन निदेशालय ने झारखंड सरकार को पत्र लिखकर रेवेन्यू ऑफिसर भानु प्रताप प्रसाद के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की अनुशंसा की है। भानु प्रताप वही हल्का कर्मचारी है, जिसके घर से जमीन घोटाले में हुई छापेमारी के दौरान हजारों सरकारी दस्तावेज और 17 रजिस्टर और नकदी बरामद हुए थे।चेशायर होम रोड की बेशकीमती भूमि की खरीद- बिक्री और म्यूटेशन में भी भानु प्रताप और बड़गाई सीओ (अंचल अधिकारी) की भूमिका संदिग्ध है। ईडी ने इस मामले में प्रदीप बागची, बड़गाई अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप, अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम को गिरफ्तार किया था। साथ ही रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी। सभी आरोपित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में हैं।

### माकपा ने जेके में आतंकी हमले की कड़ी भर्त्सना की

**रांची :** माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने जम्मू कश्मीर के पूंछ सेक्टर में सेना के वाहन पर आतंकवादियों की ओर से किए गए हमले की कड़ी भर्त्सना की है। विप्लव ने शनिवार को कहा कि अभी पिछले ही दिनों जम्मू-कश्मीर के राजौरी सेक्टर में भी आतंकी हमले में सेना के पांच जवानों को जान गंवानी पड़ी थी। साथ ही कहा कि इस आतंकी हमले की पूरी जांच होनी चाहिए और किन परिस्थितियों में इस प्रकार का जघन्य आतंकवादी हमला हुआ इससे सबक लेते हुए आतंकवाद से और बेहतर तरीके से निपटने की तैयारी होनी चाहिए।

## भ्रष्टाचार से मुक्ति चाहती है जनता : दीपक प्रकाश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में संथाल परगना क्षेत्र के पाकुड़ जिलांतर्गत पाकुड़िया प्रखंड प्रमुख कालीदास मरांडी के नेतृत्व में दर्जनों झामुमो नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने अंगवस्त्र पहनाकर सदस्यता दिलाई। इस सरकार पर प्रदेश महामंत्री एवम मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा,पाकुड़ भाजपा जिलाध्यक्ष अमृत पांडेय,जिला उपाध्यक्ष तपन मंडल भी उपस्थित रहे।कालीदास मरांडी के साथ सदस्यता ग्रहण करने वालों में मोहल पहाड़ी पंचायत समिति सदस्य जतन मरांडी, राजपोखर के पूर्व मुखिया ढेना मरांडी,बसंतपुर के पूर्व मुखिया कालीदास मुर्मू,समाजसेवी सागर मुर्मू,श्रीलाल मुर्मू,मिकाइल हेंब्रम, एनाइल हेंब्रम,महेश्वर टुडू,राकेश मरांडी प्रमुख रूप में शामिल हैं।

इस अवसर पर बोलते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि राज्य की दुर्दशा देखकर अब झामुमो के समर्पित कार्यकर्ताओं में भी बेचैनी है। और अब वे भी भ्रष्टाचार और परिवारवाद से झारखंड को मुक्ति दिलाना चाहते हैं। झामुमो परिवारवाद ,भ्रष्टाचार की पोषक है। सहयोगी कांग्रेस भ्रष्टाचार और परिवारवाद की जननी है। इसलिए झारखंड के हित की चिंता करने वाले, झारखंड को विकसित राज्य की श्रेणी में खड़ा करने वाले लोग भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे।उन्होंने कहा इसके पहले संथाल परगना के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक सुफल मरांडी ने भी अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है।

## बूथ स्तर तक कांग्रेस पार्टी को बनाना है सशक्त : राजेश ठाकुर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर केअध्यक्षता में सभी जिलों के जिला प्रभारी प्रदेश महासचिवों एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं जिला कार्यकारी अध्यक्षों की वर्चुअल बैठक संपन्न हुई । बैठक में प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की प्रदेश महासचिव सह कार्यालय प्रभारी अमूल्य नीरज खलखो प्रदेश प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस वर्चुअल बैठक का संयोजन व संचालन प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक गजेंद्र सिंह ने किया द्य वर्चुअल बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने जिला अध्यक्षों को सभी जिलों में जयभारत सत्याग्रह कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। हमे 2024 की तैयारी को मद्देनज़र रखते हुए बूथ स्तर तक अभी से ही सशक्त बनाना है इसलिए अबतक गठित जिला एवं प्रखंड समितियों के साथ साथ मंडल समितियों का पूर्ण गठन आठ मई तक पूरा कर लेना है और इनकी सूची प्रदेश कॉंग्रेस मुख्यालय में जमा करवा देना है द्य प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि 2024 की लड़ाई निर्णायक लड़ाई है इसलिए हमें पूरी मुस्तैदी के साथ पार्टी कार्यक्रमों के आयोजन के साथ साथ वैचारिक स्तर पर भी ज्यादा से ज्यादा लोगों को चल रहे डिजिटल सदस्यता अभियान को गति प्रदान कर पार्टी के साथ जोड़ना है उन्होंने सभी अध्यक्षों को निर्देश दिया की वो खुद सभी जिलों में आगामी 11 मई से प्रवास करेंगे और जिला बैठक में शामिल होंगे तथा विशुद्ध रूप से पंचायत वार्ड मंडल प्रखंड एवं जिला पदाधिकारियों के साथ संगठन की मजबूती एवं आगामी कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक करेंगे प्रदेश अध्यक्ष ने साफ तौर पर निर्देश दिया कि सभी जिला अध्यक्ष उनके जिला दौरा कार्यक्रम के पूर्व अपने जिला के सभी प्रखंड का दौरा कर लें द्य प्रदेश अध्यक्ष का जिला दौरा कार्यक्रम की शुरुआत पूर्वी सिंहभूम जिले से होगा।

## बच्ची के साथ अश्लील हरकत करने के मामले में दोषी को तीन साल की सजा




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** पोक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने शनिवार को बच्ची के साथ अश्लील हरकत करने के मामले में दोषी करार अनिल भेंगरा को तीन साल की सजा सुनाई है। साथ ही उसपर पांच हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना राशि नहीं देने पर अनिल भेंगरा को तीन माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। इससे पूर्व अदालत ने अनिल को चार मई को दोषी ठहराया था। मामले को लेकर पीड़िता की मां ने 14 नवंबर 2021 को डोरंडा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। हालांकि घटना 22 अक्तूबर 2021 की है। उस दिन पीड़ित बच्ची की मां बच्ची को घर में छोड़कर अपने पति को लेकर डॉक्टर के पास गई थी, उसी दौरान अनिल भेंगरा ने बच्ची को घर में अकेला पाकर उसके साथ गलत हरकत की थी। लेकिन बच्ची ने इस घटना की जानकारी अपने परिजनों को 15 दिनों बाद दी थी। मामले में अभियोजन की ओर से पांच गवाहों की गवाही कराई गई।

# गोलियों की तड़तड़ाहट से गुंजा एनके एरिया के पुरनाडीह परियोजना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** एनके एरिया के पुरनाडीह परियोजना के कोल स्टॉक के समीप दिन दहाड़े अपराधियों ने चलाई गोली.कोल स्टॉक में कार्य कर रहे लिफ्टर को गोली मारकर चेताते हुये हवाई फायरिंग करते हुए आसानी से अपराधी निकले. घटना लगभग 11 बजे के आसपास बताया जा रहा है. जानकरी के अनुसार एक अपाची बाइक में सवार होकर तीन व्यक्ति मास्क लगाकर पुरनाडीह परियोजना पहुँचे. परियोजना अतर्गत कोल स्टॉक के समीप कार्य में लगे लिफ्टर बिनोद गिरि (उम्र 30) को गोली मार कर घायल कर दिया. उसके बाद अपराधियों ने कोल स्टॉक में पांच से छः राउंड फायरिंग करते हुए निकले. घायल व्यक्ति डकरा निवासी विनोद गिरी पुरनाडीह परियोजना कोयला का काम करता है, और सुबह कोयला लोडिंग कराने पुरनाडीह पहुंचा था. बताया जाता है कि विनोद गिरी को अपराधियों ने समीप से गोली मार दी. जिसके कारण विनोद गिरी के हाँथ को छूती हुई गोली कमर में जा लगी,जिससे वह वही पर गिर गया.घटना स्थल में मौजूद कोयला लिप्टरो ने आनन फानन में विनोद को डकरा केंद्रीय अस्पताल लाया गया. जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद रांची रेफर कर दिया गया. घटना के बाद पुरनाडीह परियोजना में अफरा तफरी मच गयी. वही कोयला कारोबारीयो में दहस्त का मौहाल बन गया है. पिपरवार पुलिस घटना स्थल में पहुँचकर छानबीन कर रही है. सूत्रों के हवाले से खबर लेवी नही पहुचने पर टीएसपीएसी ने घटना को दिया अंजाम। पुरनाडीह परियोजना में दिनदहाड़े गोलियों की तड़तड़ाहट का अंजाम गाहे बगाहे टीएसपीएसी संगठन का नाम बताया जा रहा है. सूत्रों के अनुसार पुरनाडीह परियोजना में अपराधियों की गोली से घायल लिफ्टर बिनोद गिरि कोल व्यवसाय राजेंद्र डॉन उर्फ (राजेन्द्र साहू) के कोयला का कार्य में लिफ्टर के रूप में कार्य कर रहा था. बताया जाता है उग्रवादी संगठन कोल व्यवसाय से लेवी का मांग किया गया जिसे व्यवसाय के द्वारा पूरा नही किया गया. उसके बासंगठन के द्वारा घटना को अंजाम दिया गया. वही पिपरवार थाना प्रभारी ने बताया कि घटना के संबंध में अभी तक कोई रिपोर्ट दर्ज नही किया गया है.

## असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी का कार्यालय, खूँटी

ई–निविदा संख्या :– 808 | दिनांक :– 06.05.2023

**अति अल्पकालीन पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना**

प्रधानमंत्री भरतीय जन औशधि परियोजना के अन्तर्गत, खूँटी जिले के जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में जन औशधि केन्द्र के संचालन हेतु एजेन्सी का चयन निविदा के माध्यम से किया जना है।

Request for Proposal Document (RFP) के शर्तों के अनुसार जन औशधि केन्द्र के संचालन हेतु पंजीकृत एजेन्सी से निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा की विस्तृत जानकारी http://khunti.nic.in पर उपलब्ध है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Establishment Of Pradhan Mantri Jan Aushadhi Kendra in District Hospital and CHCs in Khunti District |
| 2 | Invitation of RFP | 15.05.2023 |
| 3 | Last date for Receiving Queries | 25.05.2023 |
| 4 | Pre- Bid Meeting | 30.05.2023 |
| 5 | Authority Response to Queries Latest by | 05.06.2023 |
| 6 | Date/Time of Start of Submission of Bids | 18.06.2023 |
| 7 | Bid Opening Date | 23.06.2023 |
| 8 | Letter of Award (LOA) | To be Notified |
| 9 | Bid and other fee | As per the Direction given in the Bid Document |
| 10 | Bid Submission Location | Office of the Civil Surgeon-Cum- Chief Medical Officer, Khunti |
| 11 | Opening Place | To be Notified |
| 12 | Name & Address of officer inviting tender (Procurement officer) | Civil Surgeon-Cum-Chief Medical Officer, Khunti |
| 13 | Validity of Bids | 120 Days from Bid Due Date |
| 14 | Signing of Tripartite Agreement | Within 30 Days of LOA |

Further details can be seen on website http://khunti.nic.in

असैनिक शल्य चिकित्सक –सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, खूँटी

PR 296675 Health Med Edu and Family Welfare (23-24)_D

# मुरहू के डौगड़ा में दो दिवसीय सरना धर्म प्रार्थना सभा का शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** सरना धर्म सोतो- समिति, केंद्र डौगड़ा के तत्वावधान में शनिवार को सरना धर्म प्रार्थना सभा शुरुआत किया गया. धर्मगुरु बगरय मुंडा, धर्मगुरु भैयाराम ओड़ेया, धर्मगुरु बुधराम सिंह मुंडा व बिरसा कंडीर की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिडबोंगा की पूजा-पाठ कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की और पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. समारोह में मुख्य अथिति सुगुन दास मुंडा और विशिष्ट अथिति कैप्टन मंगा ओड़ेया व बिरसा मुंडा के परपोता सुखराम मुंडा रहे. इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुगुन दान मुंडा ने कहा कि सरना विश्व का सबसे पुराना धर्म है जो पूर्णतः वैज्ञानिकता पर आधारित है. सामाजिक एकता व एकजुटता के बिना समृद्ध समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है. अतः समाज से छुआछूत व ऊंच-नीच जैसे बुराईयों को समाप्त करने की जरूरत है। सबको समाज में समान अधिकार मिलना चाहिए ताकि समाज में प्रेम व भाईचारा सदा कायम रहे. सरना धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों अक्षुण्ण बनाएं रखना हम सबका कर्तव्य है. इस अवसर पर विशिष्ट अथिति मंगा ओड़ेया ने कहा कि भगवान सिडबोंगा की स्तुति से मन-आत्मा में भक्ति व श्रद्धा आती है और समाज में प्रेम व भाईचारा पनपती है. हमें समृद्ध समाज के लिए हमेशा समाज व संगठन के सिद्धांतों को अमल में लाना चाहिए. आज भी हमारे समाज में अनेक धार्मिक-सामजिक रूढ़ियां हैं जिससे समाज में असमानता है.

# नेहालू पंचायत में चला स्वच्छता अभियान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के नेहालु कपरिया पंचायत में शनिवार को प्रखंड स्तरीय कार्यशाला के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा अभियान चलाया गया। स्वच्छता पखवाड़ा अभियान पंचायत मुखिया बिरेन्द्र भगत के नेतृत्व में किया गया। इस अभियान में स्वस्थ साहिया, जल साहिया, आंगनवाड़ी सेविका, ग्राम प्रधान, पंचायत के सभी वार्ड ने मिलकर नेहालु पंचायत में घूम-घूमकर स्वच्छता से सम्बंधित नारे लगाकर ग्रामीणों को जागरूक्ता का सन्देश दिया। साथ ही सभी ने मिलकर स्वच्छता के लिए शपथ लिया।

## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम–जर्नादन महतो, रंग–गोरा,
ऊँचाई – 4 फीट 5 ईंच,
पहनावा–सफेद रंग का पैंट एंव टी–शर्ट पहने हुए है।

उपरोक्त लापता पुरूश जर्नादन महतो, पे0–स्व0 जितु महतो, ग्राम+पोस्ट–बी0 नवाडीह, थाना– सोनाहातु(राहे ओ0पी0), जिला–राँची है जो दिनांक–27.03.2023 को घर से बिना बताए कहीं चले गए जो आज तक घर वापस नही आए जिसके संबंध में राहे ओ0पी सनहा सं0–11/23, दिनांक–04.04.2023, दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता पुरूश कहीं मिलतें/दिखते हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक बुण्डु, राँची। –9431706144
थाना प्रभारी राहे ओ0पी, राँची। –9431706194

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची

PR 296674Police(23-24)#D

# 21 पाड़हा जेठ जतरा का आयोजन



**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मांडर प्रखंड अंतर्गत ग्राम बसकी में 21 पाड़हा जेठ जतरा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम बसकी ग्राम के तीनों फगुवा पाहन, महादेव पाहन व फगुवा पाहन-2 के द्वारा जतरा स्थल में गाँव के देवी-देवताओं का विधिवत पूजा करने के पशचात कार्यक्रम की शुरुवात की गई। कार्यक्रम में आदिवासी कल्याण मिशन आश्रम के केन्द्रीय अध्यक्ष सीता राम भगत, जिला परिषद सदस्य एतवरिया कुजूर मांडर पूर्वी, समाजसेवी जगराम उराँव मुख्य रूप से उपस्थित थे। जतरा कार्यक्रम में पाली, मसमानों, तिलता, बसकी का साँस्कृतिक टीम भाग लिए। कार्यक्रम का संचालन कृष्णा उराँव ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पंचायत समिति सदस्य सरजू उराँव, लछु उराँव, दीपक उराँव, सुधीर उराँव, बन्धु उराँव, अनुप उराँव, दिलीप उराँव, फूलचन्द उराँव, कांशी उराँव, राहुल उराँव, संदीप उराँव व गाँववासियों का योगदान रहा।

# वाटर मेलन डे कार्यक्रम का आयोजन



**मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** संत माईकल +2 स्कूल मूरी में शनिवार को वाटर मेलन डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्लास नर्सरी से क्लास दो तक के बच्चों को सम्मिलीत किया गया। बच्चे इस मौके पर लाल हरी पोशाक पहनकर शामिल हुए। इस मौके पर विद्यार्थीओ ने वाटर मेलन से सम्बन्धित तरह-तरह के पोस्टर, चार्ट, चित्रकारी इत्यादी बना कर विद्यालय लेकर आए थे। इस कार्यक्रम के दौरान सभी विद्यार्थीयों के बीच तरबूज का वितरण किया गया जिसे बच्चो ने बड़ी आनंद के साथ खाया एवं वाटर मेलन डे का लुफ्त उठाया। कार्यक्रम में स्कूल के निदेशक राकेश कुमार ने बच्चो के बीच वाटर मेलन खाने के फायदे और इसकी खूबी के बारे में जानकारी साझा कि और यह भी बताया कि वाटर मेलन में पानी की अत्यधिक मात्रा पाई जाती है जो शरीर के लिए बहुत ही लाभदायक है। इस मौके पर विद्यालय के प्राधानाचार्य सि. एल. प्रजापति ने कार्यक्रम की सराहना कि साथ ही बच्चो का उत्साह भी बढ़ाया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षीका रीना साहु ने किया साथ ही विद्यालय के अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाएं शोभा शर्मा, श्वेता सिंह, दिपीका कुमारी,सीमा कुमारी,प्रशांत गोराई,प्रिती सिंह आदि मौजूद थे!

# योगात्मक परीक्षा का शुभारंभ व डीएलएड प्रशिक्षुओं की विदाई



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उत्क्रमित मध्य विद्यालय महावीर नगर ऊपर टोला में प्रधानाचार्य रंथु साहु के नेतृत्व में विभागीय आदेश अनुसार योगात्मक मूल्यांकन का शुभारंभ किया गया. शैक्षिक मूल्यांकन में कक्षा पहली से सातवीं तक के सभी बच्चे भाग लिए,ये परीक्षा 13 मई तक चलेगी. परीक्षा समाप्ति उपरांत सह-शैक्षिक मूल्यांकन अंतर्गत वार्षिक कक्षा में उपस्थिति, अनुशासन एवं शिष्टाचार,जागरूकता, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता,मूल्य,खेलकूद में रुचि,ललित कला,निर्णय एवं नेतृत्व क्षमता,रचनात्मक कौशल एवं सहयोग की भावना गतिविधियों पर ग्रेडिंग किया जायेगा. इसके साथ सहायक निदेशक के आदेशानुसार सत्र 2021 से 2023 के आर टी सी, बी एड महाविद्यालय रांची में नामांकित डी एल एड प्रशिक्षुओं के अभ्यास पाठ संचालन हेतु रोशनी सोरेंग,अन्नी बाक्सला और ओसविन लकड़ा,ये तीनों को पाठ अभ्यास हेतु उ म वि महावीर नगर में 27 मार्च से 6 मई तक कक्षा संचालन के लिए भेजा गया था,जो की पूर्ण रूप से सफल संचालन किए और सभी प्रशिक्षुओं ने प्रधानाचार्य सहित सहायक शिक्षक को डायरी,कलम देकर सुशोभित किए साथ ही प्रधानाचार्य द्वारा बाल संसद प्रीति कुमारी और अक्शा परवीन द्वारा रचनात्मक बुके देकर सम्मानित किये. प्रशिक्षुओ ने कहा विद्यालय में पठन-पाठन क्रिया के साथ बेहतर संचालन हेतु भिन्न-भिन्न गतिविधियों में हिस्सा बनकर बहुत सीख मिली है पाठ अभ्यास से सभी प्रशिक्षु संतुष्ट हुए द्य इसके साथ प्रधानाचार्य रंथु साहू ने तीनों प्रशिक्षुओं के उज्जवल भविष्य की कामना किए. कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सहायक शिक्षक राजेश कुमार साहु के साथ तीनों प्रशिक्षुओं का सराहनीय योगदान रहा.

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/RANCHI/21/2022-23 Re e-tender (2nd Call) P.R. No. 293960 Rural Development (22-23) D**

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राँची जिला के खेलारी प्रखंड स्थित मायापुर पंचायत में हरहू नाला पर आर0सी0सी0 पुलिया निर्माण। | 273.14900 | 5,46,300.00 | 10,000.00 | 18 माह |
| 2 | राँची जिला के खेलारी प्रखंड के लपरा पंचायत के चट्टी नदी में आर0सी0सी0 पुलिया निर्माण। | 264.41900 | 5,28,900.00 | 10,000.00 | 18 माह |
| 3 | राँची जिला के सिल्ली प्रखंड में कोंचों पंचायत अन्तर्गत देलबेड़ा धाम के स्वर्णरेखा नदी घाट पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण। | 1059.50600 | 21,19,100.00 | 10,000.00 | 24 माह |
| 4 | राँची जिला के प्रखंड रातू अंतर्गत पंचायत लहना ग्राम लहना में लहना नदी पर पुल निर्माण। | 309.73000 | 6,19,500.00 | 10,000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – दिनांक 15.05.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 16.05.2023 से दिनांक 29.05.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 01.06.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :–
   i) ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची के लिए जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
   ii) ग्रामीण विकास विशेष अंचल, राँची के लिए जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
   iii) e-procurement Cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0एफ0पी0 भवन, धुर्वा, राँची।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 02.06.2023 अपराह्न 02:00 बजे।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।
10. ई0–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 9523491111 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,राँची

PR 296683 Rural Development(23-24).D

## उपायुक्त -सह-दण्डाधिकारी का कार्यालय,गुमला (समाज कल्याण शाखा)

**अति अल्पकालीन निविदा**

वित्तीय वर्ष 2023–24 में गुमला जिलान्तर्गत सम्प्रेक्षण गृह में खाद्यान्न एवं अन्य सामग्री आपूर्ति हेतु मुहरबंद निविदा निबंधित एवं प्रतिष्ठित थोक विक्रेताओं से दिनांक 15.05.2023 को **11:30** बजे पूर्वाह्न तक आमंत्रित की जाती है तथा उसी दिन जिला क्रय समिति, गुमला के समक्ष निविदा **3:30** बजे अपराह्न में खोली जायेगी। निविदा खोलते समय निविदादाता या उसके प्रतिनिधि की उपस्थित अनिवार्य होगी। न्यूनतम दर एवं गुणवत्ता पर स्वीकृत निविदादाता को आपूर्ति आदेश प्राप्त होने पर आपूर्ति निर्धारित समय सीमा के अन्दर देनी होगी।

**निविदा की शर्त्ते :–**

1. प्रत्येक निविदादाता को GST निबंधन प्रमाण पत्र देना अनिवार्य होगा।
2. GST का अद्यतन Audited Balance Sheet संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. खाद्यान आपूर्तिकर्त्ता को कृषि बाजार अनुज्ञप्ति प्रमाण पत्र देना होगा।
4. खाद्यान आपूर्तिकर्त्ता हेतु निविदादाता को खाद्यय सुरक्षा एवं मानक में निबंधित होना अनिवार्य होगा।
5. निविदादाता निविदा के साथ अग्रधन की रूप में 50,000/– (पचास हजार) रुपये का बैंक ड्राफ्ट/NSC जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, गुमला के पदनाम से निविदा के साथ देना अनिवार्य होगा।
6. निविदाता का संबंधित आपूर्ति के क्षेत्र में वार्षिक Trun over एक करोड़ से अधिक रहना अनिवार्य होगा।
7. प्रत्येक निविदादाता को संबंधित आपूर्ति क्षेत्र में 05 वर्षो का कार्य अनुभाव प्रमाण पत्र देना अनिवार्य होगा।
8. प्रत्येक निविदादाता को आयकर निबंधित प्रमाण पत्र एवं 03 वर्षो का (2019–20, 2020–21, 2021–22) आयकर रिर्टन प्रमाण पत्र देना अनिवार्य होगा।
9. निविदादाता को खाद्य सामग्रियों का नमुना निविदा के साथ देना अनिवार्य होगा। बिना नमुना निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा। ब्राण्डेड कम्पनी का मार्का भी निविदा में अंकित किया जाय।
10. बिना अग्रधन की निविदा एवं कोई भी कागजात की कमी पाये जाने पर विचार नहीं किया जाएगा, जिस पर किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।
11. स्वीकृत निविदादाता को आवंटन का प्रत्याशा में आपूर्ति बाधित नहीं करनी होगी। आपूर्ति बाधित करने पर उसे काली सूची में नाम दर्ज की जा सकती है एवं अग्रधन की राशि जब्त की जा सकती है।
12. निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार उपायुक्त महादेय को सुरक्षित होगा।
13. स्वीकृत निविदादाता को सामग्री की आपूर्ति सम्प्रेक्षण गृह, गुमला तक पहुँचाकर करनी होगी, जिसके लिए अलग से परिवहन/हथालन व्यय देय नहीं होगा।
14. इच्छुक निविदादाता संप्रेक्षण गृह में आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्री, पठन पाठन/लेखन सामग्री, रचनात्मक कार्य हेतु सामग्री, कार्यालय में उपयोग हेतु सामग्री, पोषाक एवं वस्त्र, खेल सामग्री एवं अन्य सामग्रियों की सूची अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस के दिन प्राप्त कर सकते हैं।
15. सामग्री का दर सभी प्रकार के कर को सम्मिलित कर प्रति किलो अथवा प्रति अद्द में अंकित करना अनिवार्य होगा।
16. आपूर्तिकर्त्ता को किसी प्रकार का अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा।
17. निविदादाता को काली सूची में दर्ज नहीं होने, प्राथमिकी दर्ज नहीं होने तथा वे हर प्रकार के आरोप/जांच से मुक्त है का शपथ पत्र (नोटरी पब्लिक) का मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
18. उपायुक्त/आरक्षी अधीक्षक द्वारा निर्गत चरित्र (आचरण) प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
गुमला

PR 296647 Women, Child Development & Social Security(23-24).D

## Government of Jharkhand
## Rural Works Department
## JHARKHAND STATE RURAL ROADS DEVELOPMENT AUTHORITY (JSRRDA)

3rd Floor, F.F.P. Building, Dhurwa, Ranchi 834004

NOTICE INVITING TENDERS

(National Competitive Bidding Through e-Procurement)

**e-Tender No.- 05/2023-24** **Dated: 04.05.2023**

**3rd Call Very Short Tender Notice**

**(PR NO.- 287513)**

The undersigned on behalf of Government of Jharkhand invites item rate bids through e-Procurement from the eligible bidders registered* in appropriate class with any State/Central Government/State /Central Government Organization for construction and maintenance for five years of the works (List of schemes shall be displayed in the website pmgsytendersjhr.gov.in) of Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna (PMGSY-III).

| Sr. No. | Package ID | District Name | Block name | WORK NAME | Road/ LSB | Package wise Roads Length (in km) | Cost of Const. and Maint. With GST (in Lakh) | Earnest Money (in Lakh) | Time Period |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JH-P3-22-23-GAR-01-FDR | Garhwa | Bhandaria | T01-Saliyadamar to Marda via Madgari Jamauti | Road | 56.08 | 5360.32 | 107.21 | 18 Months |
| | | | Bhandaria | T03-Karchali to Barhgarh via Baghwar ,Garaiya | Road | | | | |
| | | | Ramkanda | MRL01-Udaypur to Ramkanda | Road | | | | |
| | | | Ramkanda | T02-Udaypur to Gamharia via Chete, Patsar | Road | | | | |
| | | | Ranka | T02-Hurdag to Bishrampur via Chaukari Jogi Khura Kudrum Dhengura | Road | | | | |

The bid should be submitted online in the website **pmgsytendersjhr.gov.in**. The bidders should have valid Digital Signature Certificate for online submission of bid.

Details of bid submission is as under:

| Procurement Officer | Place of Opening | Availability of tender (on-line) for bidding | | Last date & time of seeking clarification | Last date and time of bid submission | Date & time of opening (on-line) of tender | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | From | To | | | Technical bid | Financial bid |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 8 | 9 |
| Chief Engineer, JSRRDA, Ranchi | Chief Engineer, JSRRDA, Ranchi | **08.05.2023 at 10.00 AM** | **17.05.2023 upto 5.00 PM** | **12.05.2023 upto 2.00 PM** | **17.05.2023 upto 5.00 PM** | **17.05.2023 at 05.30 PM** | To be informed later |

** Non-registered bidders may also submit bid, however the successful bidders must get registered in appropriate class with appropriate authority before signing the contract.*
*** Cost may change.*

**Note :-**

1. Amount of Bid Security should be taken as mentioned in the Bid Data Sheet of the Bidding Document.
2. Cost of Bid Document (Rs. 10000) and Bid Security (as mentioned in the Bid Data Sheet) shall be deposited **online** in form as mentioned in Bid Data Sheet failing which the bid will be treated non responsive and action shall be taken as per Sec. 2 of ITB clause 12.2 (d).
3. In case, it is found, even after the award of work that the bidder has submitted/ uploaded any false/erroneous/fraudulent statement/document, he/she is liable for blacklisting and forfeiture of Bid Security.
4. Bidders must submit GST registration certificate without which bid is liable to be rejected.
5. Bidders whose names appear in the Debar/blacklist of RWD, any department of GoJ/GoI (including JSRRDA) shall not be allowed to participate in the above bids.
6. Bids submitted by bidders, who have long pending ATR(s) / made inordinate delay in execution of earlier allotted construction/ maintenance works of PMGSY, may be rejected summarily.
7. In case of any discrepancy/dispute about units in BOQ, units as mentioned in Current SOR on which BOQ has been prepared shall prevail.
8. Participating bidders are free to submit grievances, if any, against the decision of technical evaluation within five working days from the date of uploading of decision of technical evaluation only through email at **jh-ce@pmgsy.nic.in** Grievance submitted after stipulated period shall not be considered.
9. Bidders must have valid registration with Employee Provident Fund organization under EPF and Miscellaneous Provisions Act 1952 failing which the bid shall be rejected.
10. Bidders must not quote rate for routine maintenance. The amount for routine maintenance as indicated in the Bill of Quantities must be acceptable to bidders.
11. For unbalanced bids, extra security will be required to be deposited by the bidder at the time of Agreement.
12. The undersigned reserves the right to cancel the tender at any stage without giving prior notice/reason.

All other details can be seen in the bidding document which is available in website **pmgsytendersjhr.gov.in** as per schedule mentioned above.

**Chief Engineer**
**JSRRDA, Ranchi**

PR 296618 (Rural Work Department)23-24*D

## जुस्को स्कूल साउथ पार्क में एनटीटीएफ ने किया करियर काउंसलिंग वर्कशॉप




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जुस्को स्कूल साउथ पार्क में आज करियर काउंसलिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। एनटीटीएफ द्वारा आयोजित करियर वर्कशॉप में 10वीं कक्षा के 150 छात्रों ने भाग लिया। उन्हें उद्योग केंद्रित कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई जो न केवल उन्हें करियर के अवसर प्रदान करेंगे बल्कि उनके तकनीकी कौशल को भी विकसित करेंगे और लर्नर से लीडर बनने में उनकी मदद करेंगे। एनटीटीएफ के प्रिंसिपल वेद प्रकाश, जितेन्द्र सिंह (लेक्चरर) के साथ एनटीटीएफ, बर्मामाइंस की ओर से सत्र का संचालन किया।

## जेएसएसपी के मध्य विद्यालय में कौशल पाठ्यक्रम की शुरुआत




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए जुस्को स्कूल साउथ पार्क ने आज वर्ग 6-8 के छात्रों के लिए कौशल विकास कक्षाएं की शुरुआत हुई। कौशल पाठ्यक्रमों में फाइनेंशियल लिट्रेसी, डेटा साइंस, ट्रैवल एंड टूरिज्म और आपात स्थिति में डॉक्टर के न होने पर क्या करना है आदि के बारे में बच्चों को बताया गया। इसके कार्यान्वयन में अहम भूमिका निभाने वाले कौशल प्रशिक्षकों और शिक्षकों में उदय चौधरी, सुप्रिया पॉल, आकांक्षा, सरोजिनी बनरा, गुरप्रीत सिंह, अंजनी साह, अमित सेन, मनिंदर सिंह, बंदना सिंह, अन्नू सिंह, अमिता झा और नेहा परवीन शामिल थी। इस मौके पर स्कूल की प्रिंसिपल मिली सिन्हा ने मिडिल स्कूल में इस कौशल पाठ्यक्रम के कार्यान्वयन की शुरुआत के लिए पूरी टीम को बधाई दी।

## जेवियर स्कूल के खेल प्रशिक्षक विकास कुमार सिंह बने एनसीसी के सेकंड ऑफिसर



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जेवियर स्कूल गम्हरिया के खेल प्रशिक्षक सह एनसीसी प्रभारी विकास कुमार सिंह का चयन एनसीसी के सेकंड ऑफिसर अधिकारी के रूप में हुआ है। इनका प्रशिक्षण विगत वर्ष कंप्टी, नागपुर में हुआ था। सरायकेला- खरसावां जिले से वे एकमात्र खेल प्रशिक्षक हैं जिन्हें यह उपलब्धि हासिल हुआ है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय 37, झारखंड बटालियन के लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव कुमार मिश्रा को दिया है। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य फादर दयानिधि विशोई एस.जे ने विद्यालय के लिए इस बड़ी उपलब्धि पर खुशी जताया है। शनिवार को सोनारी स्थित एनसीसी ऑफिस में पाइपिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया जिसमें विकास कुमार सिंह को कंधे पर एक और स्टार लगाकर उन्हें सम्मान दिया गया। विद्यालय की कोऑर्डिनेटर सिस्टर अर्चना ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विकास ने बताया कि एनसीसी का दायित्व बच्चों में अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं समय पर पाबंद रहना सिखाता है।

## सरस्वती शिशु मंदिर उच्च विद्यालय में सफल प्रतिभागी किए गए पुरस्कृत



**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च विद्यालय सरायकेला के शांतिकुंज में विगत दिनों विद्यालय के भैया-बहनों के बीच कक्षा सह विद्यालय वेश, बैग बस्ता व स्वच्छता का निरीक्षण किया गया था। जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों को शनिवार पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य तुषार कांत पति सहित विद्यालय के आचार्य एवं दीदी उपस्थित थे।


## समीर के श्राद्धकर्म में पहुंचे विधायक ने दी श्रद्धांजलि



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड आंदोलनकारी सह पटमदा के खेरुआ गांव निवासी रहे स्व समीर पांजा के श्राद्धकर्म में पहुंचे जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने शुक्रवार को उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि दी। मौके पर झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, कांग्रेस के सोशल मीडिया प्रभारी विश्वामित्र दास, शिशिर पांजा व निहार रंजन पांजा आदि मौजूद थे। इस दौरान विधायक ने कहा कि समीर बाबू का झारखंड आंदोलन में विशेष योगदान रहा और वे काफी मिलनसार व्यक्ति थे।

## विवेक विद्यालय के बच्चों ने सोशल मीडिया के खतरों से किया आगाह

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छोटा गोविंदपुर स्थित विवेक विद्यालय के कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों ने प्रातःकालीन सभा में लघुनाटिका के माध्यम सोशल मीडिया के अत्यधिक प्रयोग से बचने की



सलाह दी । सोशल मीडिया द्वारा भ्रामक खबरों से बचने और साइबर अपराध से स्वयं को सुरक्षित रहने के उपायों पर नाट्य द्वारा संदेश दिया गया। इस महत्वपूर्ण संदेश पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अवधेश सिंह ने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग न करने के लिए प्रेरित किया ।

# जमशेदपुर में धड़ल्ले से बेचे जा रहें खाद्य पदार्थों के नमूनों में मिलावट की हुई पुष्टि, होगी कार्रवाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** अभिहित अधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी, धालभूम पीयूष सिन्हा के निदेशानुसार खाद्य पदार्थों को लेकर चलाये गए जांच अभियान में कुछ व्यवसायियों के खाद्य पदार्थों के नमूनों में मिलावट की पुष्टि हुई है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि हरहरगुटू स्थिति राहुल साव के मसाला फैक्ट्री से मसाला एवं एडल्टरेंट को एनफोर्समेंट नमूना, मेसर्स डगआउट साकची से पनीर, मंसर्स गंगा रिजेंसी न्यू बाराद्वारी का पनीर, मेसर्स सुरेन्द्र कैवर्त फुड पार्क, मानगो गोलचक्कर से घी का नमूना लेजर जांच के लिए रांची भेजा गया था। राज्य खाद्य जांच प्रयोगशाला, नामकुम से 4 मई 2023 को प्राप्त जांच प्रतिवेदन में राहुल साव के मसाला फैक्ट्री में विनिर्माण हल्दी पाऊडर में चावल का स्टार्च, मिक्स मसाला पाउडर में अनपरमिटेड कलर, मिक्स मसाला कम गुणवत्ता, चावल की भूसी, मिलावट हल्दी के लिए तथा राव खड़गपुर मसाला में अनपरमिटेड मेटानिल येलो कलर पाया गया है तथा नॉन फूड कलर एडल्टरेंड फॉर ग्रीनिश स्पाइसेज की पुष्टि हुई है । साथ ही मेसर्स सुरेन्द्र केवट, गोलचकर साकची का मिला मिलावटी घी, गंगा रिजेंसी, न्यूबाराद्वारी, साकची का पनीर का नमूना खराब क्वालिटी पाया गया है। वही मेसर्स डगआउट, साकची का पनीर का नमूना ठीक पाया गया। उक्त मिलावट करने वाले सभी खाद्य व्यवसायवेता पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी ।




मारवाड़ी महिला मंच जमशेदपुर की पहल

## मृत्यु पश्चात भी दुनिया देखेंगी पुष्पा देवी की आंखें

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जुगसलाई मारवाड़ी पाड़ा रोड़ की रहने वाली पुष्पा देवी (उम्र 85) की मौत के बाद भी उनकी आंखें रोशनी देती रहेंगी। मारवाड़ी महिला मंच जमशेदपुर की पहल पर पुष्पा देवी के निधन के पश्चात उनके पति ओम प्रकाश अग्रवाल एवं दोनों पुत्र जितेंद्र और संजय अग्रवाल की सहमति से शुक्रवार 05 मई को नेत्रदान जुगसलाई आवास पर ही करवाया गया। जिससे दो लोगों की दुनिया रोशन होगी। इस नेक कार्य में रोशनी संस्था की अध्यक्ष तरु गांधी एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विवेक केडिया, महिला मंच की सदस्यों की अहम भूमिका रही। इस पुनीत कार्य के लिए मारवाड़ी महिला मंच जमशेदपुर शाखा ने अग्रवाल परिवार एवं रोशनी संस्था को साधुवाद दिया। मालूम हो कि पुष्पा देवी महिला मंच की सदस्य प्रीति अग्रवाल की सास थी। जिनका आकस्मिक निधन गुरूवार 04 मई को हुआ था। अंतिम संस्कार जुगसलाई घाट पर किया गया। यह जानकारी महिला मंच की सुशीला खीरवाल ने दी। उन्होंने बताया कि मारवाड़ी महिला मंच जमशेदपुर शाखा द्वारा कई सालों से नेत्रदान महादान पर अभियान चला रहा है। इस वर्ष 2023 का यह पहला नेत्रदान हैं। उन्होंने समाज के सभी बंधुओं से अपील किया कि अगर किसी के घर में ऐसी घटना होती है और वे अगर नेत्रदान करवाने में इच्छुक हो तो सुशीला खीरवाल (9431952424) एवं सीमा अग्रवाल (7858016351) से संपर्क कर सकते हैं।



## हुदू सीएचसी में सुरक्षा व्यवस्था नहीं, जिप सदस्य व भूमि रक्षा मोर्चा के अध्यक्ष ने जताई नाराजगी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** सरायकेला-खरसावां के कांड्रा थाना अंतर्गत हुदू स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शनिवार को जिप सदस्य पिंकी मंडल और आदिवासी- मूलवासी भूमि रक्षा मोर्चा के अध्यक्ष सह मुख्य सलाहकार संग्राम मार्डी ने दौरा कर अस्पताल का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में किसी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं किया जाना गम्भीर विषय है। इस बावत उपायुक्त को जानकारी देने की बात उन्होंने कही। इस संदर्भ में स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद एएनएम मीना देवी से पूछे जाने पर बताया गया कि विगत दो वर्ष पूर्व यहां होमगार्ड जवान तैनात किए गए थे। किन्तु, वर्तमान में उसे हटा दिया गया है। उन्होंने अस्पताल में कर्मचारियों की कमी होने की बात भी बताई। बताया कि स्वास्थ्य केंद्र में लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी, सुरक्षा के लिए होमगार्ड आदि की कमी निरीक्षण के दौरान पाया गया। वहीं, इस दौरान मौजूद आदिवासी-मूलवासी भूमि रक्षा मोर्चा के अध्यक्ष संग्राम मार्डी ने कहा कि एक माह के भीतर सरकार इस स्वास्थ्य केंद्र पर सभी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराती है तो ग्रामीणों के साथ जिला मुख्यालय के समक्ष उग्र आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने इस बावत राज्य के राज्यपाल, सीएम, स्वास्थ्य मंत्री, उपायुक्त, सिविल सर्जन आदि को ज्ञापन सौंपा जाएगा।



## बेखौफ अपराधियों ने होमगार्ड महिला जवान को गोली मारकर की हत्या

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** कुचाई थाना अंतर्गत सीआरपीएफ कैंप के समीप बीती रात बेखौफ अपराध कर्मियों ने एक महिला होमगार्ड जवान की गोली मारकर हत्या कर दी। जिसके बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना शुक्रवार देर रात करीब 8 बजे के आसपास की बताई जा रही है। आनन-फानन में रात करीब 9 बजे महिला होमगार्ड जवान को कुचाई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की पहचान कुचाई के निवासी (40) नम्रता सामड के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार कुचाई-दलभंगा मुख्य मार्ग के प्रखंड मुख्यालय, सीआरपीएफ कैंप के समीप महिला होमगार्ड जवान नम्रता सामड अपना भरण-पोषण करने के लिए अपने घर पर ही ब्यूटी पार्लर, सिलाई-कटाई सेंटर और स्टेशनरी की दुकान चलाती थी। शुक्रवार की रात आठ बजे अपनी दुकान बंद कर रही था। इसी क्रम में अज्ञात अपराधी के द्वारा नम्रता सामड के सिर पर पिछे से देशी कट्टा से गोली मार दी। सूचना के बाद कुचाई थाना प्रभारी विष्णु चरण भोक्ता ने कुचाई सामुदायिक केन्द्र पहुंच कर मामले की जानकारी ली। इधर घटना की सूचना मिलते ही शनिवार अहले सुबह खरसावां के पूर्व विधायक मंगल सिंह सोय, भाजपा जिला अध्यक्ष विजय महतो,जिला परिषद जिंगी हेंब्रम, मुखिया लुदरी हेम्ब्रम, गणेश माहली, दुलाल स्वासी, सुशील सांड़गी, मंगल सिंह मुंडा, लखीराम मुंडा, डुमू गोप, लुबुराम सोय, नागेश्वर पंड़ा, काण्डे सुमरूई सहित अन्य जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है।



## जोड़सा शक्तिश्वर शिव मंदिर में तीन दिवसीय चड़क मेला संपन्न





प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती जोड़सा शक्तिश्वर शिव मंदिर में सोलोआना कमेटी की ओर से हर वर्ष की भांति आयोजित तीन दिवसीय चड़क मेला(शिव पूजा) का समापन शनिवार को कलश विसर्जन व सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। अंतिम दिन शाम करीब 7 बजे से बाउल संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पश्चिम बंगाल के पश्चिम मेदनीपुर से पहुंचे श्री श्री मनसा माता बाउल सम्प्रदाय की टीम द्वारा गीत, संगीत व नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। मेला कमेटी के सदस्य प्रवीर कुंभकार ने बताया कि चड़क मेला के उपलक्ष्य में तीन दिनों तक अलग-अलग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से छऊ नृत्य, भगता घूरा, अमर संगी नृत्य झंकार विचित्रानुष्ठान एवं बाउल संगीत आदि शामिल रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से श्यामपद सिंह, प्रवीर कुंभकार, पंचानन दास, देवेंद्र कुंभकार, बीरबल सिंह, आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

## बाल विवाह की रोकथाम के लिए जागरुकता अभियान चलाने का लिया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** शनिवार को पटमदा प्रखंड के ग्राम प्रधानों की मासिक बैठक पटमदा प्रखंड सभागार में सुधीर चंद्र माझी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी पियूषा शालीना डोना मिंज व अंचलाधिकारी चंद्रशेखर तिवारी के साथ ग्राम प्रधानों ने कई मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान निर्णय लिया गया कि क्षेत्र में बाल विवाह को रोकने के लिए प्रत्येक ग्राम सभा की ओर से ग्रामीणों को जागरूक करने का काम किया जाएगा। लड़की की उम्र 18 और लड़के की उम्र 22 साल होने के बाद ही शादी करने के लिए अभिभावकों को जागरूक करना है। इसके अलावे प्रत्येक ग्राम सभा क्षेत्र में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने व ग्राम सभा की बही ग्राम प्रधानों के पास ही रखने व उसकी छायाप्रति देने का भी निर्णय हुआ। ग्राम प्रधान संघ पटमदा के अध्यक्ष बृंदावन दास ने बताया कि पिछली बैठक में जिन समस्याओं के संबंध में चर्चा हुई थी उसका समाधान कमलपुर थाना प्रभारी व कुमीर ग्राम प्रधान के माध्यम से हो चुका है, संघ के लिए बड़ी उपलब्धि है। बैठक में मुख्य रूप से बृंदावन दास, मृत्युंजय महतो, विकास चंद्र महतो, फूलचांद महतो, नवीन सिंह, रजनीकांत महतो, निर्मल चंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, धनंजय सिंह, अनिल महतो, काशीनाथ महतो, चुनाराम मुर्मू, भावनिधि महतो, आदि थे।



## अनियंत्रित कोयला लदा ट्रक पलटा, चालक घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के सिल्ली रांगामाटी सड़क पर दुबराजपुर के पास एक कोयला लदा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। बताया जा रहा है कि ट्रक पर रामगढ़ से कोयला लेकर जमशेदपुर जा रहा था, जहां एक बाइक और कार को बचाने के क्रम में ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक के चालक भी नीचे गिर कर घायल हो गया। ग्रामीणों ने उसे चिकित्सा हेतु मिलन चौक भेज दिया। ट्रक पलटने से कोयला चारों ओर फेल गया। घटना की सुचना मिलते ही ईचागढ़ पुलिस मौके पर पहुंची व ट्रक को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुटी।



## गरीब बच्चों को मुफ्त शिक्षा के लिए खरीदे गए घर पर पड़ोसी ने किया कब्जा, एसएसपी से शिकायत

प्रभात मंत्र संवाददाता


**जमशेदपुर :** गरीब बच्चों को मुफ्त शिक्षा देने के उद्देश्य खरीदे गए मिट्टी के घर पर पड़ोसी द्वारा दीवार तोड़कर कब्जा किए पर खासमहल निवासी मो.अजहर खान ने वरीय पुलिस अधीक्षक को एक शिकायत पत्र सौंपकर उचित कार्रवाई की मांग की है। पत्र के अनुसार खासमहल चारखंबा बस्ती में मो. अजहर खान ने बतौर कोर्ट के एग्रीमेंट के साथ गोप पति स्वर्गीय बाबूलाल गोप से 4 मार्च 2021 को उक्त घर खरीदा था। कुछ दिनों तक घर बंद रहने पर पड़ोस के रहने वाले निशाकर पान ने घर पर लगा सीमेंट का एजबेस्ट्स खोल दिया। साथ ही एक तरफ की दीवार भी तोड़ दी। पुछताछ करने पर निशाकर पान झगड़ा करने लगा। मो. अजहर खान ने बताया कि उन्होंने 17 फरवरी 2023 को इसकी लिखित शिकायत परसूडीह थाने में की थी। पुनः एक माह बाद दोबारा आवेदन दिया। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस बीच निशाकर पान के द्वारा मेरे कमरे में मां मंगला की मिट्टी की मुर्ति रख दी गई। इसकी भी जानकारी परसूडीह पुलिस को दी गई, लेकिन पुलिस के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। उक्त कमरे में वे असहाय व गरीब बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करते थे। मो. अजहर खान ने इस मामले में वरीय पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगायी है।



## साकची आमबगान मैदान में शुरु हुआ फन वर्ल्ड डिजनीलैंड, लोगो की उमड़ी भीड़

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** साकची स्थित आमबगान मैदान, जमशेदपुर में हिन्दुस्तान का मशहूर फन वर्ल्ड डिजनीलैंड का उद्घाटन शुक्रवार को धालभूम के अनुमंडलाधिकारी पियुष सिन्हा एवं सहायक पुलिस अधिक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। अतिथियों ने मेले का भ्रमण किया एवं मेले में शिरकत किये हुए विभिन्न प्रकार के मनोरंजन के साधन एवं विभिन्न राज्यों से मेले में आये हैण्डलुम एवं हैंडीक्राफ्ट के उत्पादों की कारीगरी को देखकर वशिभुत हुए एवं उन्होंने कहा कि इस मेले में न केवल बच्चों के लिए बल्कि युवा एवं अन्य लोगों के लिए भी मनोरंजन के साधन उपलब्ध हैं। फन वर्ल्ड के आयोजक चन्द्रशेखर पर्वत ने बताया कि फन वर्ल्ड डिजनीलैंड में हैन्डलूम एवं हैन्डी क्राफ्ट की अनेक तरह की दुकानों के अलावा हैंडलुम के साड़ी, बेड शीट, नाईटी के परिधान विभिन्न राज्यों से आये मनमोहक रंगों एवं डिजाईनों में उपलब्ध होंगे जिसकी गुणवत्ता काफी अच्छी एवं कीमत काफी प्रतिस्पर्द्धात्मक होंगी। खरीददारी करने के पश्चात् जायकेदार नाश्ते एवं विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ भी लोग उठा सकेंगे। फन वर्ल्ड डिजनीलैंड में वाटर बोट, हेलीकॉप्टर, टोरा-टोरा, ड्रैगन ट्रेन, आदि लगया गया है। उद्घाटन के अवसर पर मेले के आयोजक उपरोक्त के अलावा शत्रुघन गिरी, एडवोकेट समरेन्द्र सिंह, पुरूषोत्तम मिश्रा, संतोष मिश्रा, कौशल किशोर पर्वत एवं अलमगीर सहित शहर के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।



## स्कूल प्रबंधन समिति के दोबारा अध्यक्ष बने योगिन्द्रनाथ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**नीमडीह :** सरायकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के नीमडीह थाना क्षेत्र के ओड़िया पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय में स्कूल प्रबंधन समिति का गठन किया गया। स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग के अधिसूचना के अनुसार स्कूल प्रबंधन समिति गठन एवं संयोजिका का चयन शांति पूर्ण रूप से किया गया। जानकारी देते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक अनादि कुमार महतो ने बताया विभाग के अधिसूचना के आलोक में स्कूल प्रबंधन समिति गठन एवं संयोजिका का चयन किया । अध्यक्ष एवं संयोजिका का पद में पुनः पिछले कार्यकाल को संभालने वाले को ही ग्रामीणों के मांगो को मद्देनजर रखते हुए सर्व सम्मति से निर्वाचित किया गया। पुनः अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर योगिन्द्रनाथ कुमार ने ग्रामीणों को आभार जताया साथ ही ग्रामीणों को बच्चे को स्कूल भेजने के लिए अपील भी किया एवं जल्द ही विभाग के मदद से स्कूल में चारदीवारी का निर्माण का भी बाते कहे। मौके पर शिक्षक सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## संपादकीय

# शरद पवार का संन्यास

**राष्ट्रवादी** कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने इस्तीफा देने की घोषणा की है। करीब 63 साल की अनवरत राजनीति के बाद अब वह एक कदम पीछे जाकर आराम करना चाहते हैं। उम्र भी 82 साल पार कर रही है। अब उनकी इच्छा है कि युवा पीढ़ी एनसीपी का नेतृत्व संभाले और जिम्मेदारियां निभाए। अलबत्ता उन्होंने सामाजिक, राजनैतिक, सांस्कृतिक काम जारी रखने की बात कही है। वह पार्टी के तमाम आयोजनों और कार्यक्रमों में भी मौजूद रहेंगे, यह आश्वासन भी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को दिया है, लेकिन एनसीपी का औसत कार्यकर्ता यह यथार्थ स्वीकार करने को तैयार नहीं है कि शरद पवार मौजूद हों और कोई दूसरा चेहरा पार्टी अध्यक्ष बन जाए। कुछ हद तक यह ठीक भी है, क्योंकि पवार ही एनसीपी के संस्थापक, जनक, सूत्रधार हैं। ऐसी शख्सियत को खारिज कैसे किया जा सकता है। पवार ने सोनिया गांधी के विदेशी मूल का विरोध करते हुए कांग्रेस छोड़ी थी और पीए संगमा, तारिक अनवर के साथ एनसीपी का गठन किया था। संगमा आज दिवंगत हैं और तारिक कांग्रेस में लौट चुके हैं। एनसीपी के साथ पवार ने एक लंबा राजनीतिक रास्ता तय किया है। उन्हें राष्ट्रीय और महाराष्ट्र की राजनीति का चाणक्य माना जाता रहा है। भारत सरकार में वह रक्षा मंत्री और कृषि मंत्री भी रहे। नेता प्रतिपक्ष की भूमिका भी निभाई। कमोबेश महाराष्ट्र की राजनैतिक जमीन पर उन्होंने कभी भी कमजोरी नहीं दिखाई और न ही पार्टी को कमजोर होने दिया। कांग्रेस के साथ मिल कर उन्होंने सरकार चलाई। शिवसेना सरीखी धुर विरोधी सोच की पार्टी के साथ उन्होंने ही गठबंधन तैयार किया और उसमें हिस्सा बनने को कांग्रेस को भी सहमत किया। नतीजतन उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में सरकार बन सकी थी। जिस नेता को बागी, खलनायक, चाणक्य और घरेलू लड़ाकू करार दिया जाता रहा हो, वह बड़ी उम्र के बावजूद पार्टी की अध्यक्षी छोड़ने का अचानक ऐलान कर सकता है। हमें यह भी पवार की बाजी लगती है, क्योंकि उनके प्रिय भतीजे अजित पवार के साथ उनका कथित अंतर्कलह सतह पर आने लगा था। पवार जीवन भर धर्मनिरपेक्षता की समन्वयवादी राजनीति करते रहे हैं, लिहाजा अजित के भाजपोन्मुखी लगाव और रुझान को वह कैसे स्वीकार कर सकते थे। विशेषज्ञ उनके इस्तीफे का बुनियादी कारण अजित को ही मानते हैं। इस्तीफे की घोषणा का यह साबित कर दिया कि पार्टी में वह आज भी सर्वस्वीकार्य और सुप्रीमो हैं। बीती 16 अप्रैल को पवार की सांसद बेटी सुप्रिया सुले ने बयान दिया था कि आगामी 15 दिनों में दो बड़े धमाके होंगे। महाराष्ट्र के स्तर पर पवार का इस्तीफा वाकई विस्फोट है, लेकिन देश के स्तर पर क्या धमाका हो सकता है? क्या एनसीपी और भाजपा में गठबंधन के समीकरण बन सकते हैं? यह फिलहाल भविष्य के गर्भ में छिपा है। पवार को इस्तीफे पर आगामी 2-3 दिन में ही अंतिम फैसला लेना है। वह चाहते हैं कि उनकी बेटी सुप्रिया एनसीपी की नई अध्यक्ष बनें। अजित उसमें बड़ी बाधा बन सकते हैं। उस संदर्भ में भी पार्टी में फूट भी हो सकती है। कुछ विधायक तो अजित के पक्ष में भी हैं। यदि पार्टी में विभाजन होता है तो एनसीपी का व्यापक बिखराव भी सामने आ सकता है। वैसे आजकल पवार ने अडानी और जेपीसी के मुद्दों पर ऐसे बयान दिए हैं, जो प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के समर्थक ज्यादा लगते हैं। फिर पवार ने इस्तीफा देते हुए यह भी आशंका जताई है कि महाविकास अघाड़ी रहेगा या नहीं, उन्हें नहीं पता। इसके अर्थ गहरे हो सकते हैं। बहरहाल एनसीपी में प्रत्येक स्तर पर भावुकता है। नेता और कार्यकर्ता रो रहे हैं, छाती पीट रहे हैं, खुद को अनाथ समझने लगे हैं। बड़े नेताओं ने भी पवार के सामने हाथ तक जोड़ दिए हैं कि आप अपना फैसला वापस ले लें। अब सब कुछ पवार के पाले में है। देखना यह भी होगा कि पवार के इस कदम से महाराष्ट्र तथा देश की राजनीति में क्या बदलाव आता है। क्या राकांपा एकजुट रह पाएगी या बिखर जाएगी, यह भी देखने वाली बात होगी। बहरहाल, पवार पर सबकी नजरें लगी हैं।

> पवार ने सोनिया गांधी के विदेशी मूल का विरोध करते हुए कांग्रेस छोड़ी थी और पीए संगमा, तारिक अनवर के साथ एनसीपी का गठन किया था। संगमा आज दिवंगत हैं और तारिक कांग्रेस में लौट चुके हैं। एनसीपी के साथ पवार ने एक लंबा राजनीतिक रास्ता तय किया था। उन्हें राष्ट्रीय और महाराष्ट्र की राजनीति का चाणक्य माना जाता रहा है। भारत सरकार में वह रक्षा मंत्री और कृषि मंत्री भी रहे। नेता प्रतिपक्ष की भूमिका भी निभाई। कमोबेश महाराष्ट्र की राजनैतिक जमीन पर उन्होंने कभी भी कमजोरी नहीं दिखाई और न ही पार्टी को कमजोर होने दिया। कांग्रेस के साथ मिल कर उन्होंने सरकार चलाई। शिवसेना सरीखी धुर विरोधी सोच की पार्टी के साथ उन्होंने ही गठबंधन तैयार किया और उसमें हिस्सा बनने को कांग्रेस को भी सहमत किया। नतीजतन उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में सरकार बन सकी थी।

## कुछ अलग

# आर्थिक पंखों पर

**आर्थिक** खुशहाली की तलाश में उतरी सुक्खू सरकार के लिए आरंभिक चुनौतियां प्राकृतिक संसाधनों से जुड़े अधिकारों की संरचना व स्वीकृतियों के पैमानों तक जा पहुंची हैं। वाटर सेस की वकालत में हिमाचल ने अगर अपने आर्थिक पंख खोले, तो केंद्र सरकार का अब तक का रवैया असहयोगपूर्ण तथा गैरवाजिब दिखाई देता है। यह इसलिए भी कि हिमाचल से पहले उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर व सिक्किम जैसे राज्यों ने लगभग ऐसा कदम उठाते हुए अपने जलाधिकारों को पुख्ता किया, तो केंद्र ने चूं तक नहीं की, लेकिन क्षेत्रीय राजनीति के दबाव में केंद्र की हमारे प्रति प्रतिक्रिया अप्रत्याशित व अनुदार दिखाई देती है। बावजूद इसके सुक्खू सरकार अब जल संसाधनों की क्षमता तथा भविष्य की रूपरेखा में कम से कम यह संदेश देने में कामयाब मानी जाएगी कि हिमाचल अपनी आर्थिक आत्मनिर्भरता के रास्ते पर प्राकृतिक संसाधनों की पैरवी में धन जुटाएगा या उगाहेगा। यह संदेश प्रदेश के भीतर विद्युत उत्पादन में लगी 27 कंपनियों की समझ में आ गया, तो एक मकसद पूरा हो गया है। पानी की तड़प में आज तक प्यासा रहा हरियाणा अगर हिमाचल से सीधे मुखातिब होने लगा है, तो क्षेत्रीय संभावनाओं के अक्स बदल सकते हैं। हरियाणा ने इच्छा प्रकट की है कि वह सतलुज से सीधे नहर के जरिए पानी लेना चाहता है यानी पहली बार पंजाब पुनर्गठन के समझौते से बाहर निकल कर कोई पड़ोसी राज्य हिमाचल को अधिमान ही नहीं दे रहा, बल्कि निर्णायक भूमिका में परख भी रहा है। अगर दोनों राज्यों में सहमति होती है, तो इसके साथ भविष्य का रौडमैप भी रेखांकित होगा यानी 'तुम हमें पानी दो हम तुम्हें आर्थिक संसाधन देते हैं' जैसे आपसी सहयोग के सिद्धांतों के नजदीक भूमिका तराशी जा सकती है। दूसरी ओर पंजाब पुनर्गठन की गांठों के बाहर क्षेत्रीय सहयोग की नई परिपाटी इस तरह के द्विपक्षीय समझौतों की सहभागिता में आगे बढक़र पुराने कई विवादों पर मरहम लगाने जैसा भी होगा। पिछले काफी समय से पंजाब पुनर्गठन और इससे पहले बीबीएमबी के अस्तित्व में समाए कई गतिरोध हमारे क्षेत्र की आर्थिक क्षमताओं पर चोट पहुंचा रहे हैं। पौंग व भाखड़ा जलाशयों में बंटी रिश्तों की किश्तियां आज भी मझधार में फंसी हैं, तो कुछ कांटे हरियाणा, तो कुछ हिमाचल की तरफ आए हैं। संपर्क नहर परियोजना के दांव में खेली गई सियासत आज भी हरियाणा की दुखती रग को पकड़ती है, तो पौंग बांध समझौते की फांस में पंजाब से अलग हुए कांगड़ा के पर्वतीय क्षेत्र अपने सीने में नाइंसाफी के खंजर लिए बैठे हैं। जिस समझौते के तहत तत्कालीन पंजाब ने रेगिस्तान को पौंग बांध के दम पर सींच दिया, उसके जख्म हिमाचल में शामिल हुए कांगड़ा के संदर्भ में आज भी हरे हैं। इस अतीत से निकलने का एक सकारात्मक पक्ष यही होगा कि आर्थिक बराबरी पर द्विपक्षीय समझौतों के तहत पानी से अधिकारों की भाषा निकले। हरियाणा ने सतलुज के माध्यम से जिस पानी की ख्वाहिश की है, उसी के जरिए हिमाचल भी अपनी आर्थिक जरूरतों की आपूर्ति करने का रास्ता चुन सकता है। इससे पहले दिल्ली को पानी पिलाने के लिए श्रीरेणुका जी बांध परियोजना का संकल्प हिमाचल को ऐसा ही अवसर दे गया। हमारे पड़ोस में जम्मू-कश्मीर व पंजाब की राजनीतिक, सामाजिक व भौगोलिक संवेदनशीलता की एक हद तक चुनौतियां, रिश्तों को कई बार असहज बना देती हैं। क्षेत्रीय तनाव जब बढ़ते हैं, तो हिमाचल के भौगोलिक संकट जमीन पर खड़े हो जाते हैं। ऐसे में कनेक्टिविटी के मसले पंजाब और हरियाणा की जमीन पर हिमाचल को सदा बचाव की मुद्रा में देखना चाहते हैं।

## नियंत्रण और अनुशासन के बिना राजनीतिक शुचिता एवं आदर्श राजनीतिक मूल्यों की कल्पना नहीं की जा सकती

# जहरीले भाषणों की दिन-प्रतिदिन गंभीर होती समस्या

ललित गर्ग

> कांग्रेस सहित अनेक राजनीतिक लदों के नेता ऐसे वक्तव्य देते हैं और विवाद बै ता देख बाद में सफाई देने से भी नहीं चूकते। वोट के लिए धर्म, सम्प्रदाय, जाति, समाज किसी को भी नहीं छोआजा रहा। पार्टी कोई सी भी हो, चुनावी सभाओं में नेता अपने विरोधियों के लिखाफ जहर उगलने से नहीं चूकते। नेता चाहे सत्ता पक्ष से जुड़े हों या प्रतिपक्ष से, अक्सर भाषणों में हदें पार कर देते हैं। सुप्रीम कोर्ट के समय-समय पर दिए गए निर्देशों की भी इन्हें परवाह नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने पिलछे दिनों ही चुनाव आयोग को मजबूत करने के प्रयास करते हुए उसे अपनी ताकत का अहसास भी कराया है।

**कर्नाटक** में चुनावों को लेकर नफरती सोच एवं हेट स्पीच का बाजार बहुत गर्म है। राजनीति की सोच ही दूषित एवं घृणित हो गयी है। नियंत्रण और अनुशासन के बिना राजनीतिक शुचिता एवं आदर्श राजनीतिक मूल्यों की कल्पना नहीं की जा सकती। नीतिगत नियंत्रण या अनुशासन लाने के लिए आवश्यक है सर्वोपरि राजनीतिक स्तर पर आदर्श स्थिति हो, तो नियंत्रण सभी स्तर पर स्वयं रहेगा और इसी से देश एक आदर्श लोकतंत्र को स्थापित करने में सक्षम हो सकेगा। अक्सर चुनावों के दौर में राजनीति में बिगड़े बोल एवं नफरत की राजनीति कोई नई बात नहीं है। चर्चा में बने रहने के लिए ही सही, राजनेताओं के विवादित बयान गाहे-बगाहे सामने आ ही जाते हैं, लेकिन ऐसे बयान एक ऐसा परिवेश निर्मित करते हैं जिससे राजनेताओं एवं राजनीति के लिये घृणा पनपती है। यह सही है कि शब्द आवाज नहीं करते, पर इनके घाव बहुत गहरे होते हैं और इनका असर भी दूर तक पहुंचता है और देर तक रहता है। इस बात को राजनेता भी अच्छी तरह जानते हैं इसके बावजूद जुबान से जहरीले बोल सामने आते ही रहते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कर्नाटक में प्रधानमंत्री को लेकर जो कुछ कहा उसके अगले दिन कर्नाटक के ही भाजपा विधायक बासनगौड़ा पाटिल यतनाल ने सोनिया गांधी को लेकर उतनी ही आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। सार्वजनिक रूप से ऐसी टिप्पणियों को हेट स्पीच के दायरे से बाहर नहीं रखा जा सकता। राष्ट्रीय एकता एवं राजनीतिक ताने-बाने को ध्वस्त कर रहे जहरीले भाषणों की समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। संकीर्णता एवं राजनीति का उन्माद एवं 'हेट स्पीच' के कारण न केवल विकास बाधित हो रहा है बल्कि देश की एकता एवं अखण्डता भी खण्ड-खण्ड होने के कगार पर पहुंच गयी है। राजनेताओं के नफरती, उन्मादी, द्वेषमूलक और भड़काऊ भाषणों को लेकर सर्वोच्च न्यायालय ने भी कड़ी टिप्पणियां की है। भाषा की मर्यादा सभी स्तर पर होनी चाहिए। कई बार आवेश में या अपनी बात कहने के चक्कर में शब्दों के चयन के स्तर पर कमी हो जाती है और इसका घातक परिणाम होता है। मुद्दों, मामलों और समस्याओं पर बात करने की बजाय जब नेता एक-दूसरे पर निजी हमले करने लगें तो यह उनकी हताशा, निराशा और कुंठा का ही परिचायक होता है। कांग्रेस पार्टी ने भाषा एवं बयानों की मर्यादा को लांघा है। दरअसल,



कांग्रेस में यह रिवाज ही बन चुका है। चुनाव में वह कुछ बुनियादी समस्याओं पर बोलने की बजाय है, कोई न कोई ऐसी नफरती एवं गैरजरूरी बयानबाजी कर ही देता है जिसका परिणाम आखिरकार पार्टी को भुगतना पड़ता है। इसी कारण पार्टी लगातार जनआधार खो रही है और रसातल में धंसती जा रही है। कांग्रेस सहित अनेक राजनीतिक दलों के नेता ऐसे वक्तव्य देते हैं और विवाद बढ़ता देख बाद में सफाई देने से भी नहीं चूकते। वोट के लिए धर्म, सम्प्रदाय, जाति, समाज किसी को भी नहीं छोड़ा जा रहा। पार्टी कोई सी भी हो, चुनावी सभाओं में नेता अपने विरोधियों के खिलाफ जहर उगलने से नहीं चूकते। नेता चाहे सत्ता पक्ष से जुड़े हों या प्रतिपक्ष से, अक्सर भाषणों में हदें पार कर देते हैं। सुप्रीम कोर्ट के समय-समय पर दिए गए निर्देशों की भी इन्हें परवाह नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले दिनों ही चुनाव आयोग को मजबूत करने के प्रयास करते हुए उसे अपनी ताकत का अहसास भी कराया है। कोर्ट ने यहां तक कहा कि कुछ गलत होने पर उसे प्रधानमंत्री के खिलाफ कार्रवाई करने से भी नहीं हिचकना चाहिए। कर्नाटक के ताजा उदाहरण बताते हैं कि चुनाव आयोग का भी अभी तंद्रा से जागना बाकी है। चुनाव आयोग सख्ती दिखाए तो किसकी मजाल कि भरी सभाओं में जहर उगलती भाषा का इस्तेमाल कर जाए। पूरे विश्व में आज जब हिंदुस्तान का डंका बज रहा है, तो देश के भीतर और देश के बाहर बैठी 'भारत विरोधी शक्तियां' एकजुट होकर राष्ट्रीय एकता एवं लोकतांत्रित मूल्यों के ताने-बाने को क्षत-विक्षित करना चाहती है। ऐसी शक्तियां किसी भी तरह भारत से विकास का एक कालखंड छीन लेना चाहती हैं। भारत के लोगों में सहन करने की अद्भुत शक्ति रही है, लेकिन विदेशी ताकतें एवं देश की विरोधी शक्तियां उन्माद एवं नफरत के बीज बौने के तरह-तरह के षड़यंत्र रचते रहते हैं, उनके मंसूबों को पूरा करने में राजनीति दल एवं नेता अपनी भूमिका निभा रहे हैं। सोचने की बात तो यह है कि राजनीतिक भावनाओं एवं नफरती सोच को प्रश्रय देने वाले राजनीतिक दल भी खतरे से खाली नहीं हैं। उनका भविष्य कालिमापूर्ण है। उनकी नफरती कोशिशों पर दुनिया की नजरे टिकी हैं। वे क्या बोलते हैं, क्या सोचते हैं, इसी से भारतीय लोकतंत्र की गरिमा दुनिया में बढ़ सकती है। जरूरत है कि हमारे राजनीति दल अपनी सोच को परिपक्व बनाये, मतभेदों को स्वीकारते हुए मनभेद को न पनपने दे। राजनीति में नफरत उगलने वाले बयानों को रोकने के लिए चुनाव आयोग को सख्ती दिखानी ही चाहिए। आखिर नेताओं को नफरत का बाजार सजाने की छूट क्यों हो? समय रहते नहीं रोका गया तो अपने आपको तीसमारखां समझने वाले राजनेता और उच्छृंखल एवं अनुशासनहीन ही होंगे। ऐसे नेता अपनी जुबान का इस्तेमाल सुर्खियों में रहने के लिए भी करने लगे हैं। उन्हें लगता है कि जो संदेश जनता को देना था वह दे दिया है। नाप-तोल कर नहीं बोलने वालों के खिलाफ कानून तो सख्त हो ही, नेताओं को भी सार्वजनिक जीवन में रहने की आचरण संहिता खुद तैयार कर लेनी चाहिए। जनता भी ऐसे नेताओं का बहिष्कार करते हुए उनको उनकी जमीन दिखाये। हर राजनीतिक दल के लिये दायित्व के साथ आचार संहिता अवश्य हो। दायित्व बंधन अवश्य लायें। निरंकुशता नहीं। आलोचना भी हो। स्वस्थ आलोचना, पक्ष और प्रतिपक्ष दोनों को जागरूक रखती है। पर जब आलोचक मौन हो जाते हैं और चापलूस मुखर हो जाते हैं, तब फलित समाज को भुगतना पड़ता है। आज हम अगर राजनीतिक दलों एवं दायित्व स्वीकारने वाले समूह के लिए या सामूहिक तौर पर एक संहिता का निर्माण कर सकें, तो निश्चय ही लोकतांत्रिक ढांचे को कायम रखते हुए एक मजबूत एवं शुद्ध व्यवस्था लोकतंत्र संचालन के लिये बना सकते हैं। हां, तब प्रतिक्रिया व्यक्त करने वालों को मुखर करना पड़ेगा और चापलूसों को हताश, ताकि सबसे ऊपर अनुशासन और आचार संहिता स्थापित हो सके अन्यथा अगर आदर्श ऊपर से नहीं आया तो क्रांति नीचे से होगी। जो राजनीतिक व्यवस्था अनुशासन आधारित संहिता से नहीं बंधती, वह विघटन की सीढ़ियों से नीचे उतर जाती है।

# आओ, दुनिया जीतें!

> पढ़ने के लिए रोज़ घर से पांच किलोमीटर दूर जाना पड़ता था। हालात किसी भी तरह से खुशगवार नहीं थे। पर जब कोई छोटा बच्चा भी कुछ निश्चय करके लक्ष्य तय कर ले तो हिमालय को भी झुकना ही पड़ता है। मनीराम शर्मा ने कभी हिम्मत नहीं हारी, कभी पस्त नहीं हुए, अड़चनों से पार पाने के लिए नये-नये रास्ते खोजते रहे। मज़दूर पिता और दृष्टिहीन मां के बहरे बच्चे ने दसवीं और बारहवीं में मैरिट में स्थान पाया और बीए में टॉप किया तो दुनिया हैरान रह गई। लेकिन नौकरी मिली भी तो क्लर्क की। मुश्किलें कुछ कम हो गईं पर खत्म नहीं हुई थीं। पर निश्चय तो निश्चय है, जो सोच लिया वह सोच लिया। पैसे जमा किये, कुछ बचत बनाई और नौकरी छोड़ दी ताकि उच्च शिक्षा हासिल कर सकें। मनीराम शर्मा ने पीएचडी कर ली और उसके बाद राजनीति शास्त्र के लेक्चरर बन गए। जीना कुछ और आसान हो गया, साधन और संपर्क कुछ और बढ़े लेकिन लक्ष्य दूर था। लक्ष्य एक ही था कि आईएएस अधिकारी बनना है। वर्ष 2005 और 2006 में, यानी, दो बार सिविल सर्विस की परीक्षा पास करने के बावजूद बहरेपन की वजह से संघर्ष जारी रहा।

**पिता** मज़दूर, मां दृष्टिहीन, खुद शत-प्रतिशत बहरे। ये हैं राजस्थान के जिला अलवर के गांव बदनगढ़ी के निवासी मनीराम शर्मा। मनीराम शर्मा आज एक प्रतिष्ठित आईएएस अधिकारी हैं। यह कहानी है जिजीविषा की, यह कहानी है संयम की, यह कहानी है लगन की, मेहनत की, दृढ़ निश्चय की। यह कहानी है दुनिया जीतने के लिए निकले उस नन्हे बच्चे की जिसने विपरीत परिस्थितियों से दोस्ती कर ली और अंततः अपना लक्ष्य पा लिया। मनीराम शर्मा के पिता गांव में मजदूरी करते थे, मां दृष्टिहीन हैं। वे खुद शत-प्रतिशत बहरेपन की गिरफ्त में रहे। वे जब 9 साल के थे तो उनकी सुनने की क्षमता खत्म हो गई। पढ़ने के लिए रोज़ घर से पांच किलोमीटर दूर जाना पड़ता था। हालात किसी भी तरह से खुशगवार नहीं थे। पर जब कोई छोटा बच्चा भी कुछ निश्चय करके लक्ष्य तय कर ले तो हिमालय को भी झुकना ही पड़ता है। मनीराम शर्मा ने कभी हिम्मत नहीं हारी, कभी पस्त नहीं हुए, अड़चनों से पार पाने के लिए नये-नये रास्ते खोजते रहे। मज़दूर पिता और दृष्टिहीन मां के बहरे बच्चे ने दसवीं और बारहवीं में मैरिट में स्थान पाया और बीए में टॉप किया तो दुनिया हैरान रह गई। लेकिन नौकरी मिली भी तो क्लर्क की। मुश्किलें कुछ कम हो गईं पर खत्म नहीं हुई थीं। पर निश्चय तो निश्चय है, जो सोच लिया वह सोच लिया। पैसे जमा किये, कुछ बचत बनाई और नौकरी छोड़ दी ताकि उच्च शिक्षा हासिल कर सकें। मनीराम शर्मा ने पीएचडी कर ली और उसके बाद राजनीति शास्त्र के लेक्चरर बन गए। जीना कुछ और आसान हो गया, साधन और संपर्क कुछ और बढ़े लेकिन लक्ष्य दूर था। लक्ष्य एक ही था कि आईएएस अधिकारी बनना है। वर्ष 2005 और 2006 में, यानी, दो बार सिविल सर्विस की परीक्षा पास करने के बावजूद बहरेपन की वजह से संघर्ष जारी रहा। आखिरकार तीसरी बार सन 2009 में उन्होंने फिर सफलता प्राप्त की और इस बार उन्हें मणिपुर कैडर अलॉट हो गया। सन 2015 में केंद्र सरकार ने उनका कैडर बदल कर हरियाणा कर दिया और उन्हें महेंद्रगढ़ में नियुक्ति दी। संघर्ष की यह लंबी कहानी हमें याद दिलाती है कि दुनिया जीतना आसान नहीं है तो असंभव भी नहीं है, सिर्फ निश्चय चाहिए, धीरज चाहिए, साहस चाहिए और थोड़ी सी कल्पना चाहिए। राजस्थान के ही जिला बीकानेर के एक और छोटे से गांव केसर दसर के रहने वाले चूनाराम जाट ने वर्ष 2012 में आयोजित सिविल सेवा परीक्षा में 271वां स्थान प्राप्त किया था। मनीराम शर्मा की तरह ही उन्होंने भी साबित कर दिखाया कि मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती। उनके किसान पिता उदाराम की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। चूनाराम को स्कूल की पढ़ाई बीच में ही छोड़ देनी पड़ी। लेकिन उन्होंने स्कूल छोड़ा था, पढ़ाई नहीं छोड़ी थी। दसवीं और बारहवीं कक्षा की पढ़ाई चूनाराम ने प्राइवेट परीक्षार्थी के तौर पर पास की। परीक्षा और किताबों के खर्च के लिए 50 रुपये रोज़ की दिहाड़ी की। उनका जज्बा देखकर गांव के लोगों ने मिलकर उनकी ग्रेजुएशन के लिए आर्थिक सहायता दी। वही चूनाराम जाट अब एक आईपीएस अधिकारी हैं। अश्वनी गर्ग का जन्म पंजाब के जिला फरीदकोट के जैतों मंडी में हुआ। उनके पिता रघुनाथ राय की किताबों की दुकान थी। गुजारा चल ही जाता था, पर जब अश्वनी 19 साल के हुए तो पिताजी का स्वर्गवास हो गया। घर में मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा। सभी रास्ते बंद होते देख अश्वनी ने पढ़ाई छोड़ दी और दुकान की ज़िम्मेदारी संभाल ली। कुछ सालों बाद उन्होंने केबल टीवी का कारोबार शुरू किया और अपने लिए नई पहचान गढ़ी। जीवन में संयम रखा और पैसों की बचत करनी शुरू की। अपनी पढ़ाई छूट गई थी, इसलिए दिल में कसक थी कि स्कूल खोलना है। स्कूल के लिए अकेले के पास न धन था न साधन थे, पर दोस्त थे। कुछ दोस्तों के साथ मिलकर आखिर उन्होंने स्कूल खोल ही लिया। कुछ सालों बाद उनके छोटे भाई मनमोहन गर्ग ने उन्हें सलाह दी कि बड़ा इंस्टीट्यूट खोलना चाहिए। सलाह पर विचार हुआ और आखिर उन्होंने पंजाब के राजपुरा के पास स्थित गांव रामनगर में स्वामी विवेकानंद इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नालॉजी की नींव रखी। एक ऐसे विद्यार्थी ने वह कर दिखाया जो खुद अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर सका था। मनीराम शर्मा, चूनाराम जाट या अश्वनी गर्ग में से कोई भी अभिनेता नहीं है, लेकिन ये हमारे जीवन के असली हीरो हैं, सचमुच के प्रेरणा स्रोत हैं। हम सब इनके जीवन से, इनके संघर्ष से, इनके साहस और दृढ़ निश्चय से बहुत कुछ सीख सकते हैं। ऐसी प्रेरणादायक कहानियां अगर हमारे सामने आती रहें तो कई और लोगों का जीवन बदल जाएगा। इसी उद्देश्य के साथ हमारी कंपनी जीतोदुनियाग्लोबल.कॉम में हमने निश्चय किया है कि हम भारतवर्ष के ऐसे लोगों की कहानी दुनिया के सामने लायेंगे जिन्होंने सभी कठिनाइयों के बावजूद अपना लक्ष्य हासिल किया और दुनिया जीत ली। दुनिया को सिकंदर ने नहीं जीता था। सिकंदर ने दुनिया को हराया था, लेकिन इन महानायकों ने दुनिया जीती है। इन्होंने किसी को हराया नहीं, किसी के कंधे को मसलकर जीत हासिल नहीं की। ये न केवल खुद जीते, बल्कि दूसरों के लिए भी मिसाल बने। ये वो लोग हैं जो हमारे बीच हैं। ये इतिहास नहीं हैं, पर इन्होंने इतिहास बनाया है। जीतोदुनियाग्लोबल.कॉम ऐसे ही लोगों की मुरीद है और ऐसे लोगों को दुनिया के सामने लाने के लक्ष्य पर काम कर रही है जिन्होंने साहस नहीं छोड़ा और अपने मुकाम तक पहुंचे। जीतोदुनियाग्लोबल.कॉम के माध्यम से हम सबके पास यह अवसर उपलब्ध है कि ऐसे महानायकों की गाथा गायें और खुद भी नायक बन जाएं। भारतवर्ष में प्रतिभा की कमी नहीं है, प्रतिभा की प्रशंसा की कमी है, प्रेरणादायक प्रतिभाशाली लोगों के प्रचार की कमी है। हम उन नायकों को जानते ही नहीं जिन्होंने इतिहास रचा है। जीतोदुनियाग्लोबल.कॉम इसी कमी को पूरा करना चाह रही है। हमारे पूर्वजों ने हमें विश्वगुरू का खिताब दिलवाया था, अपनी कमज़ोरियों के कारण हमने वह खिताब गंवा दिया था और हम पश्चिम के पिछलग्गू बन गए थे। पश्चिमी देशों के विद्वानों से सीखना बुरा नहीं है, पर उनके पिछलग्गू बने रहना हमारी नियति नहीं है। हमें विश्वगुरू का वही खिताब हासिल करना है और हम करके रहेंगे। आज हमने एक कंपनी के माध्यम से नई शुरुआत की है, कल हजारों और कंपनियां खड़ी होंगी और भारत विश्वगुरू बनेगा। आज एक दीप जला है, कल दीपमाला बनेगी। हम सब इस महाअभियान से जुडक़र भारतीयों और भारतवर्ष की यशोगाथा सारी दुनिया तक पहुंचा सकते हैं, फिर से कह सकते हैं कि हां, हम हैं विश्वगुरू ! आओ, दुनिया जीतें।

## नागरिक बोध

# सरदार प्रकाश सिंह बादल : अनूठा व्यक्तित्व

**सरदार** प्रकाश सिंह बादल...ये सिर्फ एक नाम नहीं बल्कि पंजाब, पंजाबियत, अपनेपन, भरोसे की वो पहचान है जो सालों-साल से देश के ललाट पर चमकदार पंजाबी साफे की तरह बंधा है। बादल साहब का अनूठा व्यक्तित्व था, उनसे हर मुलाकात स्मरणीय होती थी, प्रेरणा देती थी। जीवन में व्यक्ति को कैसा व्यवहार रखना चाहिए, इसका सबक सिखाती थी। मेरी उनसे मुलाकात 1970 के दशक में जनता पार्टी और अकाली दल की गठबंधन सरकार के दौरान हुई जब वे पंजाब के मुख्यमंत्री थे। पंजाब-चंडीगढ़ कॉलेज टीचर यूनियन, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के ग्रेड के लिए आंदोलन कर रहे थे। काफी संघर्ष के बाद बादल साहब ने हमारी मांगें मान ली। इसके बाद जालंधर के दोआबा कॉलेज में यूनियन की ओर से मुख्यमंत्री श्री प्रकाश सिंह बादल जी का धन्यवाद करने के लिए आयोजन किया गया। हमारे प्रिंसिपल श्री ओपी मोहन ने कहा, 'बादल साहब आप भलेमानस राजनीतिज्ञ हो, ऐसा बेहद कम होता है। हमारी प्रार्थना है कि आप यह भलमानसीयत कभी मत छोड़िएगा।' समूचे पंजाब में आदरणीय श्री प्रकाश सिंह बादल जी की भलेमानस की छवि सदैव बनी रहेगी। 1998 में जब हिमाचल प्रदेश में हमने हिमाचल विकास कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार बनाई तो मैं बादल साहब से उनके घर पर जाकर मिला। वे बेहद प्रसन्न थे। केंद्र में स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार थी। जम्मू-कश्मीर, पंजाब और हरियाणा में भी एनडीए गठबंधन की सरकारें थी। उन्होंने कहा, 'बहुत अच्छा हुआ कि एक छोटा सा राज्य जो हमारे अधीन नहीं था वहां भी आपने एनडीए की सरकार बना दी।' वे मुझे छोडने बाहर निकले। उन्होंने देखा कि मैं एंबेसडर कार में था। कहने लगे, 'कोई अच्छी सी कार, हमारी कारों में जो खड़ी है ले जाओ। एंबेसडर कार में कहां और कैसे इतना लंबा सफर करोगे।' नैना देवी का क्षेत्र जिसे चंगर कहा जाता है, वहां पानी की बड़ी किल्लत होती थी। गर्मियों में वहां के लोग अपने मवेशियों के साथ पंजाब में अपने रिश्तेदारों के पास चले जाते थे। 1983 में जब पंजाब में सरदार दरबारा सिंह मुख्यमंत्री थे और हिमाचल में श्री वीरभद्र सिंह जी थे तब पानी के लिए एक समझौता हुआ था लेकिन वह कागजों तक ही सीमित रह गया। 1998 में मेरे ध्यान में यह बात लाई गई। मैंने मुख्यमंत्री श्री प्रकाश सिंह बादल जी को इस समस्या से अवगत कराया। हमने मुख्य सचिवों की एक बैठक तय की। बादल साहब ने अपने मुख्य सचिव श्री आरएस मान को यह निर्देश देकर भेजा कि जाओ, जैसे धूमल साहब कहें वैसे समझौता कर लेना। दोनों राज्यों में सहमति बनी और आनन्दपुर हाइड्रो चैनल से 25 क्यूसेक पानी श्री नैना देवी क्षेत्र के लिए उठाने का फैसला हुआ। मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि वह योजना सफल हुई।

## देश दुनीया से

# तरक्कीपरस्त जमाने से बेगाने लोग

**समय** इतना बदल गया है कि अब इसकी सही से पहचान भी नहीं हो पाती। पहले बड़ी उम्र का हो जाना वरिष्ठता होती थी। पूरा नगर, पूरा गांव बड़े बूढ़ों का सम्मान करता। अब बूढ़ा हो जाने का अर्थ है, बासी हो जाना। पुराने चावलों की आज कद्र नहीं होती, उनके माथे पर बासी कढ़ी में उबाल आना जैसे मुहावरे चिपका दिये जाते हैं। आपने दिन रात मेहनत करके खुद चना चबेना खा अपनी दिन-रात की मेहनत से अपने बेटों, भतीजों को पढ़ाया, रोजग़ार करने के काबिल बनाया और आज वे आपको आंखें दिखाते हुए कहते हैं, 'यह आपका अपना चुनाव था, हम तो आपको कहने नहीं गये थे कि आप चना चबेना खा अपने हक की रोटी खर्च हमें काबिल बनाओ।' यह आपका अपना खुद किया गया चुनाव था। इसके बल पर हमसे किसी राहत रियायत की उम्मीद न करना। आपकी यह फरियाद हमें टसुवे बहाने जैसी लगती है। फिर किस हक की कमाई करने की बात आप कहते हैं। आजकल हक या बिना हक की कमाई होती कहां है? फिर यह नौजवानों का देश है। देश की आधी आबादी पैंतीस की उम्र से नीचे है और उनमें से अधिकतर बेकार हैं। देश के आंकड़ा शास्त्री कहते हैं कि समय बीतने के साथ-साथ चिकित्सा विज्ञान की तरक्की के साथ इस देश के लोगों की औसत उम्र बढ़ती जा रही है, अर्थात हर साल पहले से अधिक बूढ़ों की संख्या लोगों को नासूर की तरह परेशान करती रहती है। आजकल खैरात भी सरकारी मुहर के साथ पेशेवाराना हो गई। इस देश की भूख, बेकारी, बीमारी का एक ही समाधान है, खैरात। रोटियों के फ्री कैम्प से लेकर औषधियों और टीकों के फ्रीकैंप लगाओ, अपनी फोटो अखबार में छपवाओ। चेहरा यूं बहुचर्चित हो जाओ, तो उसे किसी चुनाव की ओलम्पिक में दौड़ाओ। कामयाब हो गये तो समझो तुम्हारी सात पुश्तें तर गईं, क्योंकि जो एक बार इस दौड़ में कामयाब हो जाता है, वह कभी कुर्सी से उतरता नहीं। तब तक जब तक उसके बेटे, भाई, भतीजे इस कुर्सी पर बैठने के काबिल न हो जाएं। यूं वंश परम्परा चलती है। एक ओर सफेदपोश भ्रष्टाचार की और दूसरी ओर खैरात में रोटी से लेकर रुतबा तक कमा देश के लिए मशाल बन जाने की। इसे मशाल कहिये या रोशनी के मीनार। उसकी नींव में इन पथमसीहाओं का बलिदान नहीं, नित्य नये मुहाविरे गढ़ कर एक नई क्रांति का आभास पैदा कर सकने की सामर्थ्य होती है, क्योंकि ऐसी कोई सामर्थ्य बूढ़ों के पास नहीं रहती। वह तो नैतिकता और आदर्शों की दुहाई देते नजर आते हैं। इसलिए उन्हें जितनी जल्दी वे असम्बद्ध करार देकर नकार दिया जाये उतना ही अच्छा। जी हां, बढ़ते बूढ़ों से अधिक अनचाहा बोझ और कोई नहीं। उनमें आपको गरिमापूर्ण सांस्कृतिक विरासत नहीं, वह कराहता हुआ अर्थतन्त्र मिलता है, जिसमें नई पीढ़ी के हक पर ये बूढ़े छापा मारने चले आते हैं। बूढ़ों की दुर्दशा पर सियासत करने के लिए लोग तैयार हैं, लेकिन एक सेहतमंद बूढ़ा उन्हें दुःसंवाद नजर आता है। यह सुनीसुनाई बात नहीं अभी किये गये पैंशन के कानून के संशोधन ने भी हमें समझाया है। अभी खबर मिली है कि भौतिकता से ललचाये और बौराये रिश्तदार पैंशन पाते बूढ़ों को मौत के घाट उतारने लगे हैं, ताकि उनकी पारिवारिक पैंशन से अपनी जेबें भर सकें रिश्तेदारी में इसे लेने का अपना हक जता मुकद्दमे बरसों चलते हैं। इस बीच उनकी सन्तान को कोई कष्ट न हो और पैंशन का भुगतान बिना विलम्ब होता रहे।

> पुराने चावलों की आज कद्र नहीं होती, उनके माथे पर बासी कढ़ी में उबाल आना जैसे मुहावरे चिपका दिये जाते हैं। आपने दिन रात मेहनत करके खुद चना चबेना खा अपनी दिन-रात की मेहनत से अपने बेटों, भतीजों को पढ़ाया, रोजग़ार करने के काबिल बनाया और आज वे आपको आंखें दिखाते हुए कहते हैं, 'यह आपका अपना चुनाव था, हम तो आपको कहने नहीं गये थे कि आप चना चबेना खा अपने हक की रोटी खर्च हमें काबिल बनाओ।' यह आपका अपना खुद किया गया चुनाव था। इसके बल पर हमसे किसी राहत रियायत की उम्मीद न करना। आपकी यह फरियाद हमें टसुवे बहाने जैसी लगती है। फिर किस हक की कमाई करने की बात आप कहते हैं।

## दो माह से आंगनबाड़ी के बच्चों के निवाले पर लगे ताले

# अनाज आपूर्ति नहीं होने के कारण सेविकाओं ने बच्चों का किया खाना बंद

➲सीडीपीओ का फरमान पूर्व में खिलाए गये खाने का रुपया का नहीं होगी भुगतान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड क्षेत्र सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर इन दिनों बच्चों के खाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।यह खाना दो माह से बंद है। बच्चों के अभिभावकों के शिकायत पर पत्रकारों की टीम ने जब जांच की तो लगभग प्रखण्ड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों का खाना नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण बहुत बच्चे आंगनबाड़ी आना छोड़ दिए हैं। खाना नहीं देने को लेकर जब सेविकाओं से बात किया गया तो सेविकाओं ने बताया कि हम लोग पूर्व के भांति बच्चों का खाना अपने रूपये लगा कर खरीदारी कर बच्चों को खिलाते थे। बाद में राशन का रुपया सीडीपीओ के हस्ताक्षर से दिया जाता था। लेकिन वर्तमान सीडीपीओ ने अपना रुपया लगा कर राशन लाने से मना कर दिया है। और नसीहत दिया गया है कि यदि कोई सेविका अपना रुपया लगा राशन बच्चों को खिलाएगी तो उसे सरकारी रूपये दिया नहीं जाएगा। जिसका जिम्मेवार खुद होगी ।वैसे में हम लोग राशन लाना बंद कर दिया है। वहीं अभी तक सीडीपीओ द्वारा उन नन्हे बच्चों के खाने के लिए कोई ठोस ना कदम उठाया गया है और ना राशन मुहैया कराया गया है। वैसे में बच्चे तो आंगन बाड़ी आते है किंतु मायूस होकर वैरंग लौट जाते है। उन नन्हे मुन्ने बच्चों को कौन समझाए की आला अधिकारी द्वारा हीं खाने पर पहरा लगा दी गयी है। वैसे मॉडल आंगनबाड़ी कहे जाने वाले उन आंगनबाड़ी का क्या हाल होगा। क्या इसका जबाब उन बच्चों को कौन देगा। ऐसे में बहुत सारे सवालों के घेरे में आंगनबाड़ी केंद्र घिर चुका है। वहीं सीडीपीओ अभी तक चुप्पी साध ली है।

## लातेहार नगर पंचायत की जनता चुआड़ी की पानी पीने को मजबूर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नं 5 के अंतर्गत डूरुआ के चांदनी चौक निवासी चुआड़ी के पानी पीने को मजबूर हैं। यहां जितने भी चापानल है या तो खराब पड़े हैं या उसमें पानी ही नही है, इसकी सुध लेने वाला कोई नही नगर पंचायत के द्वारा पाइप भी बिछाया गया है, जिससे दुरुआ मस्जिद के पास तक पानी तो जा रहा पर उसके आगे पाइप लाइन में कनेक्शन नही किये जाने की वजह से वहाँ के लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। जनता त्राहिमाम हैं। आज़ाद खान, इमामन अंसारी, कमरुद्दीन अंसारी, कैमूल अंसारी, यासीन अंसारी, मुनाफ अंसारी, तजमुल अंसारी, अख्तर अंसारी, कौसर अंसारी, कबीर, रफीक, जमीर, हुसैन, अजबुद्दीन, सलीम, इम्तेयाज, जुमा, दाऊद, गुलाम हैदर, हसीना बीबी, रजिया खातून, हलीमा खातून, जमीला खातून, सैरा बानो उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने को लेकर पीडीजे सह डालसा के जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को पीडिजे सह डालसा के चतरा जिला अध्यक्ष राकेश सिंह की अध्यक्षता में कार्यपालक कार्यालय प्रधानो के साथ महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में आगामी 13 मई 023 ई को आयोजित होने वाली लोक अदालत को सफल बनाने एंव अधिक से अधिक प्रिलिटिगेशन मामलों के निष्पादन को लेकर निर्देश दिया गया।पीडिजे सह डालसा अध्यक्ष श्री सिंह ने निर्देश दिया कि कार्यपालक न्यायालयों एंव विभागों में लंबित मामलों को निष्पादन करें। 13 मार्च 023 ई से लेकर 8 मई 023 ई तक का जितने मामले को निष्पादित किया गया है, उनका डाटा 9 मई तक प्रस्तुत करें। उक्त बैठक में डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता, डीआरडीए डायरेक्टर अरुण कुमार एक्का, एसडीएम चतरा मोहम्मद मुमताज़ अंसारी, एसडीएम सिमरिया सुधीर कुमार दास, डीटीओ संतोष कुमार, डीएलओ गौरांग महतो, डीएसओ सलमान जफ़र खिजरी, डीएमओ गोपाल दास, सीओ भगीरथ महतो के अतिरिक्त अन्य कार्यालय के पदाधिकारी मौजूद थे।

## अधिक मूल्य पर शराब बेचने वाले दो गिरफ्तार, जेल

**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यालय स्थित सरकारी शराब दुकान में मुल्य से अधिक किमत पर शराब बिक्री करने के आरोप में थाना कांड संख्या 31/23 दिनांक 4-05-2023 धारा 420/34 भा0द0वि0 एवं 47 ए एक्साईज एक्ट 1951 के दो प्राथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। उक्त सबंध में थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी ने बताया कि मुल्य से अधिक किमत पर शराब बिक्री करते राजु रंजन कुमार उम्र करीब 30 वर्ष पिता विश्व नाथ प्रसाद साकीन बालुगंज थाना ठिबरा जिला औरंगाबाद बिहार व सुमित कुमार गुप्ता उम्र करीब 21 वर्ष पिता संजय कुमार गुप्ता साकीन पुलिस लाइन रोड सुदना, जोखन गली थाना डालटेनगंज जिला पलामू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अवर निरिक्षक उत्पाद विभाग लातेहार व बारियातू थाना के सहयोग से कार्रवाई कार्रवाई की गई।

# 8 मई को जनसुनवाई कार्यक्रम में शामिल होंगे मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव योजना सह वित्त विभाग वाणिज्य कर विभाग एवं खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार के द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत दिनांक 8 मई 2023 दिन सोमवार को समय 11-30 बजे पूर्वाहन किस्को प्रखंड मुख्यालय में उपस्थित होंगे। जिसमें आम जनों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा अतः इस कार्यक्रम में लोहरदगा जिला के सभी सम्मानित पदाधिकारीगण युवा कांग्रेस महिला कांग्रेस ओबीसी कांग्रेस सेवादल अल्पसंख्यक कांग्रेस एनएसयूआई एवं प्रखंड कांग्रेस कमेटी किस्को के सभी पदाधिकारीगण, किस्को प्रखंड जिला परिषद सदस्य किस्को प्रखंड प्रमुख किस्को प्रखंड के सभी पंचायत समिति सदस्यगण प्रखंड के सभी मुखियागण सभी पंचायत अध्यक्षगण एवं बूथ स्तर के सभी कांग्रेसी कार्यकर्तागण उक्त तिथि को निर्धारित समय पर अवश्य पधारें। यह जानकारी मंत्री सह विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने दी।

## ब्राउन शुगर के साथ तीन गिरफ्तार भेजे गए जेल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना के अंतर्गत बारियातू पंचायत के मसूरिया गांव में स्थित नीम गाछ के समीप से पुलिस उपाधीक्षक प्रशिक्षु धनंजय राम को मिली गुप्त सूचना के आधार पर इनके ही नेतृत्व में छापामारी दल के लोगों ने एक आम्हा एफजेडएस मोटरसाइकिल जिसका नंबर जेएच 02 बी जे 8617 पर सवार दो व्यक्तियों के पास से अवैध ब्राउन शुगर बरामद किया गया। एवं गिरफ्तार किया गया। तथा इन दोनों के निशानदेही पर रविंद्र कुमार यादव उम्र 25 वर्ष पिता लालजी यादव ग्राम मसूरिया थाना गिद्धौर जिला चतरा के अभियुक्त को भी इसके घर से अवैध ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया गया। तीनों के पास से पुलिस ने तीन अलग अलग प्लास्टिक से 10 ग्राम ब्राउन शुगर इलेक्ट्रॉनिक माप तौल की मशीन तथा दो मोबाइल बरामद किया है।संबंध में गिद्धौर थाना कांड संख्या 34/ 2023 में धारा21, 22, 25, 27, 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। तथा तीनों को जेल भेज दिया गया है। बताते चलें कि दो गिरफ्तार अभियुक्त मोहम्मद तालिब उम्र 23 वर्ष पिता मुस्लिम खान, मो असलम उम्र 28 वर्ष पिता अजीमुद्दीन दोनों ग्राम रोमी पोस्ट पेलावल थाना कटकमसांडी जिला हजारीबाग है। एक अन्य रविन्द्र कुमार यादव पर पूर्व मे एनडीपीएस के 11/22 मे मामला दर्ज है।गिद्धौर थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव एवं आज़158पंकज कुमार आज़242सुनील कुमार साव छापामारी टीम में शामिल थे।प्रेस कांफ्रेंस करके धनंजय राम ने बताया कि युवा अपने भविष्य का ख्याल ना करते हुए नशे सौदागरी कर रहे हैं। ब्राउन शुगर के बारे में आगे पुलिस उपाधीक्षक ने यह भी बताया कि ब्राउन शुगर चतरा जिला में काफी मात्रा में उत्पादन किया जाता है।आगे बताएं कि इन सभी युवक ब्राउन शुगर को बिक्री करने के लिए हजारीबाग ले जा रहे थे।

## पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया

**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बारियातू थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिपराडीह ग्राम में संचालित बलराम स्टोन माइंस के लगभग डेढ़ सौ फिट गड्ढे से शनिवार सुबह स्थानीय पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है। जिसकी पहचान रेंची ग्राम निवासी बालदेव पाहन के 25 वर्षीय पुत्र अजय गंझु के रूप मे किया गया है। अजय गंझु के भाई सुरेश गंझु ने हत्या की आशंका जताया है। उन्होंने बताया कि 20 दिन पूर्व मेरे भाई अजय हैदराबाद से काम कर घर लौटा था. 10 मई को शादी होनी थी। आठ को मड़वा नौ को घृढारी एंव दस को बारात चतरा जिले के बरैनी स्थित कोरचा गाँव जाना था ।शादी का माहौल होने के कारण शुक्रवार की रात्रि सभी लोग खाना खाकर सो गए रात लगभग 1:00 बजे देखा गया तो अजय गायब था. तबसे हमलोग अजय का काफ़ी खोजबीन करते रहे. सुबह बारियातू पुलिस द्वारा मुझे खबर मिला कि अजय का बलराम स्टोन माईनस के लगभग 130 फीट गहरे गड्ढे से शव बरामद किया गया है। तत्पश्चात थाना पहुँच कर भाई का पहचान किया। मृतक के भाई सुरेश गंझू ने कहा की 130 फीट गड्ढा में शव बरामद हुआ है लेकिन चोट का कोई गंभीर निशान नही था । बलकि उसके पैर के दोनों जांघ के पास जला हुआ का निशान है वहीं बताया बलराम माइंस गार्ड द्वारा हत्या की गई है। और हमलोग के बिना जानकारी दिए शव को निजी गाड़ी से थाना भेजवा दिया गया। मेरा भाई इतना अधिक गहरा से निचे गिरता शरीर कई टुकड़ा हो जाता, मृत को घसीट कर माइंस के गड्ढे मे लाया गया था। जिससे शरीर मे डस्ट की गंदगी लगा हुआ था. हालांकि लगाए जा रहे आरोप को पूर्ण ईमानदारी के साथ निष्पक्षता से जाँच के बाद ही स्पस्ट हो पायेगा। पुलिस आशंका जता रही है कि अजय की मौत माईनस के130 फिट गड्ढे में गिरने से हुई है।भाई सुरेश गंझु ने कहा कि पुलिस माइंस में शव बरामद किया तो माइंस से मेरा घर की दूरी लगभग एक किलोमीटर है. उस परिस्थिति में मुझे माइंस में ही बुलाकर भाई के शव को देखने के लिए क्यों नहीं बुलाया गया। माईनस संचालक अपना गाड़ी में मेरे भाई के शव को बारियातू थाना क्यों ले गया। आगे बताया कि माईनस में जब सुरक्षा प्रहरी मौजूद है तो कोई भी व्यक्ति माइंस में जाकर गिर जाता है और सुरक्षा प्रहरी को पता भी नहीं चलता है. मामला लीपापोती करने का प्रयास किया जा रहा है।

## धरना में बैठे लोगों का हौसला बढ़ाने पहुंचा विधायक का प्रतिनिधिमंडल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** ग्रामीण सड़क से कोयले का ट्रांसपोर्टिंग कार्य को बंद कराने को लेकर विधायक किशुन कुमार दास इस समय काफी सख्त नजर आ रहे हैं। शनिवार को प्रखंड के बसरिया मोड़ के पास धरना में बैठे हुए लोगों का हौसला अफजाई करने के लिए भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल उक्त स्थल पर पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे भाजपा नेता विनय सिंह ने कहा कि धरना में बैठे लोगों को हमारी ओर से हर संभव मदद की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में विनय सिंह के अलावे बैजनाथ पांडे, सरोज पांडे, खुशी महतो, पूर्व प्रमुख सुनीता देवी इत्यादि सामिल थे। धरना में बैठे सभी लोगों ने एक स्वर में कहा कि किसी भी हाल में ग्रामीण सड़क से कोयले की धुलाई नहीं करने दिया जाएगा।

## अनियंत्रित होकर पलटा ट्रक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** बारियातू थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची चतरा मुख्य मार्ग के बरछिया स्थित झिकिया पुल के डिवाइडर कोयला लदा 14 चक्का ट्रक जे एच 02 ए डब्ल्यू 1962 अनियंत्रित होकर पलटकर क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना में चालक व उप चालक बाल बाल बचे। घटना के बाद चालक फरार हो गया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि सिमरया के अमरपाली से कोयला लोड कर बालुमाथ के कुशमाही साइडिंग जा रहा था इसी बीच रास्ता में झिकिया नदी के डिवाइडर में अनियंत्रित होकर लगभग 50 फिट डिवाइडर को कबाड़ते हुए खेत में जा कर पलट गई। चालक व उपचालक तड़प कर अपना जान बचाया। यह ट्रक लावागाड़ा निवासी शंभु कुमार चौधरी की बताई जा रही है। उधर ट्रक ऑनर चौधरी ने गाड़ी दुर्घटना ग्रस्त होने की सुचना आवेदन के माध्यम से थाना को दे दिया है।

## पंचायत सेवक की मनमानी से विकास कार्थ बाधित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ प्रखंड के परहाटोली पंचायत की मुखिया रीता खलखो ने प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग एवं अनुमंडल पदाधिकारी नीत निखिल सूरीन को लिखित आवेदन देकर पंचायत सेवक भीकू प्रसाद को हटाने की मांग की। इस संबंध में परहाटोली पंचायत के मुखिया ने बताया की 15 वें वित्त आयोग से होनेवाला निर्माण कार्य पूरी तरह बाधित है। ग्रामीण एस्टीमेट बनवाने जब पंचायत सेवक के पास जाते हैं तो उन्हें बार-बार लौटा दिया जाता है। पंचायत सेवक बीकू प्रसाद हमेशा मुखिया के विरोध में नजर आते हैं और अपने ठेकेदार से कार्य करवाते है। साथ ही पंचायत में मुखिया के किसी भी योजना का कार्य नहीं होने देने की मंशा से कार्य में बाधा पहुंचाते हैं। एक नाली निर्माण के कार्य में 120000 की राशि में 17000 काट लिया जाता है। वही दूसरे पंचायत में इसी पंचायत सेवक के द्वारा पूरी राशि का भुगतान दिया जाता है। इसी तरह रेन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण कार्य पूर्ण हुए 8 माह बीत जाने के बाद भी भुगतान नहीं मिल पाता है जबकि अन्य पंचायत में जहां अपने द्वारा ठेकेदार को काम दिया गया था उसका भुगतान कर दिया जाता है। इन सभी बातों को देखते हुए मुखिया ने स्पष्ट आवेदन दिया है कि इस तरह की राजनीति और दादागिरी करने वाले पंचायत सेवक हमारे पंचायत के लिए नुकसानदायक है इसलिए इसे जल्द से जल्द हटाया जाए। इससे पूर्व में भी पंचायत सेवक को हटाने को लेकर दो बार आवेदन दिया जा चुका है लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। आवेदन में मुख्य रूप से पंचायत की मुखिया रीता खलखो, आम जनता प्रधान सुलेश्वरी नगेसिया, सुनीता देवी, सुमनी नगेसिया, सुषमा टोप्पो, पंचायत समिति सदस्य शारदा देवी एवं अन्य लोगों ने अपनी सहमति प्रदान की है।

## पंचायत सेवक के नही रहने से सरकारी कार्य बाधित

**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह प्रखंड में बेतला पंचायत के पंचायत सेवक सर्वेश सिंह के इन दिनों लंबी छूटी पर चले जाने से सरकारी और गैर सरकारी कार्य प्रभावित हो रही है। लेकिन विभाग के द्वारा अभी तक किसी दूसरे पंचायत सेवक को प्रभार नही दिया गया है। नतीजन पंचायत सेवक के नही रहने से ग्रामीणों की कई तरह परेशानियों का सामना पड़ करना पड़ रहा है साथ ही पंचायत का विकास कार्य बुरी तरह प्रभावित है।

## विधिक सेवा प्राधिकार के तहत लोगों को जागरूक करने के लिए किया जा रहा है प्रचार प्रसार



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखणड के अंतर्गत द्वारी पंचायत गांव में 6 मई शनिवार को नालसा के तत्वधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव महोदय के आदेशानुसार ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए पी एल भी शम्भु कुमार राणा के द्वारा बताया जा रहा है।राणा ने ग्रामीणों को बताया कि आगामी लगने वाले 13 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलहनामा मामला को अधिक से अधिक निष्पादन करवाएं। जैसे बिजली बिल संबंधी, ऋण माफी संबंधी एवं किसी भी तरह के सुलहनामा मामले का निष्पादन किया जाएगा। ग्रामीणों को वकील फीस देने की कोई जरूरी नहीं है। आपको निशुल्क वकील डालसा द्वारा मुहैया कराया जाएगा।

# झारखण्ड क्रांति मंच के केन्द्रीय सचिव बने सत्येन्द्र ठाकुर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि पटेल नगर सुदना, वार्ड नं0 2 निवासी युवा समाजसेवी सत्येन्द्र ठाकुर उर्फ लाला जी को झारखण्ड क्रांति मंच के केन्द्रीय कमिटी का सचिव मनोनीत किया गया है।आज मेदिनीनगर में नियुक्ति पत्र सौंपते हुए जेकेएम संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि श्री ठाकुर के केन्द्रीय सचिव बनने से मंच के आन्दोलनात्मक व सांगठनिक गतिविधियों का जमीनीस्तर पर विस्तार होगा। इस अवसर पर मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व डाकपाल रामनरेश राम, केन्द्रीय महासचिव सह लोहड़ा पंचायत के पूर्व मुखिया बुद्धिनारायण पासवान व मंच के पलामू जिलाध्यक्ष विजय राम ने उनके मनोनयन पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सत्येन्द्र ठाकुर उर्फ लाला के जेकेएम के केन्द्रीय सचिव बनने से ना केवल युवाओं बल्कि पिछड़े वर्ग के परिवर्तनकारी लोगों को मंच से जोड़ने की मुहिम को बल मिला है।जिस तरीके से युवा साथी सत्येन्द्र ठाकुर जी समाज के हर वर्ग में अपनी पैठ रखते हैं,उसका लाभ मंच को मिलेगा।अब मेदिनीनगर के शहरी क्षेत्र की समस्यायों को लेकर भी मंच के द्वारा आन्दोलन तेज किया जाएगा।

## हॉस्पिटल चौक के पास नीम के पेड़ में अचानक लगी आग, टाइगर मोबाइल के जवान आग को बुझाने का कर रहे है प्रयास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहर के हॉस्पिटल चौक स्थित शनि मंदिर के बगल में शनिवार की दोपहर एक नीम के पेड़ में अचानक आग लग गई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने पेड़ में आग लगने की सूचना पुलिस को दी। आग लगने की खबर मिलते ही टीओपी वन टाइगर मोबाइल के जवान संतन कुमार, शारीक इरशाद, परवेज खान, विनोद यादव घटनास्थल पर पहुंचकर आग को बुझाने का प्रयास किया। फिर भी आग नहीं बुझ पाया तो उन्होंने इसकी जानकारी फायर ब्रिगेड को दे दिया है। जानकारी मिलने पर फायर ब्रिगेड की वाहन घटनास्थल पर पहुंचने वाली है। हालांकि घटनास्थल पर पहुंचे पुलिसकर्मियों और स्थानीय लोगों के द्वारा आग को बुझाने का प्रयास किया गया है,फिर भी पेड़ से काफी धुआं निकल रहा है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि किसी सफाई कर्मी के द्वारा कूड़ा में आग लगाने के दौरान पेड़ में आग लगी है।

## सोना सोबरन योजना का प्रथम छमाही का धोती साड़ी और लुंगी प्राप्त हो गया है : डीएसओ श्री खिजरी



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफ़र खिजरी ने बताया कि सोना सोबरन योजना अंतर्गत एनएफएसए और जेएसएफ राशनकार्ड लाभार्थियों के लिए वर्ष 2022-23 ई की प्रथम छमाही का साड़ी, धोती और लुंगी का आवंटन प्राप्त हुआ है।जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री खिजरी के अनुसार एक लाख 82 हजार 930 साड़ी, एक लाख 14 हजार 256 धोती और 68 हज़ार 262 लुंगी का आवंटन जिला को प्राप्त हुआ है। प्राप्त साड़ी, धोती और लुंगी प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा गया है। जांचोपरांत इसी महीने में जिले के सभी प्रखण्डों को उपलब्ध करा दिया जाएगा। राशन कार्ड लाभार्थियों के बीच जनवितरण प्रणाली की दुकानदारों के माध्यम से वितरण किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### अधिवक्ता कन्या विवाह व सन्नतवान योजना लागू



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला अधिवक्ता संघ रामगढ़ की कार्यकारिणी की बैठक अध्यक्ष आनंद अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें अधिवक्ताओं के बहुप्रतीक्षित मांग जो बहुत पहले आम सभा से पारित हो गई थी अधिवक्ता कन्या विवाह योजना एवं अधिवक्ता सन्नतवां योजना को सर्वसम्मति से लागू करने का निर्णय लिया गया इस योजना के तहत सभी अधिवक्ताओं को उनकी पुत्री के शुभ विवाह में रामगढ़ जिला अधिवक्ता संघ रामगढ़ द्वारा कन्यादान के रूप में रू 21000 नगद दिया जाएगा साथ ही यदि किसी अधिवक्ता के माता-पिता का देहांत होता है तो सांत्वना स्वरूप क्रिया कर्म के लिए रू 10000 का आर्थिक मदद किया जाना है उक्त प्रस्ताव को आज कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से पारित किया गया एवं यह निर्णय लिया गया कि आम सभा में पारित तिथि से ही सभी अधिवक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा आज की बैठक में मुख्य रुप से जिला अधिवक्ता संघ रामगढ़ के विकास कार्यों संबंधित बहुत से प्रस्ताव को पारित किया गया इन प्रस्ताव एवं विकास कार्यों को पारित होने से अधिवक्ताओं में काफी हर्ष है एवं अधिवक्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया इस अवसर पर संघ के उपाध्यक्ष झलक देव महतो महासचिव सीताराम कोषाध्यक्ष हरख नाथ महतो सहकोषाध्यक्ष धनंजय यादव लाइब्रेरियन शंभू तिवारी कार्यकारिणी सदस्य सुबोध पांडे मोइन अहमद योगेश पांडे राजेंद्र महतो ज्योति कुमारी द्वारिका महतो सतीश पाठक राजू कुमार उपस्थित थे।

### डी के राय की कमी हमेशा खलेगी : सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के केंद्रीय महासचिव स्वर्गीय डी के राय जी के मृत्यु की सूचना मिलने पर माननीय सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी गिरिडीह लोकसभा, उनके अंतिम संस्कार में शामिल होकर उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि दी । मौके श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि स्वर्गीय डीके राय कोयला श्रमिकों एवं अन्य मजदूरों के अधिकारों के लिए उन्होंने हमेशा लड़ाई लड़ी है द्य मौके पर सांसद श्री चंद्र प्रकाश चौधरी ने स्वर्ग डीके राय के पुत्र प्रीतेश कुमार राय, दमाद सुनील प्रसाद सिंह सिवेश राय छोटा पुत्र, देवांश मुंदगाल,, भाई मिथलेश कर राय, सोनेलाल राय, नरेश कुमार राय, अरविंद राय, शुबाश मिश्रा, से मिलकर हिम्मत प्रदान की और साथ ही कहा कि इस दुख की घड़ी में आजसू पार्टी परिवार का एक एक सिपाही आपके पूरे परिवार साथ दिन-रात खड़ी है । ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे एवं परिवार को इस कठिन समय में साहस दे द्य मौके पर अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के केंद्र अध्यक्ष श्री रोशनलाल चौधरी ने कहा कि स्वर्गीय डीके राए की जाने से काफी क्षति पहुंची है, जिसकी भरपाई कर पाना बहुत मुश्किल है वाह वह मजदूरों के हित के लिए हम लोग के साथ अभिभावक के रूप में दिन रात हमेशा साथ खड़े रहते थे द्य स्वर्ग डीके राय को मुखाग्नि पुत्र प्रीतेश कुमार राय, के द्वारा विधि पूरे विधि विधान के साथ की गई द्य परिवार वालों में दमाद सुनील प्रसाद सिंह, श्रीवेश राय छोटा पुत्र, देवांश मुंदगल , भाई मिथलेश कर राय, सोनेलाल राय, नरेश कुमार राय, अरविंद राय, शुबाश मिश्रा, दो पुत्र, एक पुत्री, पत्नी अनुपूर्णा राय, परिवार वालों से मिलकर माननीय सांसद श्री चंद्र प्रकाश चौधरी ने गहरा दुख प्रकट किया दीवार वाला और परिवार वालों हिम्मत प्रदान करते हुए कहा कि आजसू का एक एक सिपाही आपके पूरे परिवार के साथ दिन-रात खड़ी है द्य मौके पर सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, अखिल झारखंड श्रमिक संघ के केंद्र अध्यक्ष रोशनलाल चौधरी, आर बी ठाकुर, मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, जिला परिषद् सदस्य धानेश्वर महतो, रविंद्र शर्मा, प्रशांत बालथेरिया,विशाल सिंह, रामभजन महतो, अनुज तिवारी, गुड्डू सिंह, नीरज मंडल, बिक्की ठाकुर, राजकिशोर महतो, परकश महतो, शंभू ठाकुर, जलेश करमाली, टोल प्लाजा कर्मी चंदन ठाकुर, रंजीत , सहित आजसू पार्टी एवं यूनियन के सभी पदाधिकारी मौजूद हुए ।



# 2000 बच्चे और शिक्षक 5, कैसे होगा सपना सकार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कोडरमा :** झारखंड सरकार द्वारा आदर्श विद्यालय योजना के अंतर्गत संचालित 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में से 3 विद्यालय कोडरमा जिला के भी शामिल है, इसका ऑनलाइन उद्घाटन गत 2 मई को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा किया गया. इसमें सी.डी बालिका उच्च विद्यालय झुमरी तिलैया, सी.एम प्लस टू उच्च विद्यालय डोमचांच एवं कस्तूरबा गांधी उच्च विद्यालय जयनगर शामिल है. ज्ञात हो कि इस विद्यालय की स्थापना 1960 में हुई थी जिसको अब सी.बी.एस.सी एफिलिएटेड कर दिया गया है लेकिन अभी भी इस विद्यालय को सुचारु रुप से चलाने को लेकर कई समस्याएं सामने आ रही है उनमें से सबसे बड़ी समस्या शिक्षक की है. इस विद्यालय में लगभग 2000 बच्चे पढ़ते हैं और केवल 5 शिक्षक है ऐसे में प्रति शिक्षक बच्चे का अनुपात बताएं तो 400 बच्चे में एक शिक्षक हैं. आप सोच सकते हैं कि शिक्षकों की कमी से सी.बी.एस.सी के लिए बच्चों की पढ़ाई कितना संभव हो पाएगी. सी. डी बालिका उच्च विद्यालय झुमरी तिलैया की प्रधानाध्यापिका रीना सिंह ने कहा कि हमें बहुत गर्व महसूस हो रहा है कि हमारे विद्यालय सी.डी बालिका उच्च विद्यालय को अब सी.बी.एस.सी एफिलिएटेड कर दिया गया है. वैसे बच्चे जिनका सपना होता है सी.बी.एस.सी स्कूलों में पढ़ने का लेकिन वह अपनी आर्थिक स्थिति सही नहीं होने के कारण पढ़ नहीं पाती है और उनका सपना धरा का धरा ही रह जाता है. वैसे बच्चे अब सी.बी.एस.सी पैटर्न पढ़ाई कर पाएंगे. वहीं छात्रा भूमि सिंह ने कहा कि हमें बहुत खुशी है कि अब हमलोग सी.बी.एस.सी पैटर्न में पढ़ाई करेंगे.साथ ही डर भी है कि हमारे स्कूल में लगभग 2000 बच्चे हैं और शिक्षक मात्र 5 है तो हमलोग अपनी पढ़ाई पूरी कैसे करेंगे. वहीं तान्या कुमारी ने कहा कि सरकार को बहुत बहुत धन्यवाद है कि हमें सी.बी.एस.सी पैटर्न में पढ़ाई करने का अवसर दिया गया और इससे हम सब बहुत खुश है. अभी जब मैंने अपना क्लासरूम देखा तो पाया कि वहां बहुत अच्छे बोर्ड लगे हुए थे पुरे क्लास को अच्छे से सजाया गया था. साथ ही उसने यह भी कहा कि हमारे विद्यालय में लगभग 20 क्लासरूम है, 2000 बच्चे हैं और शिक्षक मात्र 5 है तो ऐसे में पढ़ाई करना बहुत ही ज्यादा मुश्किल हो जायेगा तो हम सरकार से अनुरोध करते हैं कि हमारे विद्यालय में शिक्षक की भी व्यवस्था करा दें ताकि हमलोग अच्छे से पढ़ाई कर सकें.




## भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गोष्ठी का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरही में कक्षा नवम के भैया-बहनों के अभिभावकों की एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय और आचार्य चंद्रमोहन मिश्र के द्वारा संयुक्त रूप से भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस गोष्ठी में कुल 75 अभिभावक उपस्थित हुए जिसमें माताओं की संख्या सर्वाधिक रही। अपने उद्बोधन में गोष्ठी की महत्ता बताते हुए प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने कहा कि भैया-बहनों को विद्यालय के अलावा घर पर भी शिक्षा का ऐसा वातावरण दे कि उनकी पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़े। इससे भैया-बहनों का निरंतर विकास संभव होगा।

## पतरातू लोटस लिटिल स्कूल में बच्चों का हुआ कराटे ग्रेडेशन टेस्ट

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरात :** मेन रोड स्थित लोटस लिटिल स्कूल में कराटे फेडरेशन ऑफ सातोकान इंडिया सह मॉडर्न मार्शल आर्ट्स कराटे डो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में स्कूली बच्चों के बीच कराटे ग्रेडेशन टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर अगले बेल्ट के लिए दावेदारी पेश की। सफल कराटे कारों में गुलाबचंद्र ने प्रथम, प्रियांशु कुमार ने द्वितीय एवं रिशु माही ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य सफल कराटे कारों में राजशी गुप्ता,ऋषभ राज,आर्यन कुमार, ईशान डे,अंश कुमार,प्रिंस कुमार, आर्या बक्शी, दीपेश, आर्याज, प्रशांत कुमार,अरनव कुमार, तेजश कुमार एवं दक्ष कुमार ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपने ग्रेडेशन टेस्ट में सफलता प्राप्त की। इस मौके पर स्कूल की प्रिंसिपल श्वेता सिंह ने कहा कि आज के परिवेश में कराटे हर किसी के लिए अनिवार्य है। ग्रेडेशन टेस्ट संस्था के चीफ सेंसी विकास कुमार पाठक ब्लैक बेल्ट थर्ड डैन इंटरनेशनल चैंपियन एवं सीनियर ब्लैक बेल्ट रविशंकर कुमार की देखरेख में संपन्न हुआ। इस मौके पर स्कूल के अन्य टीचर्स में अरुणा कुमारी,मोनी हुमबीर, संध्या बर्णवाल,मोना कुमारी, सोनम कुमारी,ज्योति कुमारी, निशत फिरदौस,नौशीन नाज़, पापिया सिकदार,अनामिका गुप्ता, अंबिका कुमारीसुरभि कुमारी, प्रतिमा कुमारी नमिता कुमारी,अंजली कुमारी एवं मधु प्रिया मुख्य रूप से उपस्थित थे।



## मंडा पूजा आस्था, भक्ति और त्यांग का संगम है : ममता देवी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड के दुलमी गांव में मंडा पुजा में पुर्व विधायक ममता देवी पुर्व कांग्रेस प्रत्याशी बजरंग महतो शामिल हुए। साथ ही पुजा अर्चना की। इस दौरान ममता देवी ने कहा कि मंडा परब झारखंड की परंपरा और संस्कृति से जुड़ा हुआ है। जिसे खासकर झारखंड में लोग काफी उत्साह और जुनून के साथ लोग मनाते आ रहे है। यह पर्व अच्छी बारिश, खेत-बारी और समृद्धि के लिए मनाया जाता है। इस परब के दौरान भक्त आग पर चलने और ऊंचाई पर पीठ पर लगे हुक के सहारे झूलते हैं। इस दौरान श्रद्धा और भक्ति का ऐसा नजारा दिखता है जिसमें बड़े तो बड़े नन्हे बच्चे भी अपनी भक्ति की परीक्षा देते है। इस भक्ति के परीक्षा का उद्देश होता है कि भगवान के प्रति आस्था और प्रेम को दर्शना। यह आस्था और विश्वास का प्रतीक है। जलते अंगारों में चलकर लोग अपने अटूट आस्था का परिचय देते हैं। इस महापर्व में क्षेत्र के चौमुखी विकास और सुख समृद्धि की कामना करती हूं। मौके पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश दुर्गा महतो सुभाष महतो सीताराम महतो चितरंजन महतो पप्पू महतो विकास राम महतो दिलीप शर्मा प्रकाश करमाली उतम कुमार छोटन कुमार घनश्याम कुमार प्रेम मुंडा व सौकडों लोग मौजूद थे।



## रामगढ़ एनएच 33 कोठार के पास भीषण सड़क दुर्घटना, दो की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ एनएच 33 में कोठार के पास एक भीषण सड़क दुर्घटना घटी जिसमें 2 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक रामगढ़ थाना क्षेत्र के कोठार में फोरलेन पर एक टेलर के चपेट में आने से बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि रांची की ओर से हजारीबाग जा रहे एक ट्रेलर जेएच 05 डीके 6290 ने विपरीत दिशा से आ रहे बुलेट जेएच 01 ईसी 8224 को चपेट में लिया। घटना में बाइक चालक और एक सवार दोनों की मौत घटनास्थल पर हो गई।घटना की जानकारी पर रामगढ़ थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों मृतकों के शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जाता है कि टेलर बुलेट को काफी दूर तक घसीटते हुए ले गया था। वहीं दुर्घटना के बाद ट्रेलर ड्राइवर टेलर को खड़ा कर फरार हो गया।पुलिस दुर्घटनाग्रस्त टेलर को कब्जे में ले लिया है।



# श्री-श्री 108 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर निकाली गई भव्य कलशयात्रा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत गंगपाचो अतंर्गत ग्राम-पैसरा में श्री-श्री 108 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर 801 महिलाओं एवं कुंआरी कन्याओं के द्वारा कलश यात्रा निकाली गयी।लला,पिले वस्त्र में सजी देवी स्वरूपा माताओं एवं बहनों को उपस्थित गणमान्यजनों के द्वारा कलश देकर कलशयात्रा का शुभारंभ किया गया।तत्पश्चात ग्राम भ्रमण हनुमान मंदिर के प्रांगण से होते हुए पैसरा मोड़,तेतरिया टांड होते हुए बरसोती नदी से कलश में जल भरकर वापस मंदिर के प्रांगण में कलशों को लेकर पहुँची।इस मौके पर विधायक अमित कुमार यादव,पूर्व विधायक जानकी यादव,जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव,जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी प्रमुख रेणु देवी,उपप्रमुख सुरजी देवी,बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार मंडल,जयनगर के प्रमुख प्रतिनिधि सह मुखिया राजकुमार यादव,स्थानीय मुखिया चिंता देवी,पंचायत गयपहाडी मुखिया कलावती देवी,पूर्व मुखिया अशोक रविदास,पूर्व मुखिया रामचन्द्र राम, सुनील रजक,भोला प्रसाद, मुरली महतो,जागेश्वर प्रसाद, इंद्रदेव यादव, इंद्रदेव गोप, कामदेव रजक,ललन यादव, रमेश यादव,दूर्गा चौधरी, मणिलाल चौधरी, रामचंद्र चौधरी, नारायण प्रसाद,मनोहर चौधरी,युगल राम, शिवशंकर वर्णवाल,विनोद यादव, राजू यादव,अरविंद सिंह,यज्ञ समिति के अध्यक्ष किशुन महतो, सचिव बैजू महतो,कोषाध्यक्ष हिरामन प्रसाद,जितेंद्र प्रसाद,चुरामन महतो विनय कुमार ,टिपलाल प्रसाद ,शंकर दयाल,लेखराज महतो, पुरषोत्तम महतो, मंटू महतो ,सीताराम प्रसाद,तरुण प्रसाद,गुली महतो, तिलक महतो ,भीखन यादव,टेकमन महतो, नरेश प्रसाद, लक्ष्मण प्रसाद,कामेश्वर प्रसाद, चेतलाल धोबी, प्रदीप रविदास,राजकुमार रविदास, महेंद्र रविदास,कैलाश धोबी,सूरज रजक,द्वारिका प्रसाद,द्वारिका महतो,रामप्रीत प्रसाद,भगीरथ प्रसाद,कैलाश प्रसाद,हीरालाल महतो, भीमलाल प्रसाद,भुनेश्वर प्रसाद,बासुदेव प्रसाद,संजय सिंह,पवन प्रसाद,राहुल पासवान,राजेश प्रसाद,श्यामप्रीत प्रसाद, संजय प्रसाद,खगेंद्र रजक सुनील कुमार के अलावा सैकड़ों ग्रामीण महिलाओं एवं पुरूष महायज्ञ कलश यात्रा में शामिल हुए।



## मुखिया ने की राजकीय मध्य विद्यालय मांडू की औचक जांच



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :**मांडू चट्टी पंचायत के मुखिया अनीता देवी के द्वारा राजकीय मध्य विद्यालय मांडू (चट्टी) में औचक जांच किया गया जिसमे प्रधाना अध्यापक अनुपस्थित पाया गया। जिसमे स्कूल के शिक्षिका सकुंलता जी द्वारा बताया गया की स्कूल का प्रभार मौखिक मिला लेकिन लिखित में नही मिला है उसी दौरान मेरे द्वारा प्रखड शिक्षा पदाधिकारी से बात हुई जिसमे बताया गया की मुझे इस बात की कोई जानकारी में नही है की वो छुट्टी में है या नही उसके बाद मध्यान भोजन के बारे में भी असंतोषजनक जानकारी मिली इसी दरमियान में जिला शिक्षा अधीक्षक से फोन में बात हुई जिसमे इस बात से अवगत कराया और उन्होंने प्रखड़ शिक्षा पदाधिकारी को तुरंत उत्क्रमिक मध्य विद्यालय भेजे जिसमे उन्होंने में देखा की वहा के प्रधानाआध्यापक अनुपस्थित थे इससे प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी गुस्सा हो गए और मांडू चट्टी के मुखिया से अवगत कराया और कहा की छुट्टी ग्रांटेड होना चाहिए इस तरह की लापरवारी से बच्चो के भविष्य से खिलवाड़ न करे मुखिया अनीता देवी ने बोला की प्रधानाध्यापक शेखर कुमार का एक दिन का वेतन काट के भुगतान किया जाय और ऐसे लापरवाह शिक्षक पर नियमानुसार कारवाही करे ताकि भविष्य में बच्चो की शिक्षा के साथ खिलवाड़ न हो।

## बरही पुलिस ने एक को भेजा जेल

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :**बरही पुलिस ने घर में घुसकर नाबालिग लड़की का अपहरण करने, जाति सूचक गाली देने, गोदरेज से रुपया ले लेने व धामकी देने के आरोप में एक प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस बाबत पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ललित कुमार ने बताया कि वादिनी के लिखित आवेदन के आधार पर बरही थाना में कांड संख्या 188/23 दर्ज किया गया था। जिसमें 4 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। उक्त सभी के विरुद्ध घर में घुसकर नाबालिग पुत्री का अपहरण करने, जातिसूचक गाली देने, गोदरेज से रुपया लेने व धमकी देने का आरोप लगाया गया था। कांड का अनुसंधान के दौरान वरीय पदाधिकारी के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए गठित टीम के द्वारा छापामारी करते हुए उक्त कांड के आपहर्ता व पीड़िता को बरामद किया गया, तथा उक्त कांड के प्राथमिकी अभियुक्त बरसोत गांव निवासी उमेश कुशवाहा का 20 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। छापामारी दल का नेतृत्व पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ललित कुमार ने किया। वहीं इस दल में पु.अ.नि. विपिन कुमार यादव, अकाश कुमार चौपारण थाना, महिला आरक्षी हेमंत कुमारी, व बरही थाना के रिजर्व गार्ड शामिल थे।

## अचलजामु में सात दिवसीय बिशु मेले का समापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अंतर्गत अचलजामू पंचायत में अचल नाथ धाम मंदिर भक्ता मेला जिसे विशु मेला के नाम से भी जाना जाता है ।लगभग दो सौ वर्षो से यह पूजा अनवरत जारी है ।इस वर्ष सोलह भगतियाजन सात दिनों के लिये पूरे ब्रह्मचर्य के साथ मन्दिर में प्रवेश किये।अचलजामो में सात दिवसीय भक्ता मेला या बिशु मेला का आज समापन किया गया।

बताया जाता है कि यह मंदिर बहुत पुराना मंदिर है,लोगों का कहना है कि यहाँ का शिव जी आप रुपी अर्थात अपने आप शिव जी एक कान्दू परिवार के गौबर डिंगा मे निकले हुए थे ।मान्यता के अनुसार यहाँ जो भी भक्त सच्चे दिल से अपनी मनोकामना लेकर आते हैं,उनकी मुराद बाबा भोले नाथ अवश्य ही पुरा करते हैं।यह त्योहार मुख्य रूप से अचलजामू सिरंय तथा करगालो पंचायत के भक्तिया सब भाग लेते हैं।आज यहाँ शिव भक्तों के माध्यम से भिन्न-भिन्न प्रकार शिव भक्ति का प्रदर्शन किया गया, जैसे आग में नंगे पांव चलना,लकड़ी में लगे सैकड़ों किल पर सोकर पानी लाना।लकड़ी के बने खंभे पर झुलना इत्यादि कार्यक्रम को देखने के लिए दूर-दूर गाँव से शिव भक्त हजारों की संख्या में आते हैं ।मेले के आयोजन में अचलजामू पंचायत के सभी आमजनों ने बढ- चढ कर अपनी भागीदारी दी। जिसमें विष्णुगढ़ प्रखण्ड के पुर्व प्रमुख अशोक कुमार गुप्ता,पूर्व उप प्रमुख सुशील कुमार मंडल,मुखिया प्रतिनिधि तापेश्वर रजक,शिक्षक अजीत कुमार गोस्वामी,उदय प्रसाद,रंजीत कुमार महतो,अर्जुन प्रसाद,लालजी महतो,द्वरिका प्रसाद,केदार गोस्वामी इत्यादि शिव भक्तों के प्रयास से यह पावन पर्व होता है।



## रोहित कु. पंडित की हत्या के मामले में तीन नामजद अभियुक्तों को बरही पुलिस ने भेजा जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत मालकोको पंचायत के चतरो गांव निवासी रोहित कुमार पंडित की मौत मामले में बरही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 24 घंटे के अंदर तीन नामजद प्राथमिकी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ललित कुमार ने प्रेस बयान जारी करते हुए बताया कि वादी रोहित कुमार पंडित के कंप्यूटर टंकीत आवेदन के आधार पर बरही थाना में कांड संख्या 201/23 दर्ज किया गया था। जिसमे 10 लोगों को नामजद प्राथमिक अभियुक्त बनाया गया था। उक्त सभी प्राथमिकी अभियुक्त के विरुद्ध लाठी, डंडा तथा ईट लेकर घर में घुसकर गाली गलौज करते हुए मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर देने के आरोप लगाया गया था। उक्त कांड में जख्मी रोहित कुमार पंडित की मौत पिछले चार मई को इलाज के दौरान हो गई थी। वहीं उन्होंने बताया कि कांड अनुसंधान के दौरान वरीय पदाधिकारी के निर्देशन में त्वरित कार्रवाई करते हुए गठित टीम के द्वारा छापामारी करते हुए उक्त कांड के तीन प्राथमिकी अभियुक्तों को चौपारण थाना अंतर्गत बरमोरिया गांव से गिरफ्तार कर हजारीबाग केंद्रीय कारा भेज दिया गया। जिन लोगों को पकड़ा गया उसमें चतरो गांव के सेवा पंडित का 24 वर्षीय पुत्र सीताराम पंडित, शोभन पंडित का 50 वर्षीय पुत्र सेवा पंडित व सीताराम पंडित की पत्नी शामिल है। वहीं उन्होंने बताया कि अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी की जा रही है। छापामारी दल में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ललित कुमार, पु.अ.नि. चंदन कुमार साव, महेंद्र बैठा, लक्ष्मण बोबोगा, राजाराम हासदा, दिनेश कुमार महतो, महिला चौकीदार में पुनिया मसोमात व बरही थाना के रिजर्व गार्ड शामिल थे।



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को लगा टीका



**महेशपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महेशपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एएनएम एवं स्वास्थ्य कर्मी ने प्रखंड के किरता, देवपुर समेत कई आंगनबाड़ी केंद्रों के दर्जनों बच्चों को मीजल्स रूबेला टीकाकरण अभियान के तहत टीका लगाने का कार्य किया गया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी सेविका मुख्य रूप से उपस्थित थीं। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र के अंतर्गत आने वाले सभी बच्चों को बुलाकर आंगनबाड़ी केंद्रों में टीका लगवाए। इस दौरान बच्चे के अभिभावक एवं स्वास्थ्य कर्मी भी उपस्थित थे। उधर हेल्थ एजुकेटर नीलम सरिता खालको अपने स्वास्थ्य टीम के साथ उत्क्रमित मध्य विद्यालय खगड़ा और प्लस टू हाई स्कूल शहरग्राम में कैंप लगाकर सैकड़ों बच्चों को मीजल्स रूबेला का टीका लगवाया।

# अच्छी पहल : ग्रामीण क्षेत्र की एएनएम दीदी स्कूटी से पहुंचाएगी स्वास्थ्य लाभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**नावाडीह :** जिले के विभिन्न प्रखंड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के स्वास्थ्य उपकेन्द में पदस्थापित एएनएम अब इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी पर सवार होकर गांव के घर घर जाकर गर्भवती महिलाएं व नैनीहालों का टीकाकरण सहित स्वास्थ्य विभाग द्वार चलाई जा रही स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने का काम करेगी। बोकारो उपायुक्त कुलदीप चौधरी के पहल पर व सीसीएल के सीएसआर योजना के तहत ग्रीव्स रिटेल के डीलर विंगू इंटर प्राईजेज द्वारा एनीगमा 450 इलेक्ट्रिक स्कूटी 100 एएनएम को देने की स्वीकृति प्रदान की है। जिसका शुभारंभ शुक्रवार चपरी उत्क्रमित मध्य विद्यालय में राज्यपाल महामहिम सीपी राधाकृष्णन ,बोकारो उपायुक्त कुलदीप चौधरी ,वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार ,उपविकास आयुक्त कृति श्री ,पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार झा आदि ने संयुक्त रुप से नावाडीह प्रखंड के चपरी की गायत्री कुमारी , अरगामो के राजश्री कुमारी एंव पैंक एएनएम मेरी हेम्ब्रम को वितरण कर किया ।

**हर दिन बिना ईंधन के 50 किमी चलेगी स्कूटी–**

विंगू इंटर प्राईजेज के फलविन्दर सिंह ने बताया कि उक्त इलेक्ट्रिक स्कूटी के उपयोग होने से ईंधन के साथ साथ प्रदूषण की भी बचत होगी।इसकी गुणवत्ता काफी अच्छी है यह मात्र तीन घंटे के इलेक्ट्रॉनिक से फुल चार्य होती है जिससे पचास से साठ किलोमीटर चलेगी।इसमें रिवर्स मोड व अच्छे फीचर्स उपलब्ध है। इस वाहन को चलाने के लिए परिवहन विभाग से ना तो निबंधित करने की आवश्यकता है ना ही चालक की लाइसेंस की जरूरत होगी। इस वाहन को लेकर महामहिम राज्यपाल ने भी प्रशंसा करते हुए कहा कि यह योजना काफी उपयोगी है इसे ना सिर्फ बोकारो बल्कि राज्य के सभी जिलों में उतारी जाएगी ताकि ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिल सकें।

# सैमसंग ने पेश किया 2023 नियो क्यूएलईडी 8के टीवी व 4के टीवी




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** सैमसंग का 2023 नियो क्यूएलेडी अब 'मोर वॉव दैन एवर' एक्सपीरियंस के साथ भारत में; शक्तिशाली प्रदर्शन, सुरक्षित कनेक्टिविटी, मनमोहक गेमिंग, पर्सनलाइज्ड अनुभव और हर दिन की सस्टेनेबिलिटी के साथ पिछले 17 वर्षों से दुनिया के नंबर एक झ्ङ्क ब्रांड सैमसंग ने आज 50-इंच से 98-इंच के साइज रेंज में अपने अल्ट्रा-प्रीमियम 2023 नियो QLED 8K TV और QLED 4K TV की नवीनतम पीढ़ी लॉन्च करने की घोषणा की। अद्भुत पिक्चर क्वालिटी और शानदार डिजाइन के अलावा इस साल के लाइन-अप में मोर वॉव दैन एवर (अब तक की सबसे ज्यादा 'अहा' अनुभूति) देने वाले उन्नत कनेक्टिविटी, आधुनिक पर्सनलाइजेशन, बेहतरीन गेमिंग अनुभव और तमाम उत्पादों के पूरे जीवन चक्र के दौरान कार्बन फुटप्रिंट को न्यूनतम कर दैनिक सस्टेनेबिलिटी पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

# कालाजार का स्वास्थ्य कर्मियों ने किया सर्वे



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महेशपुर :** प्रखंड के चांदीपुर सिलमपुर समेत कई कालाजार संभावित गांव में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य कर्मी कालाजार को लेकर सर्वे किया। स्वास्थ्य कर्मी एमपीडब्ल्यू किस्टो कुमार सिंह, भारती कुमारी एवं सहिया सर्वे के दौरान गांव में डोर टू डोर जाकर लोगों से कालाजार से संबंधित जानकारी लेते हुए मरीजों को चिन्हित किया। इस दौरान कालाजार संदिग्ध मरीजों को चिंहित कर सूची बनाकर उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेशपुर जाने के लिए प्रेरित किया। मौके पर एमपीडब्ल्यू किस्टो कुमार सिंह ने कहा कि 2 मई से 15 मई ?तक कालाजार खोज पखवाड़ा चलाया जाएगा।

# पानी की समस्या की सूचना पर निरीक्षण को पहुंची पूर्व नप अध्यक्ष

**पाकुड़ :** नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष संपा साहा शनिवार को वार्ड संख्या 19 अंतर्गत कालिका पुर में पानी की समस्या की सूचना पर निरीक्षण के लिए पहुंची। निरीक्षण में पाइप लाइन में कुछ खामियां पाई गई। यहां जानकारी मिली कि पाइपलाइन का काम चल रहा था। जिस वजह से पानी की सप्लाई बंद थी। लेकिन पानी चालू होने के बाद भी कुछ मोहल्लें में पानी नहीं जा रहा था। पूर्व अध्यक्ष ने निरीक्षण के दौरान पाई खामियों को सुधारने के लिए कार्यपालक पदाधिकारी से दूरभाष पर बात की। उन्होंने समस्या के समाधान का अनुरोध किया। ताकि लोगों को भीषण गर्मी में पानी की समस्या से जूझना नहीं पड़े। पूर्व अध्यक्ष संपा साहा ने कहा कि आम जनता की समस्याओं का समाधान निकालना हमारी जिम्मेदारी बनती है।

# बीएसएल में सम्मानित किये गए विश्वकर्मा राष्ट्रीय पुरस्कार, क्यू सी सम्मेलनों एवं 5-एस कनक्लेव के विजेता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बोकारो :** बीएसएल के मानव संसाधन विकास केंद्र में बिजनेस एक्सीलेंस विभाग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में आईसीक्यूसीसी (हैदराबाद)-2021, आईसीक्यूसीसी (जकार्ता)-2022, एनसीक्यूसी- 21, एनसीक्यूसी-22, राष्ट्रीय विश्वकर्मा पुरस्कार-2018, 5-एस नेशनल कॉन्क्लेव-2022, सीआईआई प्रोडक्टिविटी अवार्ड, तथा निबंध, स्लोगन, एलोक्यूशन एवं क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बीएसएल के निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश मुख्य अतिथि रहे. इस दौरान अधिशासी निदेशक(संकार्य) बी के तिवारी, अधिशासी निदेशक(परियोजनाएं) सी आर महापात्रा, अधिशासी निदेशक(वित्त एवं लेखा) एस रंगानी, अधिशासी निदेशक(सामग्री प्रबंधन) ए श्रीवास्तव, अधिशासी निदेशक(कार्मिक एवं प्रशासन) राजन प्रसाद, विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, अन्य वरीय अधिकारी, बिजनेस एक्सीलेंस विभाग के अधिकारी सहित पुरस्कार विजेता उपस्थित थे। कार्यक्रम के आरम्भ में महाप्रबंधक(बिजनेस एक्सीलेंस) श्रीमती अनुपमा तिवारी ने सभी का स्वागत किया तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं के बारे में बताया. निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश ने पुरस्कार विजेताओं की इस उपलब्धि पर बधाई दी और उन्हें इसी उत्साह से आने वाले समय में इस उपलब्धि के इस क्रम को और आगे ले जाने का आह्वान किया। उल्लेखनीय है कि आईसीक्यूसीसी (हैदराबाद)-2021 में क्यू सी-2013 (डी एन डब्ल्यू) को पार एक्सीलेंस, एलक्यूसी -06 (सीओ एवं सीसी) को पार एक्सीलेंस, क्यू सी-295 (डब्ल्यूएमडी) को पार एक्सीलेंस तथा क्यू सी -1818 (जीएम-एम) को एक्सीलेंस, तथा आईसीक्यूसीसी (जकार्ता)-2022 में क्यू सी-252(आई एवं ए) को पार एक्सीलेंस, क्युसी-404 (सीबीआरएस) को पार एक्सीलेंस तथा क्यूसी-200 (सिंटर प्लांट) को पार एक्सीलेंस प्राप्त हुआ था. बीएसएल के कैपिटल रिपेयर (मैकेनिकल) की टीम को विश्वकर्मा राष्ट्रीय पुरस्कार-2018 का विजेता घोषित किया गया था. 5-एस नेशनल कनक्लेव-2022 में भी प्लांट की क्यू सी-1627 (सी आर-इलेक्ट्रिकल) को पार एक्सीलेंस, एलक्यूसी-06 (सीओ एवं सीसी) को पार एक्सीलेंस, सामग्री प्रबंधन (स्टोर) की टीम को एक्सीलेंस तथा ईआरएस की टीम को एक्सीलेंस अवार्ड से नवाजा गया था।


## कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, गुमला

**अत्यावशयक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिले के प्रारंभिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की प्रोन्नति हेतु वरीयता सूची का निर्धारण कर शिक्षकों के अवलोकनार्थ एवं तत्संबंधी यदि आवश्यक हो तो दावा आपत्ति पेश करने हेतु जिले के आधिकारिक वेबसाईट **https://gumla.nic.in** में अपलोड कर दिया गया हैं।

अत्एव उक्त सूची के आधार पर किन्ही भी शिक्षक का कोई दावा आपत्ति हो तो वे विज्ञापन प्रकाशन के एक माह के भीतर अपना दावा आपत्ति अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में पेश कर सकते हैं।

जिला शिक्षा अधीक्षक,
गुमला

PR 296673 Jharkhand Education Project Council (23-24)_D

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, सिमडेगा।
**इश्तिहार का प्रकाशन**
**सरकार**
**बनाम**
**01.सुशिल समद, पिता–निहीमिया समद, साकिन–घुटबहार राजाबसा, थाना–टी0 टॉंगर, जिला–सिमडेगा।**

**जलडेगा थाना कांड सं0–16/22,**
दिनांक–06.06.2022, धारा–302/201/34 भा0द0वि0।

आपको इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वाद में आप के विरूद्ध **दिनांक–26.04.2023** को इश्तिहार माननीय न्यायालय सिमडेगा से जारी किया गया है।

अतः आप से इस प्रकाशन के जरिए आग्रह किया जाता है कि प्रकाशन की तिथि से तीस दिनों के भीतर उपस्थित होकर माननीय न्यायालय सिमडेगा में अपना पक्ष रखें। इसे ताकिद जानें।

पुलिस अधीक्षक,
सिमडेगा

PR 296684Police(23-24)#D

## झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गिरिडीह
विज्ञान भवन, झण्डा मैदान, गिरिडीह– 815301.
फोन–06532–250719, फैक्स नं0–06532–250718
**E-mail Address:**-jepgiridih123@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा जिले के सभी निजी विद्यालयों को सूचित किया जाता है कि **SDMIS** अंतर्गत **UDISE MANDATORY FIELD** जिसमें छात्र–छात्राओं का विवरण दिनांक 31.03. 2023 तक अद्यतन किया जाना निर्धारित था। परन्तु यह अत्यंत ही खेद का विशय है कि कुल 597 निजी विद्यालयों द्वारा अब तक उक्त कार्य को पूर्ण नहीं किया गया है, जिसके कारण भारत सरकार को जिला का समेकित डाटा उपलब्ध नहीं कराया जा सका है, फलस्वरूप योजनाओं के क्रियान्वयन में कठिनाई उत्पन्न हो रही है।

अतः आपको अंतिम रूप से स्मारित करते हुए निदेश दिया जाता है कि दिनांक 08.05.2023 तक उक्त कार्य को पूर्ण करें अन्यथा की स्थिति में आपके विद्यालय की सम्बद्धता **C.B.S.E/ ICSE/JAC** से समाप्त करने हेतु संबंधित बोर्ड को अनुशंसा कर दी जायेगी। विदित हो कि जो विद्यालय किसी बोर्ड से सबंद्ध नहीं है, उनको जिला स्तर से बंद करने की बाध्यता होगी।

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
गिरिडीह।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
गिरिडीह।

PR 296648 (School Education and Literacy)23-24*D

## JHARKHAND MANTRALYA
DPRD BUILDING
DHURWA, RANCHI-834004.
**OFFICE OF THE D.G. & I.G. OF POLICE**

**Notice Inviting Tender (NIT)**

Sealed tenders are invited from the local suppliers who are GST registered in Jharkhand for the supply of Stationary items:-

| Tender No. | Sale of last date of tenders | Last Date of submission of Bid | Opening of Technical Bid |
|---|---|---|---|
| PHQ. NIT No. 02/2023-24 | 19.05.2023 | 22.05.2023 16.00 Hrs | 22.05.2023 17.00 Hrs |

A complete set of Bid Documents may be purchased by any interested eligible Bidder on the submission of a written application to the IG Provision, Jharkhand Police Head Quarter, Dhurwa, Ranchi-834004 upon payment of a non refundable fee of **Rs. 2500/- (Rupees Two Thousand Five Hundred only)** in the form of Demand Draft in favour of IG Provision Jharkhand Police, Ranchi, payable at Ranchi.

The Bid Document may be purchased personally during office hours on all working days from **08.05.2023**

Bidder can also download the Tender document (Terms & Condition / Annexure 'A') from Jharkhand Police Web-site www.jhpolice.gov.in in case the tender downloaded the bidder has to enclosed a demand draft of **Rs. 2500/-(Rupees Two Thousand Five Hundred only)** in favour of IG of Police (Provision) along with the tender document.

**I.G. of Police (Provision),**
**Jharkhand, Ranchi**

PR 296613 Police(23-24)D

## झारखंड शिक्षा परियोजना
**(समग्र शिक्षा अभियान)**
नया समाहरणालय भवन,ग्राउंड फ्लोर,बी.–002, हजारीबाग
**E-Mail – ssa_hazaribagh.rediffmail.com**

पत्रांक 502 | दिनांक 06.05.2023

**आवश्यक सूचना**

दिनांक–04.05.2023 को राज्य सरकार के Evidya Vahini Portal पर Child Mandatory Field in Udise data पर चल रहे कार्यों का सचिव,स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड रॉंची एवं राज्य परियोजना निदेशक,झा.शि.प.,रॉंची के विडिओ कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की गई, जिसमें हजारीबाग जिला की प्रगति संतोषप्रद नहीं पाया गया। जिसमें चलकुशा, सदर एवं नगर, बरही, ईचाक एवं कटकमदाग का प्रगति बहुत ही खराब है। प्रखंडों द्वारा बताया गया कि विशेषकर बहुत से निजी विद्यालय, स्थापना अनुमति प्राप्त विद्यालय एवं इंटर कॉलेज डाटा का अद्यतन करने में रूची नहीं ले रहें है एवं सरकारी विद्यालय के शिक्षकों द्वारा भी कार्य में लापरवाही बरती जा रही है, जिसपर उच्चाधिकारियों द्वारा खेद प्रकट किया गया। उक्त डाटा को प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है। आप सभी अवगत हैं कि जो विद्यालय यू–डायस कोड़ प्राप्त कियें है उन्हें प्रतिवर्ष भारत सरकार के यू–डायस पोर्टल पर डाटा का अद्यतनीकर किया जाना होता है।

एतद् द्वारा सभी प्रकार विद्यालयों (निजी एवं मान्यता प्राप्त सहित) को सूचित किया जाता है कि नया नामांकन(जो नहीं प्रवृष्टि कर पाये है) की प्रवृष्टि करते हुए Child Mandetary Field in Udise data अपडेशन कार्य दिनांक–09.05.2023 तक आवश्यक रूप से पूर्ण कर लें, अन्यथा U-DISE कोड़ रद्द करने की कार्रवाई की जाऐगी, CBSE/ICSC से मान्यता समाप्त करावाने की कार्रवाई की जाएगी तथा स्थापना अनुमति प्राप्त विद्यालयों का प्रस्वीकृति रद्द करने की कार्रवाई की जायेगी।

जिला जिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यकम पदाधिकारी,हजारीबाग

PR 296686 School Education and Literacy(23-24).D

## झारखण्ड सरकार
## कारा निरीक्षणालय, मंडल कारा, कोडरमा

**ई0-निविदा सूचना**

1. कारा का नाम– मंडल कारा, कोडरमा।
2. विषय– कारा में आपूर्ति हेतु खाद्यान्नों, आलू, हरी सब्जियों, फलों एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय हेतु ई–निविदा का आमंत्रण।(तृतीय त्रैमासिक ई0–निविदा दिनांक–01.07.2023 से 30.09.2023 तक)
3. निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non refundable) राष्ट्रीयकृत बैंक से बैंक ड्राफ्ट के रूप में अधीक्षक मंडल कारा कोडरमा के पदनाम से होगा जो निम्न प्रकार है–
   (i) 10.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु – 2,500.00 (दो हजार पाँच सौ रूपये) मात्र।
   (ii) 10.00 से 50.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु – 5,000.00 (पाँच हजार रूपये) मात्र।
   (iii) 50.00 लाख से ऊपर की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु– 10,000.00 (दस हजार रूपये) मात्र।

4- Website पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि–12.05.2023 से 26.05.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक।
5. निविदा जमा करने की तिथि–12.05.2023 से 26.05.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक सभी कार्य दिवस को।
6- Tender Fee, EMD का original Copy एवं उल्लेखित नमूना (Sample) दिनांक–30.05.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से 31.05.2022 को अपराह्न 04:00 बजे तक कार्यवधि में कार्यालय में जमा करना होगा।
7. निविदा खुलने की तिथि/समय/स्थान–02.06.2023 को अपराह्न 12:00 बजे अपर समाहर्त्ता, कोडरमा की उपस्थिति में।
8. उपरोक्त संबंधित निविदा website jharkhandtender.gov.in पर केवल e-Tender द्वारा ही प्राप्त/ स्वीकृत किया जायेगा। पूर्ण जानकारी हेतु उपरोक्त website पर प्राप्त किया जा सकता है।
9. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा कोडरमा के कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी के लिए NIC Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक,
मंडल कारा कोडरमा

PR 296615 Home, Prison And Disaster Management (23-24)_D

## GOVT.OF. JHARKHAND
## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
## Drinking Water & Sanitation Mechanical Division, Gumla

**Very Short e-Quotation No. 02/2023-24**

Rates through e-quotations are invited for estimated for servicing of 75 KVA servo controlled powerline voltage stabilizer for Netarhat water supply scheme *under D.W.& S. Mechanical Division Gumla.* work to drinking Water supply from reputed Manufacturers /experience /Authorized Dealers/ Registered departmental contractor having valid G.S.T.I.N for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Estimates under D.W.&. S. Mech. Division. Gumla, Government of Jharkhand, to be used in different Pumping Plant replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in . Details and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate excluding taxes for the Materials online from 09.05.2023 at 3.30 hrs. to 16.05.2023 at 2.00 hrs. The quotation will be opened on 16.05.2023 at 3.30pm Hours

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Estimates under D. W. &.S. Mech. Division, Gumla.

**Executive Engineer,**
**D.W. & S. Mechanical Division,**
**Gumla**

PR 296652 (Water Resource)23-24*D

## कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, पलामू
## नया समाहरणालय "C" ब्लॉक, मेदिनीनगर, पलामू (झारखण्ड) 822101
**Email- deo.palamu@gmail.com**

**प्रेस विज्ञप्ति**

सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 1285, 1286, 1287, 1288 दिनांक 27.04.2023, एवं पत्रांक 1308, 1309 दिनांक 28.04.2023 का पत्र के साथ संलग्न झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, रॉंची के पत्रांक 873 दिनांक 25.04. 2023, पत्रांक 854, 849 दिनांक 18.04.2023, पत्रांक 835 दिनांक 12.04.2023, पत्रांक 878 दिनांक 26.04.2023 एवं पत्रांक 855 दिनांक 19.04.2023 के द्वारा स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक के विभिन्न विषयो यथा वाणिज्य, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, भूगोल, इतिहास/नागरिकशास्त्र एवं शारीरिक शिक्षक के पद पर नियुक्ति हेतु पलामू जिला के लिए कुल 71 (एकहतर) अनुशंसित अभ्यर्थियों का काउँसलिंग किया जाना है। काउँसलिंग कार्य राजकीयकृत गिरिवर +2 उच्च विद्यालय, मेदिनीनगर में दिनांक 11.05.2023 को पूर्वाह्न 11:00 से 05:00 बजे अपराह्न तक की जायेगी। अनुशंसित अभ्यर्थियों से संबंधित विशेष जानकारी पलामू जिला के अधिकारिक वेबसाईट www.palamu.nic.in पर देखा जा सकता है।

अतः चयनित/अनुशंसित अभ्यर्थी अपने–अपने शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक (बी0एड0 डिग्री की वैधता के संबंध में एन0सी0टी0ई0 से मान्यता संबंधी प्रमाणक) एवं अन्य मूल प्रमाण पत्रों के साथ निर्धारित तिथि को ससमय काउँसलिंग स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

ह0/–अनिल कुमार चौधरी,
जिला शिक्षा पदाधिकारी, पलामू

PR 296655 Jharkhand Education Project Council(23-24).D

## कार्यालय :–असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,खूँटी।

विज्ञापन संख्या–07.2023 | साक्षात्कार की तिथि– 12.05.2023

**Walk in Interview**

शहरी क्षेत्रों में संचालित किए जा रहे अटल मुहल्ला क्लिनिक के लिए जिला स्तर से **Part Time** चिकित्सकों की सेवा प्राप्त करने हेतु निजी चिकित्सकों को सूचीबद्ध किया जाना है। निजी चिकित्सकों को सूचीबद्ध करने हेतु निम्नलिखित शर्तों पर आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से एम0बी0बी0एस0 की डिग्री। |
| 2. | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल–सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है, मेडिकल फिटनेस प्रामण पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा)। |
| 3. | परिलब्धि | 1400.00 रू0 प्रतिदिन X 26 दिन = 36.400.00 |
| 4. | कार्य का समय | सुबह 08:00 बजे से 12:00 बजे अपराह्न तक |
| सूचीबद्ध किए गये चिकित्सकों द्वारा भविष्य में नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | | |
| Walk-in-Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | | |

इच्छुक उम्मीदवार **Walk-in-Intervie** में भाग लेने के लिए अपना फोटो सहित बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ समाहरणालय सभागार, खूँटी में दिनांक–12.05.2023 के अपराह्न 01:30 बजे से 02:30 बजे तक उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

नोट :– निर्धारित तिथि में आयोजित **Walk-in-Interview** के पश्चात् आवेदक के आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,खूँटी।

PR 296679 Health Med Edu and Family Welfare(23-24)D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना।

**निविदा संख्या:– RWD/SD/LATEHAR/02/2023-24**

1. विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता,ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 23.05.2023 (कार्यालय अवधि में)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 24.05.2023 को 3:00 बजे अपराह्न तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान : 24.05.2023 को 3:30 बजे अपराहन्, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, लातेहार।
7. झारखण्ड सरकार के अन्तर्गत अधीनस्थ ग्रामीण विकास विभाग(ग्रामीण कार्य विभाग) के समुचित श्रेणी में संबंधित संवेदक को ही प्ररिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा।
8 परिमाण विपत्र का मूल्य जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार के पदनाम से देय होगा, जो भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा।
9 परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
10. ससमय कार्य पूर्ण करने एवं आवंटित कार्य के प्रति समर्पण भाव से कार्य करने व गुणवत्ता बनाए रखने के उद्देश्य से ऐसे संवेदक जिनके पास डी0एम0एफ0टी0 अन्तर्गत ली गयी योजना लातेहार जिलान्तर्गत लम्बित है, वैसे संवेदक को BOQ नहीं दी जायेगी।
11. कार्यकारी एजेंसी निविदा का शेर्तों में यह सुनिश्चित कर लें कि संवेदक को 05 वर्ष की अवधि तक उक्त योजना की मरम्मति एवं रख–रखाव की जिम्मेदारी लें। इस आशय का दस्तावेज संवेदकों से सहमति पत्र के माध्यम से लें, इसके लिए 10% की प्रतिभूति राशि सुरक्षित रखी जायेगी। 05 वर्श की अवधि पूर्ण होने के पश्चात् राशि का भुगतान किया जायेगा। साथ–ही–साथ उपायुक्त, लातेहार के ज्ञापांक–116 दिनांक–03.05.2023 के अन्य शर्ते भी संवेदक को मान्य होगा।
12.. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | निविदा शुल्क | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार पंचायत डेमू के ग्राम कुदाग में आँगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1440500 | 2500 | 29000 | 3 माह | प्रथम |

नियम एवं शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट या https://latehar.nic.in या www.jharkhandtender.gov.in पर देखे।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
लातेहार।

PR 296638 Rural Work Department (23-24)D

## घर में आग लगने से हजारों से अधिक की संपत्ति जलकर राख



**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खपरैल घर मे शॉर्ट सर्किट हने से कपड़ा अनाज व लकड़ी सहित हजारों रुपए से अधिक की संपत्ति जलकर राख हो गयी घटना बेंगाबाद थाना क्षेत्र के सोनबाद की है घटना के संबंध में बताया जाता है मोसोमत कुसमी अपने घर में ताला लगा कर किसी काम से बाहर गई थी इसी दौरान शार्ट सर्किट से घर में आग लग गई जिसमें घर में रखे समान जलकर राख हो गया जिससे भुक्तभोगी को करीब पचास हजार रुपये की संपत्ति का नुकसान हुई है वही मौके पर स्थानीय लोगों के अथक प्रयास पर आग पर काबु पाया गया ।

## +2 नवडीहा उच्च विद्यालय नवडीहा में खसरा रूबेला टीकाकरण को लेकर शिविर का आयोजन

**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के +2 नवडीहा उच्च विद्यालय



नवडीहा में शनिवार को खसरा रूबेला टीकाकरण अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया शिविर के दौरान स्कूल के लगभग डेढ़ सौ से अधिक छात्र -छात्राओं को खसरा रूबेला रूबेला टीका लगाया। ए एन एम निभा कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया की 15 वर्ष तक के बच्चों को टीकाकरण किया गया यह टीकाकरण आने वाले पीढ़ी के लिए फायदेमंद रहेंगे बच्चों का टीकाकरण करने के लिए बूथ स्तर पर इस अभियान को चलाया जा रहा है टीकाकरण शिविर में सब्या ने भी सहयोग किया । शिविर के दौरान स्कूल के प्रधानाध्यापक ऋषि कांत सिन्हा ने बताया कि संक्रमण रोग के प्रसार को रोकने के लिए टीकाकरण एक सिद्ध और प्रभावी रणनीति है इसके साथ ही कहा कि टीकाकरण संबंधित स्कूल में पूर्व से ही बढ़-चढ़कर तैयारी एवं इनकी फायदा बच्चों को बताया गया था। मौके पर बम शंकर सहित विद्यालय के शिक्षक की उपस्थिति रही।

## मंझलाडीह में लगाया गया रुबैला का टीका

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत आँगनबाड़ी



केन्द्र मंझलाड़ीह में स्वास्थ्य विभाग की ओर से मिजिल्स रुबैला का 9 माह से 15 वर्ष उम्र के 54 बच्चो को टीका ए0 एन 0 एम 0 इतु लक्ष्मी चक्रवर्ती के द्वारा लगाया गया। टीका करण कार्यक्रम में आँगनबाड़ी सेविका पूनम सिंह सहिया माला देवी सहायिका शालु देवी समाज सेवी भागीरथ सिंह , प्रतिमा गोस्वामी, का उक्त कार्यक्रम में सराहनीय योगदान रहा ।

## 11 दिवसीय श्री श्री 1008 श्री महारुद्र यज्ञ के लिए जल यात्रा का आयोजन

**बाघमारा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत फुलवार,



कतरास में आयोजित 11 दिवसीय श्री श्री 1008 श्री महारुद्र यज्ञ जल यात्रा का आयोजन यज्ञाचार्य श्री धनंजय पांडेय के नेतृत्व में किया गया। जल यात्रा फुलवार यज्ञ मंडप से प्रारंभ हुआ जो गोपालपुर, श्यामडीह मोड़, टंडा, मिश्रा टोला, कतरास उपर मोड़, भगत सिंह चौक, दुर्गा टॉकीज मोड़ होते हुए लिलोरी स्थान कतरी नदी के तट पर पहुंचा । तत्पश्चात कतरी नदी में विधि - विधान के साथ पूजा-अर्चना करने के बाद कलश में जल भरकर सभी भक्तगण पुनः यज्ञ स्थल फुलवार के लिए रवाना हुए। जिसमें जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए।

## श्री श्री 1008 श्री महारुद्र यज्ञ जल यात्रा का आयोजन

**कतरासा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को फुलवार, कतरास में



आयोजित 11 दिवसीय श्री श्री 1008 श्री महारुद्र यज्ञ जल यात्रा का आयोजन यज्ञाचार्य श्री धनंजय पांडेय के नेतृत्व में किया गया।

## वासेपुर के एक ही गली में एक आईएएस, दूसरा बॉलीवुड स्टार व तीसरा क्रिमिनल्स

# गैंगस्टर फहीम खान के बेटे इकबाल पर हुए हमले को लेकर प्राथमिकी दर्ज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** गैंग्स ऑफ वासेपुर पर फिल्म बनी, इसकी चर्चा पूरे देश में हुई। वासेपुर में फिलहाल एक बार फिर गैंगवार की शुरुआत हो गई है। इस बार नया बाजार और वासेपुर के बीच में गैंगवार नहीं हो रहा है बल्कि गैंगस्टर फहीम खान के संबंधियों से ही फहीम खान के परिवार को कड़ी चुनौती मिल रही है। लेकिन इसके अलावा वासेपुर का दूसरा चेहरा भी है। हमेशा हमले को लेकर चर्चा में रहने वाला वासेपुर पिछले एक दशक में अपना चेहरा बदलने का प्रयास कर रहा है। यहां के युवा कड़ी मेहनत कर आईएएस, आईपीएस, आईआईटी जैसी देश की प्रतिष्ठित परीक्षाओं में सफलता हासिल कर रहे हैं।लेकिन बीच-बीच में हमला कांड को लेकर वासेपुर की छवि खराब हो जाती है।



प्रिंस खान



फहीम खान

### एक ही गली से 3 लोग लेकिन तीनों की लाइनें अलग-अलग

*फिलहाल गैंगवार को लेकर वासेपुर फिर एक बार चर्चा में है। पूरे वासेपुर की बात करें तो वासेपुर के कमर मखदूमि रोड की चर्चा जरूर होती है। इसी गली में फहीम खान का घर है। फहीम खान तो अभी जेल में बंद है लेकिन उसके परिवार के लोग इसी गली में रहते हैं। फहीम खान के घर से थोड़ा आगे आईएएस अबू इमरान का घर है जो चतरा के उपातुक्त हैं। वहीं पड़ोस में ही बॉलीवुड एक्टर जीशान कादरी का भी घर है। मतलब एक ही गली से अलग-अलग क्षेत्र के 3 लोग निकले लेकिन तीनों की लाइनें अलग-अलग हैं। कोई हमला कांड को लेकर चर्चा में रहता है तो कोई अपनी पढ़ाई को लेकर तो कोई बॉलीवुड में धाक जमाने को लेकर।*

### फहीम खान के बेटे इकबाल पर हुए हमले को लेकर प्राथमिकी दर्ज

इधर, 3 मई को वासेपुर में फहीम खान के बेटे इकबाल सहित एक अन्य पर हुए जानलेवा हमले मामले में एफ.आई.आर दर्ज की गई है. यह एफ.आई.आर फहीम खान के बेटे साहबजादे के बयान पर दर्ज हुई है जिसमें प्रिंस खान, उसके पिता नासिर खान, भाई गोपी खान, बंटी खान, गोडविन खान सहित अन्य को आरोपी बनाया गया है। प्राथमिकी में कहा गया है कि 3 मई की रात 9:30 बजे वह बाईपास रोड पर अपने दोस्त के साथ था। उसी समय उसे फोन आया कि बड़े भाई इकबाल और ढोलू पर हमला कर दिया गया है। सूचना पर वह आनन-फानन में घटनास्थल पर पहुंचा। देखा कि दोनों घायल हैं। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए अशर्फी अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने बताया कि ढोलू अब इस दुनिया में नहीं रहा। भाई इकबाल को दुर्गापुर मिशन अस्पताल रेफर कर दिया गया। दुर्गापुर जाने के दौरान रास्ते में इकबाल ने बताया कि रात 9 बजे आजम और शाहिद रजा जमीन के बारे में बात करने के लिए आरा मोड़ बुलाए। कहा कि जमीन के बारे में कुछ बात करनी है। यही बोलकर मंदिर ग्राउंड के पास उन लोगों ने बुलाया। 5 मिनट के बाद वहां पर काला शर्ट पहने हेलमेट लगाए बाइक चालक वहां पहुंचा। बाइक के पीछे रितिक बैठा था। उसके बाद 9:30 बजे हमला कर दिया गया। वैसे इस घटना के बाद पुलिस ने वासेपुर में अपनी चौकसी बढ़ा दी है। पुलिस मान रही है कि इस घटना के बाद फहीम खान का ग्रुप भी चुप नहीं बैठेगा। पुलिस ने वासेपुर के अपने गुप्तचरों को सक्रिय कर दिया है। साथ ही प्रिंस खान के सभी करीबियों पर पुलिस की नजर है। सूचना तो यह भी है कि जमशेदपुर घाघीडीह जेल में बंद फहीम खान पर भी विशेष नजर रखी जा रही है। पुलिस कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## कोल इंडिया के 90 हजार ठेका श्रमिकों की मजदूरी बढ़ी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** कोल इंडिया व उसकी इकाइयों में काम करने वाले करीब 90 हजार ठेका मजदूरों के वेतन में वृद्धि हुई है। श्रमिकों को मई से बढ़कर पैसा मिलेगा।

खबर सुनते ही कामगारों के चेहरे खिल उठे। केंद्रीय मुख्य श्रमायुक्त ने औद्योगिक क्षेत्र के ठेका मजदूरों की अगली छमाही के लिए वेरिएबल डियरनेस अलाउंस (वीडीए) की घोषणा कर दी है। वीडीए में 35 से 59 रुपये तक की बढ़ोतरी हुई है।

## झारखण्ड समाज कल्याण समिति ने सामाजिक दायित्व जन चेतना समारोह का किया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** झारखण्ड समाज कल्याण समिति के 20 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर झरिया में सामाजिक दायित्व जन चेतना समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष उमाचरण रजवार एवं संचालन श्रीकान्त अम्बष्ट ने किया। इस अवसर पर झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह को उत्कृष्ट महिला विधायक को सम्मान स्वरूप समिति का समृति चिन्ह उमाचरण रजवार के द्वारा भेंट किया गया। इस दौरान कोयलांचल के प्रख्यात लेखक एवं पत्रकार जनक देव जनक को कोयलांचल उत्कृष्ट लेखक सम्मान समिति का समृती चिन्ह प्रदान किया गया। समिति द्वारा संचालित महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 6 महीने का सिलाई, ब्यूटीशियन प्रशिक्षण देने के बाद 24 महिलाओं को प्रमाण पत्र झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के द्वारा दिया गया। इस दौरान विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने समिति द्वारा चलाई जा रही स्वस्थ शिक्षा समाज कल्याण एवं महिला सशक्तिकरण के कार्यो के लिए समिति को हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। समिति के अध्यक्ष ने कहा



वर्तमान झरिया विधायक द्वारा लघु समय में ही झरिया राजा तालाब सौंदरीयकरण झरिया चिल्ड्रेन पार्क, कतरास मोड़ नेहरू पार्क, भगतडीह पुल से झरिया स्टेशन होते हुए बलियापुर तक सड़क निर्माण करने के साथ ही झरिया के जनता के लिए चार निशुल्क पानी के टैंकर एवं निशुल्क शव वाहन सुविधा देने जैसे कार्य के लिए उन्हें यह सम्मान दिया गया।

## कपिलो मुखिया के नेतृत्व में चलाया गया स्वच्छता पखवाड़ा अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी :** शनिवार को स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत बिरनी प्रखंड क्षेत्र के राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित ग्राम पंचायत कपिलो मुखिया मुकेश यादव के नेतृत्व में लगातार स्वच्छता अभियान चलाया गया, और इस अभियान के रोस्टर के अनुसार प्रतिदिन गतिविधियां चलाई जा रही है, उच्च विद्यालय कपिलो और चानो आंगनबाड़ी केंद्र में ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के लिए वर्मी, नाडेफ, सोकपिट, कंपोस्ट पिट का निर्माण कर कपिलो मुखिया मुकेश यादव के द्वारा खुद श्रमदान कर इसे लगातार उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया, जिसमें मौके पर यूनिसेफ सपोर्टेड वर्ल्ड विजन इंडिया के वाश फेसिलेटर गजाधर प्रसाद सिंह, स्वच्छ भारत मिशन के बिरनी सोशल मोबिलाइजर रुकसाना बानो, कपिलो जलसहिया रूबी कुमारी, चानो जलसहिया नेपुर देवी, चानो के वार्ड सदस्य जागेश्वर रविदास, बीएफटी अभिमन्यु रजक, महेश मोदी, आरती देवी, शिक्षक कृष्णा कुमार, नारायण शर्मा, निर्मल पंडित, सेविका मुन्नी कुमारी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## हिंदी ग्रंथ अकादमी की स्थापना के लिए मुख्यमंत्री को सभी जिलों से मांग पत्र सौंपा जाएगा : सुरेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद : श**निवार को अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद झारखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश चन्द्र तिवारी ने जानकारी दी कि अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह संस्थापक हृदय नारायण मिश्रा के निर्देशानुसार उनके नेतृत्व में पांच प्रतिनिधि मंडल गिरीडीह जिला के उपायुक्त के माध्यम से झारखण्ड राज्य के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को एक ज्ञापन सोंपा गया। जिसमें मुख्यमंत्री से राज्य में हिंदी ग्रंथ एकादमी की स्थापना बिहार छत्तीसगढ़ राज्य की तर्ज पर यहां पर हो। मौके पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद झारखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश चन्द्र तिवारी, मोतीलाल त्रिवेदी ?वरिष्ठ अधिवक्ता, अरविंद कुमार भगत वरिष्ठ अधिवक्ता, शंकर पाण्डेय सरकारी संस्थान से सेवा निवृत, प्रशान्त पाण्डेय, सुजीत पाण्डेय वरिय अधिवक्ता, व्रज नंदन तिवारी वरिष्ठ अधिवक्ता, रमेश कुमार तिवारी वरिय अधिवक्ता, वरिष्ठ



महासचिव बलराम उपाध्याय, प्रमोद कुमार तिवारी आदि उपस्थित थे। सुरेश चंद्र तिवारी ने कहा यह मांग पत्र झारखण्ड राज्य के विभिन्न जिलों से अंतरराष्ट्रीय हिंदी परिषद के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ?हिंदी ग्रंथ एकादमी की स्थापना की मांग के लिए पत्र सौंपा जायेगा।

## कोयलांचल विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति को लेकर बैठक संपन्न




### छात्रों को भारतीय संस्कृति आधारित ज्ञान देने पर हुई चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** शनिवार को धनबाद के कोयलाँचल विश्व विद्यालय में नई शिक्षा नीति को लेकर एक अहम बैठक की गई। जिसमे राज्य के कई विश्व विद्यालय के कुलपतियों ने भाग लिया। कोयलाँचल विश्व विधालय के कुलपति सुखदेव भुई की अगुवाई में की गई इस बैठक में सिद्धू कान्हू विश्व विद्यालय दुमका की कुलपति मंजू झरिया मिंज के अलावे महात्मा गाँधी विश्व विद्यालय और आईएसएम के निदेशक के अलावे कई कालेजों के प्रिंसपाल भी शामिल हुए हुए। मौके पर कोयलाँचल विश्व विद्यालय के कुलपति ने सभी अतिथियों को बुके देकर और शॉल ओढाकर सम्मानित किया। बैठक के दौरान सभी ने राज्य की नई शिक्षा नीति पर चर्चा की। साथ ही सभी कोलेजों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ाई के दौरान भारतीय संस्कृति और सभ्यता की पाठ पढ़ाने पर चर्चा की। इस मामले में जानकारी देते हुए कोयलाँचल विश्व विद्यालय के कुलपति सुखदेव भुई ने बताया की शिक्षकों के जिम्मे होता हैं बेहतर समाज निर्माण का दायित्व। हम जैसी शिक्षा बच्चों को देंगे वह वही सीखेगा। आज हमारा समाज वेस्टर्न कल्चर की ओर बढ़ रहा है और हम अपनी भारतीय संस्कृति को भूलते जा रहे हैं। इसे बचाना जरुरी है। इस लिए सभी शैक्षणिक संस्थानों को पढ़ाई के दौरान बच्चों को भारतीय संस्कृति से रूबरू कराना होगा।

## काफी चर्चा में है मनियांडीह थाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** पश्चिमी टुंडी के मनियांडीह थाना इन दिनों सुर्खियां में है। कोई न कोई बात को लेकर चर्चा में रहता है। उसी का एक उदाहरण इन दिनों काफी प्रचलित हो रहा है। बताया जाता है कि अजीत दां अपने कुछ साथियों के साथ चौराहे में बैठे थे। तभी अचानक मनियांडीह थाना प्रभारी अपने दल बल के साथ पहुंचे और उन्हें उठा कर थाना ले आया। मुझे कारण पुछने तक का मौका नहीं दिया गया और हमें थाना लाकर कड़ी पुछताछ किया। जबकि थाना प्रभारी सुमन कुमार से पूरे प्रकरण की जानकारी ली तो बताया कि अजीत दां कुछ असामाजिक तत्वों को लेकर बालू के विरुद्ध में लोगों




को बरगला रहा था जिसकी गुप्त सूचना हमें मिला तो जाकर सही पाया तब मैंने थाना लाकर चेतावनी देकर निजी मुचलके पर छोड़ दिया आगे थाना प्रभारी ने बताया कि विधि व्यवस्था को कोई भी हो चाहे उसकी पहुंच कितनों बड़ों से क्यों न हो बख्शा नहीं जाएगा कानून अपने हाथ में लेने वालों से सख्ती से निपटा जायेगा। मुखिया प्रतिनिधि जयप्रकाश दां से फिलहाल स्थिति को सामान्य बताया।

## नागरिक संघर्ष मोर्चा ने दिया एकदिवसीय धरना



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आठ लेन सड़क मे झारखंड मोड़ में जंक्शन को लेकर नागरिक संघर्ष मोर्चा भूली के द्वारा रणधीर वर्मा चौक पर एक दिवसीय धरना दिया गया। बताया गया की भूली एशिया मे सबसे बड़ी श्रमिक नगरी के घनी आबादी वाला क्षेत्र है जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में वाहनों का आना जाना लगा रहता है। यहां से युवा महिला बच्चे बुजुर्ग इसी सड़क से शिक्षा स्वास्थ्य और व्यापार का लाभ लेते हैं। इससे पूर्व में विश्व बैंक के सर्वेक्षण टीम एवं उपायुक्त महोदय धनबाद द्वारा स्थानीय नागरिकों को आश्वासन दिया गया था कि झारखंड मोड़ भूली मे एक गोल चक्कर जंक्शन दिया जाएगा परंतु सड़क बनाने वाली कंपनी यहां पर जंक्शन ना देकर इतनी बड़ी आबादी का अनदेखा कर रहा है। इसी को लेकर लोग आक्रोशीत हैं।

## समर स्पेशल ट्रेन का किया जायेगा परिचालन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है । इनमें से अब तक 24 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों की सूचना पूर्व में प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी जा चुकी है ।

इसी क्रम में मुंबई सेंट्रल से बरौनी तथा अहमदाबाद से दरभंगा एवं समस्तीपुर के लिए एक-एक जोड़ी समर स्पेशल चलाने का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है-

1. गाड़ी सं.09061/09062 मुंबई सेंट्रल-बरौनी-मुंबई सेंट्रल समर स्पेशल (डीडीयू-वाराणसी-लखनऊ -कानपुर-मथुरा-कोटा के रास्ते) - गाड़ी सं. 09061 मुंबई सेंट्रल-बरौनी समर स्पेशल 09.05.2023 से 04.07.2023 तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को मुंबई सेंट्रल से 11.00 बजे खुलकर बुधवार को 22.55 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय जं., एवं गुरूवार को 00.10 बजे बक्सर, 01.00 बजे आरा, 02.00 बजे पाटलिपुत्र एवं 03.00 बजे हाजीपुर रूकते हुए 06.00 बजे बरौनी पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी सं. 09062 बरौनी-मुंबई सेंट्रल समर स्पेशल 12.05.2023 से 07.07.2023 तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को बरौनी से 22.30 बजे खुलकर शनिवार को 00.05 बजे हाजीपुर, 01.00 बजे पाटलिपुत्र, 01.40 बजे आरा, 02.40 बजे बक्सर एवं 05.15 बजे पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं. रूकते हुए रविवार को 18.20 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। इस स्पेशल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 02, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 12 एवं साधारण श्रेणी के 04 कोच होंगे ।

2. गाड़ी सं. 09413/09414 अहमदाबाद-समस्तीपुर-अहमदाबाद समर स्पेशल (मुजफ्फरपुर-हाजीपुर-पाटलिपुत्र-डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर-भुसावल के रास्ते) - गाड़ी सं. 09413 अहमदाबाद-समस्तीपुर समर स्पेशल 09.05.2023 से 27.06.2023 तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को अहमदाबाद से 16.35 बजे खुलकर बुधवार को 20.05 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय जं., 21.28 बजे बक्सर, 22.30 बजे आरा, 23.15 बजे दानापुर, 23.35 बजे पाटलिपुत्र एवं गुरूवार को 00.25 बजे हाजीपुर, 01.25 बजे मुजफ्फरपुर रूकते हुए 03.00 बजे समस्तीपुर पहुंचेगी ।

## चलते चलते एक नजर

### डीएवी हेहल में आयोजित दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का समापन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)।** सी बी एस ई ,पटना द्वारा आयोजित दो-दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला क्लासरूम मैनेजमेंट का समापन हो गया।इस क्षमता संवर्धन कार्यशाला में कक्षा प्रबंधन,शिक्षण विधियाँ एवं कक्षा की तकनीकियों के बारे में शिक्षकों को अवगत कराया गया।छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए शारीरिक,मानसिक गतिविधियों की जानकारी दी गई। प्रथम प्रशिक्षिका समिता सिन्हा,प्राचार्या सुरेन्द्रनाथ सेंटेनरी स्कूल,राँची एवं द्वितीय प्रशिक्षक शिवशंकर यादव,प्राचार्य बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी स्कूल,बोकारो ने क्लासरूम को कैसे मॉडल क्लासरूम में बदला जाए, शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए नियमों पर जोर,शिक्षा पद्धति को मजबूत और प्रभावी बनाने पर विचार,बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए किये जाने वाले कार्यों पर मंथन,विद्यालय में अनुशासन को बनाये रखने पर विचार और शिक्षा और विद्यालय के उन सभी बातों पर विशेष ध्यान देने योग्य सुझाव दिए,जिससे बच्चों का आने वाला कल और अधिक बेहतर बनें।विद्यालय के प्राचार्य एस के मिश्रा ने दोनों प्रशिक्षकों को महर्षि दयानंद सरस्वती का अमर ग्रन्थ सत्यार्थ प्रकाश देकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्होंने सी बी एस ई,सी ओ ई,पटना के हेड तरुन कुमार एवं सी बी एस ई ,पटना के क्षेत्रीय अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा का कोटि-कोटि आभार व्यक्त किया। डीएवी के निदेशक श्रद्धेय डॉ जे. पी.सूर जी,निदेशक (पी एस-1),,चेयरमैन जे के कपूर ,वाइस चेयरमैन पी पी आर्य , एम के सिन्हा (ए आर ओ) झारखण्ड जोन-बी,मैनिजर वी के पाण्डेय(प्राचार्य डीएवी बरियातू) का भी आभार व्यक्त किया।

### फ्लाइट में महिला यात्री को बिच्छू ने मारा डंक

**नई दिल्ली।** टाटा की अगुवाई वाली एयलाइंस कंपनी एयर इंडिया (एआई) की पिछले महीने नागपुर से मुंबई जा रही फ्लाइट में एक महिला यात्री को बिच्छू ने डंक मार दिया। हालांकि, एक पखवाड़ा पूर्व हुई यह घटना जिस महिला यात्री के साथ हुई, वो अब बिल्कुल स्वस्थ हैं। यह जानकारी एयर इंडिया ने शनिवार को जारी एक बयान में दी है। एयरलाइन ने बताया कि उड़ान संख्या एआई-630 पर 23 अप्रैल को एक महिला यात्री को बिच्छू के डंक मारने की अत्यंत दुर्लभ और दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना हुई थी। हवाईअड्डे पर उतरने के बाद डॉक्टर ने यात्री का चेकअप किया और बाद में अस्पताल में इलाज के बाद पीड़ित महिला यात्री को छुट्टी दी गई। एयर इंडिया ने बताया कि इस घटना के बाद एयर इंडिया की इंजीनियरिंग टीम ने विमान का निरीक्षण किया। टीम ने पूरे प्रोटोकॉल के साथ विमान की छानबीन की और बिच्छू को बाहर किया। इसके बाद प्लेन की सफाई की गई। एयरलाइन ने इस घटना के लिए यात्री से माफी भी मांगी है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल दिसंबर में दुबई हवाईअड्डे पर उतरने के बाद एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान में एक सांप मिला था। इससे पहले भी विमान में सरीसृप पाए जाने के मामले सामने आ चुके हैं।

### फुटबॉल संघ 30 जून तक कराए नवीनीकरण

**रांची।** झारखंड फुटबॉल संघ के सचिव गुलाम रब्बानी ने बताया कि फुटबॉल की गतिविधियों को चलाने के लिए समर्थन करने के लिए आभार व्यक्त करता हूं। बताया कि राज्य वर्ष 2022-2023 के लिए अब नवीन सत्र 2023-2024 के लिए प्रदेश में फुटबाल की गतिविधियों के संचालन के लिए आप सभी के सहयोग की आवश्यकता है।सभी अध्यक्ष/ सचिव से अनुरोध किया है कि अपने जिला शीर्ष विभाग को पूर्ण करें। 30 जून 2023 तक लीग और क्लब और खिलाड़ियों (सीआरएस) के नवीनीकरण के बाद आईएफए को सूचित करें।

# बिहार की बूढ़ी गंडक में डूबे सभी पांच युवकों के शव मिले

एजेंसी

**बेगूसराय** : बिहार के बेगूसराय में बूढ़ी गंडक नदी में स्नान करने के दौरान शुक्रवार को डूबे सभी पांच युवकों के शव शनिवार को निकाल लिए गए। विष्णुपुर आहोक के जिस घर में बेटी की डोली उठने की तैयारी हो रही थी, वहां से एक साथ पांच बेटों के अर्थी उठाने की तैयारी की जा रही है। शुक्रवार को दो युवकों स्थानीय निवासी अभिषेक कुमार एवं कुलदीप कुमार के शव मिले जबकि शनिवार को मुंगेर निवासी उत्कर्ष कुमार, मधेपुरा निवासी आकाश कुमार उर्फ ऋषभ कुमार एवं



मुंगेर शास्त्रीनगर निवासी प्रिंस कुमार के शव एसडीआरएफ की टीम ने काफी कोशिश के बाद घटनास्थल से थोड़ी दूर पर निकाल लिया। ग्रामीणों के अनुसार शुक्रवार की रात विष्णुपुर आहोक निवासी दिनेश सिंह की पुत्री की शादी खगड़िया में होनी थी। शादी को लेकर परिवार और रिश्तेदार शादी की तैयारी में व्यस्त थे। इसी बीच दिनेश सिंह का भतीजा चचेरे भाई, एक फुफेरा भाई एवं दो मौसेरे भाईयों सहित नौ लड़कों के साथ एक वाहन से आहोक पुल के समीप बूढ़ी गंडक नदी में स्नान करने चला गया। स्नान करने वाले युवाओं को नदी की गहराई का पता नहीं था और जोश में सभी नदी के बीच में चले गए। गहरी खाई में आने से एक युवक डूबने लगा तो उसको बचाने के चक्कर में छह युवक डूब गए। इस दौरान एक युवक किसी तरह बाहर निकलने में सफल रहा।

## विष्णु से होगी पूछताछ, तथाकथित पत्रकारों की भी है तलाश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** पूर्व डीसी और समाज कल्याण के निदेशक छवि रंजन को रांची एमपी-एमएलए कोर्ट ने ईडी को छह दिनों के लिए सौंप दिया है। ईडी ने न्यायालय को बताया था कि छवि रंजन ने पूछ ताछ में अब तक सहयोग नहीं किया है। उनके विरुद्ध साक्ष्य पर्याप्त है।

मामला अनियमितता भ्रष्टाचार के साथ साथ मनी लांड्रिंग से जुड़ा है। ईडी उन्हे रिमांड पर लेकर पूछताछ करना जरुरी समझती है। आज न्यायालय ईडी का पक्ष सुनकर फैसला सुनवाई किया।

रांची में जो सेना की जमीन सहित अन्य जमीन घोटाला किया है, वह लगभग करोड़ो की बताई जा रही है। छवि रंजन के साथ पावर ब्रोकर दलाल के रूप में प्रेम प्रकाश सहित कुछ शीर्ष जनप्रतिनिधि का भी नाम सामने आ रहा है।

अब विष्णु अग्रवाल और अमित अग्रवाल के साथ मिलकर अनियमितता की गई वह रांची के अपर बाजार स्थित एक व्यवसायी के प्रतिष्ठान में बैठ कर की गई। इस कार्य में एक तथाकथित पत्रकार शामिल है।

विष्णु अग्रवाल और अमित अग्रवाल को उन्होंने ही झांसा देकर छवि रंजन से मिलवाया था। इस मामले में एक पत्रकार और रातु रोड के रहने वाले एक राजनीतिक पार्टी के नेता का भी नाम सामने आ रहा है जो जमीन घोटाले की पैसे को छवि रंजन के ठिकाने तक पहुंचाया करते थे।

## प्राधिकार की सचिव ने पीड़िता को दी आर्थिक एवं कानूनी सहायता




प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार** : चंदवा थाना क्षेत्र के हेसला ग्राम में विगत दो मई को डायन-बिसाही मामले में एक वृद्ध दंपति की हत्या की घटना पर स्वतः संज्ञान लेते हुए झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) ने उनके आश्रितों को आर्थिक एवं कानूनी सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है। इसी कड़ी में शनिवार को लातेहार व्यवहार न्यायालय के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष अखिल कुमार के निर्देश पर प्राधिकार की सचिव स्वाति विजय उपाध्याय ने मृतकों के आश्रितों को आर्थिक एवं कानूनी सहायता प्रदान किया। सचिव उपाध्याय ने आश्रितों से कहा कि प्राधिकार आपकी मदद के लिए सदैव तत्पर है। आपलोगों को हरसंभव कानूनी सहायता प्रदान की जाएगी। गौरतलब हो कि दो मई को हेसला ग्राम में डायन-बिसाही का आरोप लगाकर गांव के ही कुछ लोगों ने वृद्ध दंपति और उनकी पतोहू के साथ जमकर मारपीट की थी, जिससे वृद्ध दंपति की मौत हो गई थी, जबकि उनकी पतोहू गंभीर रूप से घायल हो गई थी। घायल पीड़िता द्वारा चंदवा थाना को घटना की सूचना दी गई थी, जिसके बाद चंदवा थाना में कांड संख्या 102/2023 के तहत प्राथमिकी दर्ज हुई थी। मौके पर व्यवहार न्यायालय एवं प्राधिकार के कई कर्मी मौजूद थे।

## महिला पत्रकार की गिरफ्तारी पर राष्ट्रीय महिला आयोग ने लिया संज्ञान

National Commission for Women, India

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने महिला पत्रकार भावना किशोर को पंजाब पुलिस द्वारा अवैध रूप से लुधियाना में गिरफ्तार करने की घटना का संज्ञान लिया है। आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने पंजाब के पुलिस महानिदेशक को व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप करने और इस मामले की जांच करने के लिए लिखा है।

आयोग ने इस संबंध में फाइल एफआईआर की एक प्रति के साथ एक विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट से आयोग को चार दिनों के भीतर अवगत कराने को कहा है। रेखा शर्मा ने बताया कि भावना की गिरफ्तारी के दौरान कोई महिला पुलिस अधिकारी मौजूद नहीं थी और उसे बिना कोई कारण बताए ले जाया गया।

रेखा शर्मा शुक्रवार रात डीजीपी से बात की और व्यक्तिगत रूप से लुधियाना पुलिस के साथ इस मामले पर नज़र रख रही हैं।

उन्होंने कहा कि भावना किशोर को आप के मीडिया समन्वयक द्वारा लुधियाना में एक कार्यक्रम को कवर करने के लिए आमंत्रित किया गया था और बाद में पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया था, जो संदेह पैदा करता है और राजनीति से प्रेरित लगता है।

## देश की पहलवान बेटियों को पुलिस दे रही है गाली पीएम व शाह कर्नाटक में बजवा रहे हैं ताली : छोटू सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : भारत देश का गौरव बढ़ाने वाली बेटियां पहलवान बेटियों को दिल्ली पुलिस गालियां दे रही है। उनके भाइयों का सर फोड़ रही है। दूसरे तरफ देश के प्रधानमंत्री द और गृह मंत्री कर्नाटक चुनाव में तालियां बजा रहे हैं। यह आरोप झारखंड प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के महासचिव अनंत कुमार सिंह उर्फ छोटू सिंह ने लगाया है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्रि व गृह मंत्री कर्नाटक चुनाव में व्यस्त है। देश की स्थिति किस कदर हो गई है कि उन्हें देश के लिए सोचना चाहिए देश की बेटियों के लिए देश के जवानों के लिए जनता के लिए लेकिन देश के पीएम और होम मिनिस्टर को सिर्फ गद्दी व सत्ता चाहिए। इसलिए वे लगातार कर्नाटक चुनाव में व्यस्त है। लेकिन सबसे दुर्भाग्य की बात यह है कि आज हिंदुस्तान का प्यारा मणिपुर जल रहा है। 8 जिलों में कर्फ्यू लगी हुई है। लोग त्राहि-त्राहि



कर रहे हैं और दिल्ली के जंतर मंतर पर मेरे देश का मान सम्मान बढ़ाने वाली बेटियां गाली खाने को मजबूर हैं और पीएम व गृह मंत्री ने अभी तक कोई संज्ञान लिया है। काफी दुर्भाग्यपूर्ण बात है। भाजपा की बात तो हम करते ही नहीं हैं क्योंकि भाजपा सिर्फ दो व्यक्तियों में सिमट कर रह गई है। एक नरेंद्र मोदी और एक अमित शाह। भाजपा में बाकी जो कुछ भी होता है नड्डा बने या कोई बने या राजनाथ सिंह बने या कोई अन्य बन जाए। भाजपा अध्यक्ष या राज्य अध्यक्ष उससे कोई मतलब नहीं है। क्योंकि अगर सबसे ज्यादा तानाशाही रवैया अगर कहीं चलता तो भाजपा में है। इसलिए मैं बात कर रहा हूं देश के पीएम और गृह मंत्री की। थोड़ी भी शर्म थोड़ी इंसानियत थोड़ी भी मान सम्मान अगर बची हुई है तो सबसे पहले जो देश का मान सम्मान बढ़ाया है। उसे देश के प्रधानमंत्री न्याय दिलवाए। लोगों को अच्छी तरह याद होगा कि जब पदक लेकर देश की पहलवान बेटियां विदेश से लौटी थी तो देश की धरती पर कदम रखते ही देश के पीएम नरेंद्र मोदी ने अपना पहचान और श्रेय लेने के लिए इन बेटियों को मान सम्मान अपने आवास पर दिया। था लेकिन आज जब वही बेटियां खतरे में है उनके साथ दिल्ली पुलिस गाली गलौज कर रही है। पहलवान बेटियों के भाइयों का सर फोड़ा जा रहा है। महिला पहलवानों का योन उत्पीड़न करने वाला भाजपा का सांसद के बारे में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद एफ आई आर दर्ज होने के बाद भी गिरफ्तारी नहीं होना यह बताता है कि देश का पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह बलात्कारियों के साथ पूरी मजबूती के साथ खड़ा है शर्म है। हम जिस देश में रहते हैं यहां देश का पीएम और गृह मंत्री बलात्कारियों का साथ देता है।

### भारत में रूसी कच्चे तेल के आयात-निर्यात को किया खारिज

**रांची :** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने को सीआरईए (सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर) की भारत की रूस से सस्ती कीमत पर कच्चे तेल की खरीदी संबंधित रिपोर्ट को खारिज कर दिया है। इस रिपोर्ट के माध्यम से आरोप लगाया गया है कि भारत उन पाँच देशों में शामिल है, जिन्होंने रूस से कच्चे तेल का आयात किया और उसे रिफाइन करके यूरोपियन यूनियन और कुछ जी-7 देशों को निर्यात कर दिया। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए ट्विटर के माध्यम से कहा, सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर की रिपोर्ट, विश्व में चौथे सबसे बड़े तेल शोधक देश भारत की छवि को धूमिल करने का एक भ्रामक प्रयास है।

## अधिकारियों ने किया पतरातु लेक रिजॉर्ट का निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़** । मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पतरातु लेक रिजॉर्ट आ सकते हैं। अगले 72 घंटे में कभी भी मुख्यमंत्री का आगमन होने की संभावना है। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शनिवार को रामगढ़ डीसी माधवी मिश्रा, एसपी पीयूष पांडे, डीटीओ सौरभ प्रसाद सहित अन्य अधिकारियों ने पतरातु लेक रिसॉर्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए रिसोर्ट में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया।इस क्रम में जिला प्रशासन एवं पतरातु लेक रिसोर्ट के अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। दौरे के क्रम में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रतिदिन बड़ी संख्या में पतरातु लेक रिसोर्ट में आ रहे पर्यटकों की सुरक्षा के मद्देनजर की



गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने रिसोर्ट में भीड़ भाड़ नियंत्रित करने व सुरक्षा के दृष्टिकोण से कई निर्देश दिए।पतरातु लेक रिसोर्ट में बड़ी संख्या में पर्यटक नौका विहार करते हैं। उपायुक्त ने रिसॉर्ट के अधिकारियों को नौका विहार के लिए सभी दिशानिर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन करने के उपरांत ही पर्यटकों को नौका विहार की अनुमति देने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने रिसोर्ट में उपलब्ध अन्य सुविधाओं का जायजा लेते हुए पर्यटकों को और भी सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

## दस्तावेज नवीस संघ का अनिश्चितकालीन हड़ताल 11वें दिन भी जारी



**26 अप्रैल से ठप है भूमि निबंधन का कार्य, सरकारी राजस्व का हो रहा नुकसान**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार** : दस्तावेज नवीस संघ का अनिश्चितकालीन हड़ताल 11वें दिन शनिवार को भी जारी रहा। बैठक में दस्तावेज नवीस संघ के कई सदस्य उपस्थित थे। सभी ने एकजुटता दिखाते हुए जिला अवर निबंधन पदाधिकारी के क्रियाकलाप तथा पक्षपात रवैए पर रोष जताया। इधर, जमीन की रजिस्ट्री नहीं होने से भूमि विक्रेता तथा क्रेता को काफी परेशानी हो रही है तथा बिना कार्य किए घर वापस लौटने को मजबूर हो रहे हैं। वहीं, सरकार को भी रोजाना करोड़ों रूपये राजस्व का नुकसान हो रहा है। बताया गया कि आए दिन निबंधन पदाधिकारी द्वारा रजिस्ट्रेशन अधिनियम के विरुद्ध कुछ न कुछ नियम दस्तावेज नवीस को थोपा जा रहा है, जिससे भूमि निबंधन का कार्य नही हो पा रहा है। बैठक में सभी बिंदुओं पर विचार करते हुए संघ के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि जब तक अवर निबंधन कार्यालय की ओर से सकारात्मक पहल नहीं की जाती है, तब तक दस्तावेज लेखन कार्य बंद रहेगा। बैठक में मो. मुस्तकीम, कामेश्वर तिवारी, मो. बक्सु, सजमुल हुसैन, दिलीप सिन्हा, सईद अनवर, ओम प्रकाश तिवारी, विपिन ठाकुर, संदीप चौधरी, शोभा सिंह, असगर हुसैन, सतीश कुमार सिंह, भुनेश्वर राम, आशीष कुमार, अमलेश कुमार सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे ।

# डिग्री प्राप्त करने पर शिक्षा प्रक्रिया पूरी नहीं होती, शिक्षा एक सतत प्रक्रियाः राष्ट्रपति

एजेंसी

**भुवनेश्वर :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि डिग्री प्राप्त करने का अर्थ यह नहीं है कि शिक्षा प्रक्रिया पूरी हो गई है। शिक्षा एक सतत प्रक्रिया है। मयूरभंज के जिला मुख्यालय बारिपदा में महाराजा श्रीराम चंद्र भंजदेव विश्वविद्यालय के 12वें दीक्षांत समारोह में उद्बोधन देते हुए उन्होंने यह बात कही। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद उनमें से कुछ नौकरी करेंगे, कुछ व्यवसाय करेंगे और कुछ शोध भी करेंगे परंतु नौकरी करने की सोचने से बेहतर नौकरी प्रदान करने की सोच है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि इस विश्वविद्यालय ने एक इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित किया है और छात्रों, पूर्व छात्रों तथा आम लोगों को स्टार्ट-अप स्थापित करने में सहायता प्रदान करता है। राष्ट्रपति ने कहा कि महाराजा श्रीराम चंद्र भांजा देव विश्वविद्यालय ने अपनी स्थापना के बहुत कम समय में उच्च शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में एक विशिष्ट पहचान बनाई है।उन्होंने कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि इस विश्वविद्यालय ने एक इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित किया है और छात्रों, पूर्व छात्रों तथा आम लोगों को स्टार्ट-अप स्थापित करने में सहायता प्रदान करता है।राष्ट्रपति ने जनजातीय प्रथाओं और सांस्कृतिक परंपराओं के आधार को संरक्षित करने के उद्देश्य से अपने परिसर में %सेक्रेड ग्रोव% की स्थापना के लिए विश्वविद्यालय की सराहना की। उन्होंने कहा कि सेक्रेड ग्रोव पर्यावरण और स्थानीय जैव विविधता के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है। यह प्राकृतिक संसाधनों के समुदाय-आधारित प्रबंधन के सर्वोत्तम उदाहरणों में से एक है।राष्ट्रपति ने कहा कि विश्व ग्लोबल वार्मिंग (भूमंडलीय ऊष्मीकरण) और जलवायु परिवर्तन



की बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहा है। भारत ने प्रकृति के अनुकूल जीवन शैली अपनाने के लिए दुनिया के सामने एक मिसाल कायम की है, जिसे लाइफस्टाइल फॉर द एनवायरनमेंट या लाइफ कहा जाता है। हमारी परंपरा में माना जाता है कि पेड़-पौधे, पहाड़, नदियां सभी में जीवन है और केवल मनुष्य ही नहीं बल्कि सभी जीव-जंतु भी प्रकृति की संतान हैं। इसलिए प्रकृति के साथ तालमेल बनाकर रहना सभी मनुष्यों का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में स्थित सिमिलिपाल राष्ट्रीय उद्यान जैव विविधता की दृष्टि से विश्व स्तर पर महत्वपूर्ण स्थान रखता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विश्वविद्यालय के छात्र और शिक्षक अपने अनुसंधान और नवाचार के माध्यम से जैव विविधता की रक्षा का रास्ता खोज लेंगे।राष्ट्रपति ने कहा कि प्रतिस्पर्धा जीवन का अनिवार्य पक्ष है। जीवन के हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि छात्रों को हमेशा प्रतियोगिता में सफल होने का प्रयास करते रहना चाहिए, इसके लिए उन्हें उच्च कौशल प्राप्त करते रहना चाहिए तथा अधिक दक्षता की ओर बढ़ना चाहिए। ये अपनी इच्छा शक्ति से असंभव को भी संभव में बदल सकते हैं।राष्ट्रपति ने कहा कि प्रतिस्पर्धा जीवन का स्वाभाविक पक्ष है लेकिन सहयोग जीवन का सुंदर पक्ष है। उन्होंने छात्राओं से कहा कि जीवन में आगे बढ़ते हुए जब वे पीछे मुड़कर देखेंगे तो पाएंगे कि समाज के कुछ लोग उनका मुकाबला करने के काबिल नहीं हैं। उन्होंने छात्रों को वंचितों का हाथ पकड़कर आगे लाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि उदारता और सहयोग से स्वस्थ समाज का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने छात्रों से न केवल अपने सुख और हित के बारे में बल्कि समाज तथा देश के कल्याण के बारे में भी सोचने का आग्रह किया।